

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -102 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा ओडिशा : कांग्रेस 02
- दिल्ली की सड़कों का होगा कायाकल्प
- आयुष्मान योजना बुजुर्गों के लिए हो रही ...
03
- अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस...
- शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरुरी : भारत
07
बर्थडे स्पेशल : प्रतिभा, हिम्मत और अभिनय का जुनून, कुछ ... 10

**सार संक्षेप**

### सरकार ने 20 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी दलों के लोकसभा और राज्यसभा के नेता (फ्लोर लीडर्स) शामिल होंगे। इस बैठक में मानसून सत्र में आने वाले विधेयकों और मुद्दे को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच आम राय बनाने की कोशिश होगी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है. ऐसे में सरकार सर्वदलीय बैठक के जरिए विपक्षी सांसदों को साधने का प्रयास करेगी।

### आतंकवादियों के मददगारों की संपत्तियां कुर्क की



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बुधवार को आतंकवादियों के तीन सहयोगियो की सपंत्तियां कुर्क कीं। कुर्क की गई संपत्तियों में हरवानी खानसाहिब में मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस का दो मंजिला आवासीय मकान, चेवा बडगाम में मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी के स्वामित्व वाली पांच कनाल से अधिक जमीन के साथ एक इमारत और बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर के नाम पर खग में पंजीकृत लगभग 20 मरला जमीन शामिल है।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित



**नई दिल्ली।** सरकार ने बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों पर पुरस्कृत करने की योजना के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन मांगे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 2025 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों के वास्ते नामांकन किए जा रहे हैं और इसके लिए 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

### बोकारो में दो नक्सली ढेर, एक जवान शहीद



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोरडेरा के घने जंगलों में बुधवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। इस मुठभेड़ में एक जवान भी शहीद हो गया है।

### लोकमान्य तिलक के परपोते दीपक तिलक का निधन



**मुंबई।** लोकमान्य तिलक के परपोते दीपक तिलक का बुधवार को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। दीपक तिलक ने अपने पुणे स्थित आवास पर आखिरी सांस ली।

---

राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

# हिमंता खुद को राजा समझते हैं, जेल जाएंगे

## कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी, शाह भी सरमा को बचा नहीं पाएंगे

**गुवाहाटी,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को असम के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा, आज जो असम में हो रहा है वही पूरे देश में हो रहा है। यहां के मुख्यमंत्री खुद को राजा समझते हैं, लेकिन जब आप उनकी आवाज सुनेंगे, उनकी आंखों में देखेंगे, तो आपको उसके पीछे डर दिखेगा। वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, चिल्लाते हैं, लेकिन उनके दिल में डर है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो जानते हैं कि एक दिन कांग्रेस के बब्बर शेर उन्हें जेल में डाल देंगे। उन्हें अपने सारे भ्रष्टाचार का हिसाब असम की जनता को देना होगा।

- **उन्हें सारे भ्रष्टाचार का हिसाब जनता को देना होगा**
- **ये व्यक्ति 24 घंटे असम की जमीन चोरी करता है**

> **वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, चिल्लाते हैं, लेकिन उनके दिल में डर है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो जानते हैं कि एक दिन कांग्रेस के बब्बर शेर उन्हें जेल में डाल देंगे: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

**ये काम असम की जनता करेगी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं जो बोलता हूं, वो होता है। मैंने कोविड,



नोटबंदी, गलत जीएसटी के समय जो बोला, उसका नतीजा सबको दिखा। मैं आज बोल रहा हूं कि कुछ ही समय में मीडिया वाले आपके मुख्यमंत्री को जेल जाता हुआ दिखाएंगे और उन्हें नरेंद्र मोदी, अमित शाह भी नहीं बचा पाएंगे। ये काम कांग्रेस पार्टी नहीं करेगी। ये काम असम के युवा, किसान, मजदूर और हर वर्ग के लोग करके दिखाएंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि ये व्यक्ति भ्रष्ट है। ये व्यक्ति 24 घंटा असम की जमीन चोरी करता है। ये बात असम का बच्चा-बच्चा जानता है।

**लाखों लोगों के वोट काटे जा रहे**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर कहा, महाराष्ट्र का चुनाव बीजेपी और चुनाव आयोग ने चोरी किया। वही काम अब बिहार में भी करने की कोशिश की जा रही है। वोटर लिस्ट से लाखों लोगों को हटाया जा रहा है।

हिमंता ने भी राहुल पर कसा तंज

### राहुल भूल जाते हैं, वह खुद जमानत पर हैं



राहुल गांधी के इस बयान पर असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी असम आते हैं और मुझे जेल भेजने की बात करते हैं लेकिन वह भूल जाते हैं कि वह खुद जमानत पर बाहर हैं। एक्स पर पोस्ट कर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, लिख कर ले लीजिए, हिमंता बिस्वा सरमा को जेल जरूर भेजेगा- यही यह वही वाक्य है जो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति के साथ अपनी बंद बैठक में कहा, लेकिन हमारे नेता जी यह कितनी आसानी से भूल गए कि वे स्वयं देशभर में दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं, राहुल जी।

खरगे, राहुल ने लिखा मोदी को पत्र

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू -कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है। श्री खरगे और श्री गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू -कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे।

---

# नाटो की भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी

रूस को कहे जंग रोके, नहीं तो नतीजा भुगतना पड़ेगा

**ब्रसेल्स,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर



- **चीन, ब्राजील को भी धमकाया**
- **तीनों देश रूस पर दबाव डालें**

100 फीसदी सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।

### रूस ने नाटो की धमकियों को खारिज किया

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा।

---

# 100 जिलों में कृषि क्षेत्र का होगा विकास

**मोदी सरकार ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को दी मंजूरी**

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। जिस पर सालाना 24000 करोड़ रुपए खर्ज किए जाएंगे। यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक लागू की जाएगी और देश के 100 जिलों को कवर करेगी। 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि' योजना, नीति आयोग के 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' की पहल से प्रेरित है। यह कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित अपनी तरह की पहली योजना होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई



- **कृषि उत्पादकता में वृद्धि है लक्ष्य**
- **अगले छह साल तक रहेगी लागू**

के बाद भंडारण की सुविधा बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक कृषि ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस योजना का क्रियान्वयन 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्य सरकारों की योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी के जरिए किया जाएगा। योजना के लिए कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण जैसे तीन प्रमुख बिंदुओं के आधार पर 100 जिलों की पहचान की जाएगी।

### प्रस्ताव पारित कर शुभांशु शुक्ला को बधाई दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफलतापूर्वक वापसी का स्वागत करते हुए प्रस्ताव पारित किया है। शुभांशु शुक्ला मंगलवार को अंतरिक्ष से वापस धरती पर लौटे। मंत्रिमंडल ने इस अवसर को 'देश के लिए गौरव, उल्लास और प्रेरणा का क्षण' बताया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के साथ वैज्ञानिकों की पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी।

---

# प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ गलत दिशा में जा रही जांच : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच प्रक्रिया पर बुधवार को गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है।

**बार-बार बुलाने पर रोक लगाई**

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने प्रोफेसर महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए और आगे बुलाने पर रोक लगाते हुए एसआईटी से कहा कि आपको

- **एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए**
- **ऑपरेशन सिंदूर पर सोशल मीडिया पोस्ट का मामला**



### उदयपुर फाइल्स' के प्रदर्शन पर लगी रोक हटाने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उदयपुर में दर्जी कन्हैया लाल तेली की हत्या पर बनी हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर लगी अदालती रोक हटाने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के अंतरिम रोक संबंधी आदेश में फिलहाल हस्तक्षेप से इनकार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार निर्देशानुसार (दिल्ली उच्च न्यायालय के) फिल्म की जांच कर सकती है और तब तक ये मामला संबंधित याचिकाओं पर कोई सुनवाई के लिए लंबित रहेगा।

उनकी नहीं, बल्कि एक शब्दकोश की जरूरत है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने के लिए फिर से बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**जांच का दायरा दो मुकदमों तक**

पीठ ने शीर्ष अदालत के आदेश पर गठित एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अध्यक्षता वाली एसआईटी को प्रोफेसर के खिलाफ उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में दर्ज दो मुकदमों तक ही अपनी जांच सीमित रहने का निर्देश दिया। पीठ ने एसआईटी से कहा कि वह जांच करे कि क्या कोई अपराध हुआ है और चार सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। पीठ ने कहा, हम पूछ रहे हैं कि एसआईटी पहली नज़र में ही गलत दिशा में क्यों जा रही है? उन्हें पोस्ट की विषय-वस्तु की जांच करनी चाहिए थी।

---

# विदेशी हथियारों से जंग नहीं लड़ी जा सकती है : जनरल चौहान

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा है कि विदेशी हथियारों पर निर्भर रहकर दुश्मन के साथ नहीं लड़ा जा सकता क्योंकि विदेशी हथियारों की क्षमताएं और कमियां दूसरों को भी पता होती हैं और वे इसका फायदा उठा सकते हैं। जनरल चौहान ने बुधवार को यहां मानव रहित यान और मानव रहित यान रोधी प्रणालियों पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को अपनी भौगोलिक परिस्थितियों और रक्षा जरूरतों के अनुरूप अत्याधुनिक हथियारों तथा रक्षा प्रणालियों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर सेनाओं को किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम बनाने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि विदेशी हथियारों और सेंसरों की क्षमतां अक्सर सबको पता होती हैं और दुश्मन इसका फायदा उठा सकता है। उन्होंने कहा, हमारे विरोधी आयातित हथियारों के मापदंडों का अनुमान लगा सकते हैं और उनका मुकाबला करने के लिए रणनीतियां बना सकते हैं। जब हम देश में निर्माण और नवाचार करते हैं, तो हम अपनी गोपनीयता की रक्षा करते हैं।



**सीडीएस ने रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया बल**

### ऑपरेशन सिंदूर से मिला यह सबक

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से सबसे बड़ा सबक यह मिला है कि स्वेदशी हथियार और प्रणाली कितनी जरूरी हैं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया है कि हमारी भौगोलिक स्थिति और संचालन जरूरतों के लिए डिज़ाइन की गयी स्वदेशी मानव रहित यान रोधी प्रणाली क्यों महत्वपूर्ण हैं। हम अपने आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के लिए आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकते।

---

भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती स्थिति पर दी सलाह

# ईरान की गैर जरूरी यात्रा से बचें भारतीय नागरिक

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है।

दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पिछले कई हफ़्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक



- **ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नजर रखें**

विचार करें। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें। ईरान में रहने वाले और स्वदेश वापस लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने कहा है कि उनके पास यह विकल्प है। दूतावास ने कहा, जो भारतीय नागरिक पहले से ही ईरान में हैं और वहां से जाने के इच्छुक हैं,वे अभी उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ान और नौका सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

---

# बिहार में तेज बारिश से बाढ़ के हालात

**नइ दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में तेज बारिश से बाढ़ के हालात हैं। मुंगेर और गयाजी में पुल बह गया है। औरंगाबाद में अटल बिगहा गांव में 500 घर डूब गए हैं। राजस्थान में दो दिन से भारी बारिश जारी है। इससे जुड़ी घटनाओं में 18 लोगों की मौत हुई है। जयपुर, चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जिले के कई निचले इलाकों में 4-5 फीट तक पानी भर गया है। बूंदी में मेज नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

**राजस्थान में भारी बारिश, 2 दिन में 18 की मौत**

मध्य प्रदेश में तेज बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। ग्वालियर, भोपाल, इंदौर समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई।

उत्तर प्रदेश में तेज बारिश जारी है। हाथरस में आधे घंटे में 6 इंच पानी बरसा। राज्य की ज्यादातर नदियां उफान पर हैं। प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ की स्थिति है। वाराणसी में भी गंगा उफान पर है।

---

**शिक्षा** *कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई मुगल काल की नई समीक्षा*

# एनसीईआरटी की किताब में अकबर को बताया क्रूर शासक

**नई दिल्ली, 16 जुलाई (एजेंसियां)। मुगल काल में अकबर का शासन 'क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया। मुगल काल की ये नई समीक्षा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई है। एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी।**

किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को 'तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार' लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया।

बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था।




- **औरंगजेब को 'कट्टर धार्मिक' बताया गया**
- **सामाजिक विज्ञान की किताब में की व्याख्या**

किताब में बताया गया है कि कैसे शेर शाह सूरी के हिंदू सेनापति हेमू को अकबर की सेना ने पकड़ा और पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद सिर कलम कर दिया। अकबर के उत्तराधिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया।

### अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या

अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। लिखा गया है कि 1568 में चित्तौड़ के किले की घेराबंदी के दौरान अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या और बचे हुए महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाने का आदेश दिया था।

# देश

**उवाच**



"राहुल गांधी बिल्कुल सही कह रहे हैं। बिहार में जिस तरह से लगातार दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं, प्रमुख व्यक्तियों, उद्योगपतियों की हत्याएं, रेत माफिया से जुड़े अपराध और अन्य इलाकों में हत्याएं हो रही है, यह साफ तौर पर दर्शाता है कि बिहार में पूरी तरह से अराजकता है।"

–तारिक अनवर, कांग्रेस सांसद

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 26.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 28.0 |

# एनडीए का साथ छोड़ेंगे लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले दल : प्रमोद तिवारी

## बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एनडीए पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी दल जिसे लोकतंत्र पर आस्था है वह पाप का भागी नहीं बनेगा और धीरे-धीरे सरकार का साथ छोड़कर निकल जाएगा। कांग्रेस सांसद का यह बयान उस वक्त आया है जब बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में टीडीपी की ओर से चुनाव आयोग को पत्र लिखा गया। टीडीपी के इस पत्र पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह लोकतंत्र पर खतरा है, जिस तरीके से संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग का दुरुपयोग करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तानाशाही कर रही है, वह ठीक नहीं है।

भाजपा उन वोटों को कटवा रही है जो उसके खिलाफ है। यह लोकतंत्र की हत्या है और अब सरकार के सहयोगी दल भी इस पर बात कर रहे हैं। अभी तो एक सहयोगी ने बात उठाई है। मुझे लगता है कि जिसे भी लोकतंत्र पर आस्था होगी सभी इस सरकार का साथ छोड़ेंगे और कोई भी पाप का भागीदारी नहीं बनेगा। बालासोर मामले में राहुल



जिस तरीके से संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग का दुरुपयोग करके भारतीय जनता पार्टी तानाशाही कर रही है, वह ठीक नहीं : प्रमोद तिवारी

गांधी के पोस्ट पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि मैं राहुल गांधी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने इस मुद्दे को उठाया है। उस बेटी ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि प्रदेश की सरकार की ओर से यह हत्या है। कांग्रेस सांसद ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बहुत ही दर्दनाक दृश्य है कि एक बेटी के साथ बलात्कार होता है। न्याय की गुहार के लिए वह प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार से विनती करती है। लेकिन, जब उसे इंसाफ नहीं मिलता है तो वह आत्महत्या कर लेती है। बेटी की हत्या का पाप भाजपा को लगेगा और इस पार्टी को भगवान कभी माफ नहीं करेगा। न्याय के लिए एक बेटी ने घुट-घुटकर आत्महत्या कर ली।

### ट्रंप के बयान पर खामोश क्यों हैं मोदी

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के सोशल मीडिया पोस्ट पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23वीं बार कह चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया। भाजपा को शर्म आनी चाहिए। क्या भारत इतना कमजोर हो गया है कि जब हमारी वीर सेना पाकिस्तान को घुटने पर ला रही थी तो सीजफायर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर कर लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के बयान पर खामोश क्यों हैं।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार से सवाल करेगी कांग्रेस

मानसून सत्र पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार से सवाल करेगी कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकियों को अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया या उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में युद्धविराम (सीजफायर) की घोषणा पर सरकार और विदेश मंत्रालय से जवाब मांगा जाएगा। कांग्रेस ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर सवाल उठाए हैं। पार्टी का आरोप है कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और यह हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद बिहार में भी वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ का हिस्सा है। कांग्रेस सत्र में गरीबी, बढ़ती बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, और विशेष रूप से दलितों और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न जैसे मुद्दों को उठाएगी। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि सत्र शुरू होने से पहले इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों के साथ बैठक होगी, जिसमें इन मुद्दों पर साझा रणनीति तैयार की जाएगी।

# केरल में निपाह के 675 मामले सामने आए

**तिरुवनंतपुरम,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। केरल में 675 लोग निपाह वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए हैं। इनमें से 38 उच्चतम जोखिम की श्रेणी में और 139 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 675 लोग निपाह संक्रमण की सूची में हैं। जॉर्ज ने बताया कि पलक्कड़ में 347, मलप्पुरम में 210, कोझिकोड में 115, एर्नाकुलम में दो और त्रिशूर में एक म मला सामने आए हैं।

मलप्पुरम में एक व्यक्ति वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है और अब तक मलप्पुरम से लिए गए 82 नमूनों का परीक्षण किया है जिनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। उन्होंने बताया कि पलक्कड़ में 12 लोग आइसोलेशन में हैं जबकि पांच लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। राज्यभर में 38 लोग उच्चतम जोखिम की श्रेणी में हैं और 139 लोग उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं और उनकी निगरानी की जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के नेतृत्व में स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, एनएचएम राज्य मिशन निदेशक, स्वास्थ्य सेवा निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशक, अतिरिक्त निदेशक, जिला कलेक्टर, जिला चिकित्सा अधिकारी, पुलिस अधिकारी और अन्य विभागीय प्रतिनिधि शामिल हुए।

# बिहार के पटना में आईआरएस अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार

**पटना,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार की राजधानी पटना में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आयकर विभाग के दो अधिकारियों और एक कर्मचारी को दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी पटना हाईकोर्ट के पीछे वाली गली से की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में 2021 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी और सहायक आयुक्त आदित्य सौरभ, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर मनीष कुमार मंडल और मल्टी टास्किंग स्टाफ शुभम राज शामिल हैं। आरोप है कि इन तीनों ने हैदराबाद की एक मल्टीनेशनल कंपनी से 3 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

सीबीआई ने उन्हें उस समय दबोचा, जब वे रिश्वत की 2 लाख की राशि ले रहे थे। सीबीआई को पहले से ही पटना में आयकर अधिकारियों द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शुरुआती जांच और सत्यापन के बाद, एजेंसी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की और आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने



- सीबीआई ने दो लाख रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा
- आयकर विभाग में मचा हड़कंप

की संभावना है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ की गई बड़ी कार्रवाई से आयकर विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई को आयकर अधिकारियों द्वारा कंपनियों से अवैध वसूली करने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायत की पुष्टि होते ही एजेंसी ने पूरी योजना के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार अधिकारियों से पूछताछ जारी है। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा। इस कार्रवाई से पटना के आयकर कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल है। सीबीआई की पूछताछ में और भी कई बड़े नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है। यह गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## सार संक्षेप

### शिक्षक बहाली के सम्बन्ध में नीतीश की घोषणा चुनावी जुमला : राजद

**पटना।** श्री चितरंजन ने कहा कि बिहार में अभी शिक्षकों के तीन लाख से ज्यादा पद खाली है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बहाली के लिए यदि मुख्यमंत्री की मंशा साफ है तो उन्हें डोमिसाइल के साथ बहाली के लिए तत्काल नोटिफिकेशन जारी कर महागठबंधन सरकार के समय वाली रफ्तार से बहाली की प्रक्रिया शुरु करनी पड़ेगी,जो इस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार में वह किसी भी हाल में संभव नहीं है।

### शशिकांत शिंदे को राकांपा प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर


**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शरद पवार गुट के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने सात साल तक पार्टी की कमान संभालने के बाद आज नवनियुक्त अध्यक्ष शशिकांत शिंदे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष पद की बागडोर सौंप दी। पाटिल ने कहा कि नए चेहरों को मौका देने का समय आ गया है और उन्होंने पार्टी सुप्रीमो शरद पवार से अनुरोध किया था कि उन्हें इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दें। अमल करते हुए पार्टी नेतृत्व ने शिंदे को प्रदेश का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।

### म्यांमार प्रशिक्षित उग्रवादी मणिपुर में गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। उसने म्यांमार के एक आतंकवादी शिविर में सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया था। गिरफ्तार संदिग्ध विष्णुपुर जिले के लैंगोबी मानिंग लेइकाई का निवासी है और उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उसने म्यांमार स्थित एक आतंकवादी शिविर में 30 दिनों का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण लिया था।

### बिना ओपन सर्जरी किए चार जटिल हृदय से संबंधित प्रक्रियाएं हुई सफल

**नई दिल्ली।** फरीदाबाद के अमृता हॉस्पिटल में 4 मरीजों का ट्रांस कैथेटर पल्मोनरी वॉल्व रिप्लेसमेंट नाम की



एक विशेष हार्ट उपचार बिना ओपन हार्ट सर्जरी प्रक्रिया से सफल इलाज किया गया। भारत में जन्मजात हार्ट की बीमारियों के उपचार के लिए डॉक्टरों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। टीपीवीआर एक आसान और कम दर्द वाली प्रक्रिया होती है। इसमें खराब हार्ट वॉल्व को ठीक करने के लिए एक पतली और लचीली ट्यूब का उपयोग किया जाता है। यह ट्यूब नस के रास्ते अंदर डाली जाती है, जिससे छाती में चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इन मरीजों की बचपन में हार्ट की सर्जरी हुई थी, क्योंकि उन्हें टेट्रालॉजी ऑफ फ्लोट नाम की जन्मजात हार्ट की बीमारी थी।

# मप्र में आयोगों की निष्क्रियता सामाजिक न्याय पर प्रहार : सिंघार

**भोपाल,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विभिन्न आयोगों की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि आयोगों की निष्क्रियता सामाजिक न्याय पर गहरा प्रहार है। राज्य के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बयान जारी कर राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि समाज के कमजोर



वर्गों के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्पीड़न को रोकने के लिए प्रदेश में कई आयोग बनाए गए, जो भाजपा के कार्यकाल में 2016-17 से निष्क्रिय हो चुके हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा है कि राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, राज्य अनुसूचित जाति आयोग, राज्य महिला आयोग, राज्य अल्पसंख्यक आयोग, बाल अधिकार संरक्षण आयोग, मानव अधिकार आयोग, सूचना आयोग आदि ऐसे आयोग हैं जो निष्क्रिय हैं। इन आयोगों में नियुक्तियां ही नहीं हो रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह आयोग एक कोर्ट की तरह काम करते हैं, जिनके पास सिविल कोर्ट की शक्तियां होती हैं। यह शिकायतों को सुनते हैं और बिना खर्च एवं बिना किसी कोर्ट या पुलिस को शामिल किए उसका निपटारा करते हैं। इस आयोग में एक अध्यक्ष होता है और उसके पांच सदस्य। इसके साथ यह आयोग विभिन्न विभागों की शिकायत की जांच कर सकते हैं, शिकायतकर्ता को संबल देते हैं, और उसके निष्पादन के लिए सरकार को आदेशित करते हैं। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार ने इन आयोगों का भट्ठा बैठा दिया है, जो सामाजिक न्याय पर एक गहरा प्रहार है।

# महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा ओडिशा : कांग्रेस

## बालासोर मामले में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का मांगा इस्तीफा

**भुवनेश्वर,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने बालासोर की घटना पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का इस्तीफा मांगा है। इसके साथ राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महिला विंग की अध्यक्ष अलका लांबा बुधवार को भुवनेश्वर पहुंचीं, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। अलका लांबा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के तहत ओडिशा महिलाओं के लिए असुरक्षित होता जा रहा है। उन्होंने छात्रा की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

साथ ही घटना को प्रशासनिक असफलता व जवाबदेही की कमी का नतीजा बताया। अलका लांबा ने कहा कि राज्य मशीनरी पूरी तरह असफल हो गई है। एक लड़की को न्याय मांगने के लिए खुद को आग लगानी पड़ी। मीडिया से बातचीत में अलका लांबा ने कहा, आज हकीकत यह कहती है कि पूरा ओडिशा बर्बादी की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री



राज्य मशीनरी पूरी तरह असफल हो गई है एक लड़की को न्याय मांगने के लिए खुद को आग लगानी पड़ी : अलका लांबा

(मोहन चरण माझी) अनुभवहीन हैं। यह एक साल में फेल साबित हुए हैं। इन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब कानून-व्यवस्था चरमरा जाए, अपराधी खुलेआम घूमें और पीड़ित न्याय के इंतजार में दम तोड़ दें, तब मुख्यमंत्री का इस्तीफा देना जरूरी होता है। हम उनका तुरंत इस्तीफा मांगते हैं और ओडिशा में राष्ट्रपति शासन लागू करने का आग्रह करते हैं। अलका लांबा ने कथित तौर पर छात्रा के इलाज में देरी और प्रशासन की ओर से तुरंत कार्रवाई न करने की भी निंदा की। उन्होंने कहा, उसे (छात्रा) समय पर इलाज से बचाया जा सकता था। जब एक बच्ची जल रही थी, तब व्यवस्था मूकदर्शक बनी रही। कांग्रेस की महिला नेता ने जानकारी दी कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बालासोर का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए छात्रा के पिता से बात की। पिता भावुक थे, राहुल गांधी ने उन्हें विश्वास दिलाया कि तब तक न्याय नहीं मिल जाता है कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। राहुल गांधी दोबारा लौटेंगे और प्रियंका गांधी भी आएंगी।

### यूजीसी ने की चार सदस्यीय जांच समिति गठित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर स्थित फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज की एक छात्रा के आत्मदाह करने की दुखद घटना ने सभी को झकझोर दिया है। आरोप है कि शिक्षक के उत्पीड़न के बाद छात्रा ने ऐसा कदम उठाया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय तथ्य-खोज समिति गठित की है। यूजीसी ने मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। समिति का नेतृत्व गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और यूजीसी सदस्य प्रोफेसर राज कुमार मित्तल करेंगे। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व यूजीसी सदस्य प्रोफेसर सुषमा यादव, गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता और यूजीसी की संयुक्त सचिव डॉ. सुषमा मंगल शामिल हैं, जो समन्वय अधिकारी की भूमिका निभाएंगी।





# व्यर्थ नहीं जाएगी जवान परनेश्वर कोच की शहादत : संतोष गंगवार

## राज्यपाल ने नक्सली हमले में शहीद जवान को दी अंतिम विदाई

**रांची,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड के बोकारो जिले में गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोरडेरा जंगल में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सीआरपीएफ 209 कोबरा बटालियन के जवान परनेश्वर कोच को रांची स्थित सीआरपीएफ 133 बटालियन मुख्यालय में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया। राज्यपाल ने इस मौके पर कहा कि जवान परनेश्वर कोच की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने नक्सल विरोधी अभियान में जिस तरह की जांबाजी दिखाई, वह हमेशा याद रखी जाएगी। उनके परिजनों के



प्रति हमारी गहरी संवेदना है। ऐसे जवानों की वीरता से ही राज्य में नक्सल गतिविधियों में कमी आई है। दरअसल, सोमवार को बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोरडेरा जंगल इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया था।

इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला।

### आने वाले वर्षों में नक्सलवाद का होगा खात्मा

राज्यपाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, आईजी ऑपरेशन डॉ. माइकल राज एस सहित राज्य के वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी शहीद जवान को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ राज्य में सख्त अभियान जारी रहेगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अमरनाथ तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6064 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था बुधवार को बम बम भोले के जयकारों के बीच भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 234 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह 6064 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था



कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने बताया कि हल्के और भारी वाहनों सहित 234 वाहनों के बेड़े में 3593 तीर्थयात्री पहलगाम और 2471 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस वर्ष 03 जुलाई से शुरू हुई 38 दिवसीय यह वार्षिक यात्रा 9 अगस्त तक चलेगी। अब तक लगभग दो लाख श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

# पीपुल फोरम ऑफ इंडिया ने नई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नियुक्तियों की घोषणा की

**नई दिल्ली** 16 जुलाई (एजेंसियां)। राष्ट्रीय भारत सेवक समाज (1952 में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक सेवा संस्था) के अंतर्गत कार्यरत नागरिक इकाई पीपुल फोरम ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अपनी राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व टीम में प्रमुख नई नियुक्तियों की औपचारिक घोषणा की है। यह घोषणा फोरम की पूर्व राष्ट्रीय और राज्य समितियों को भंग करने के कुछ ही दिनों बाद आई है। यह पुनर्गठन पूरे देश में संगठनात्मक कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने और जमीनी स्तर पर भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में उठाया गया कदम है। पुनर्गठन के तहत निम्नलिखित पदाधिकारियों की तत्काल प्रभाव से नियुक्ति की गई है : डॉ. सेल्वगणेश-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय सलाहकार समिति प्रभारी, डॉ. मैलारास्वामी – राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दक्षिण भारत प्रभारी, बी.पी. सुरेश – राष्ट्रीय



कोषाध्यक्ष, जसबीर सिंह – अंतरराष्ट्रीय राजदूत, बी.के. परंथमन – तमिलनाडु राज्य अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, किरण – कर्नाटक राज्य अध्यक्ष, पी.जे. अतुल – केरल राज्य युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, हिमांशु पाल – बिहार राज्य श्रम प्रकोष्ठ सचिव।


अन्य राज्यों और विभागों में नियुक्तियों की समीक्षा जारी है और आगामी सप्ताहों में उनकी घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. मणिमोझियान ने कहा हम चाहते हैं कि यह मंच देश के कोने-कोने में सक्रिय हो, और इन नई नियुक्तियों के जरिए हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारा मकसद पारदर्शी और समावेशी नेतृत्व तैयार करना है, जो लोगों से जुड़ा हो और जमीनी बदलाव लाए।

**निर्णय** | बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर नीतीश सरकार की बड़ा फैसला

# विधानसभा चुनाव से पहले आयोजित होगी टीआरई-4 की परीक्षा

**पटना,16 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को बड़ी राहत देते हुए सरकारी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को तेज करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा विभाग तुरंत सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना करे और टीआरई-4 परीक्षा जल्द आयोजित की जाए। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग की बैठक में**

फैसला लिया गया है कि टीआरई-4 परीक्षा चुनाव से पहले करवा ली जाएगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने एक अहम बैठक बुलाई है और पूरी तैयारी के साथ भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि बिहार में डोमिसाइल नीति को पूरी तरह लागू करने के लिए कानूनी राय ली जा रही है ताकि नियोजन में केवल राज्य के निवासियों को ही लाभ मिले। मंत्री ने जानकारी दी कि अब तक नीतीश सरकार के कार्यकाल में करीब 12 लाख लोगों को नौकरी या रोजगार दिया जा चुका है और यह प्रक्रिया लगातार जारी है।



- नीतीश सरकार में 12 लाख लोगों को मिला रोजगार

उन्होंने खास तौर पर यह भी कहा कि महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ केवल बिहार निवासी महिलाओं को मिलेगा। इसके लिए सभी आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं और व्यवस्था पूरी तरह से लागू कर दी जाएगी। यह फैसला न सिर्फ युवाओं के लिए उम्मीद जगाने वाला है, बल्कि चुनावी मौसम में विपक्ष के लिए एक बड़ा सियासी संदेश भी है। नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए, आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस बड़े एलान के लिए सभी अभ्यर्थियों की ओर से हमलोग उन्हें धन्यवाद देते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने छात्रों की मांग को स्वीकार किया। लेकिन, आधा अधूरा न्याय है। हम लोगों ने टीआरई 4 में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की है। नीतीश ने टीआरई 4 और महिला आरक्षण की बात कही लेकिन इसमें डोमिसाइल को लेकर कुछ नहीं कहा। हम लोगों की मांग है कि टीआरई 4 समेत सभी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू की जाए। छात्र नेता ने कहा कि इस बार बीपीएससी टीआरई 4 में एक अभ्यर्थी एक रिजल्ट फॉर्मूला लागू करे। यह मांग हम लोग कई महीनों से कर रहे हैं। इसमें गलत ही क्या है। बीपीएससी हमारी मांग पर ध्यान दे। हालांकि, अब तक बीपीएससी यह कहती आ रही है कि हमलोग एक अभ्यर्थियों को दो सीटों पर रिजल्ट देंगे। उच्च माध्यमिक और माध्यमिक में दोनों में। रिजल्ट देने के बाद अभ्यर्थी यह निर्णय लेंगे कि वह किस में जाना चाहते हैं।

वहीं बिहार राष्ट्रीय जनता दल प्रवक्ता चितरंजन गगन ने नीतीश के शिक्षक बहाली के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई) 4 लेने की घोषणा को चुनावी जुमला बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार शिक्षा विभाग से अभी रिक्तियां ही मांग रहे हैं, जबकि सरकार के पास रिक्तियों का आंकड़ा पहले से उपलब्ध है।

उल्टा पुल्टा

मास्टर जी : संगठन में ही शक्ति है का एक अच्छा सा उदाहरण दो...!
छात्र : जेब में एक बीड़ी हो तो टूट जाती है और पूरा बंडल हो तो नहीं टूटता...!
बेचारे मास्टर जी अब तक बेहोश हैं...!

# दिल्ली की सड़कों का होगा कायाकल्प

## एमसीडी स्थायी समिति की बैठक में नागरिकों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार को हुई स्थायी समिति की बैठक में नागरिकों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने बताया कि बुधवार को बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित एक सड़क-एक दिन योजना पर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया। योजना के तहत नगर निगम के प्रत्येक जोन में प्रतिदिन एक प्रमुख सड़क का समग्र कायाकल्प किया जाएगा, जिसमें सड़क मरम्मत, फुटपाथों की सफाई और सुधार, साइनेज की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की बहाली, अवैध अतिक्रमण हटाना, पेड़ों की छंटाई और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल होंगे।

सत्या शर्मा ने कहा कि 1 सितंबर 2025 से योजना का क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा, ताकि 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन की वर्षगांठ से पहले दिल्ली की सड़कों पर परिवर्तन दिखने लगे। इससे न केवल दिल्ली की छवि सुधरेगी बल्कि नागरिकों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में आरंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन की भावना को और मजबूत करेगी तथा दिल्ली की सड़कों को फिर से सुंदर और व्यवस्थित बनाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों और धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की परिधि में कोई भी मीट की दुकान संचालित न हो। अवैध रूप से चल रही तथा बिना लाइसेंस वाली दुकानों को तुरंत प्रभाव से सील करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त आवारा कुत्तों की समस्या के बारे में चर्चा की गई और इस संबंध में नई नीति बनाने के निर्देश दिए गए। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति ने आज भारत दर्शन पार्क पंजाबी बाग में स्वचालित बहुस्तरीय पजल पार्किंग निर्माण के प्रस्ताव को पास किया गया। भारत दर्शन पार्क जैसे भीड़भाड़ वाले पर्यटन स्थल पर अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह पार्किंग सुविधा यातायात को सुचारू बनाएगी और आगंतुकों को राहत देगी।




**स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित एक सड़क-एक दिन योजना पर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव किया गया पारित : सत्या शर्मा**

## जलजनित रोगों की रोकथाम को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। दिल्ली सचिवालय में मौजूद इस बैठक में मुख्यमंत्री ने आला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मच्छरों की उत्पत्ति पर चालान काटने से पहले दो बार चेतावनी दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग को तय समय से पहले शुरू कर दी जाए, ताकि कीट जनित रोगों का फैलाव पहले से ही रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन रोगों को लेकर आगामी दो माह बेहद महत्वपूर्ण हैं, इसलिए पहले से ही तैयारी जरूरी है। इसके लिए जागरुकता, निगरानी व कार्रवाई जरूरी है। इस बैठक में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड व दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीट जनित बीमारियों का प्रकोप अभी दिल्ली में फैला नहीं है, इसके बावजूद हमें सतर्क और एक्शन में आ जाना चाहिए।

## आयुष्मान योजना बुजुर्गों के लिए हो रही वरदान साबित : जय प्रकाश

### शिविर में दो सौ से ज्यादा लोगों के बनवाए गए कार्ड

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत के बाद रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में आयुष्मान योजना को लागू कर दिल्ली के वरिष्ठ लोगों को बहुत बड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं का अवसर प्रदान किया यह कहना है दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर जय प्रकाश का। उन्होंने आगे कहा कि सरकारें देश और समाज को बनाने और उनका सर्वांगीण विकास करने के लिए होती हैं। दिल्ली में 11 वर्षों तक एक निकम्मी सरकार थी जिसने दिल्ली के विकास कि बात तो दूर केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से भी लोगों को वंचित रखा। दिल्ली के सभी विधान सभाओं ने जगह-जगह कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। बुधवार को इसी क्रम में सदर बाजार विधानसभा के सदर बाजार वार्ड में मंडल अध्यक्ष विपुन चंदेलिया और कार्यक्रम के संयोजक शरद सांगवान के साथ लगभग 200 लोगों से ज्यादा लोगों के कार्ड बनवाए। कार्ड लेने के बाद बुजुर्गों के चेहरे की खुशी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। शिविर में आए बुजुर्गों ने मोदी को जी भरकर आशीर्वाद दिया और बार बार मोदी सरकार ही आएं ऐसी दुआएं दीं और ऐसे कैम्प लगाने वालों का धन्यवाद किया।




## सार संक्षेप

### यमुना की सफाई पर जनता को गुमराह कर रही दिल्ली सरकार : डॉ.कुमार

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने यमुना नदी की सफाई को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार यमुना मां के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है। डॉ. कुमार ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सिर्फ नाव लेकर घूम रहे हैं और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता क्रूज चलाने की बात कर रही हैं, लेकिन वजीराबाद से कालिंदी कुंज तक यमुना की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। झाग और गंदगी पहले से ज्यादा हो गई है और सरकार ने अब तक एक भी नया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) नहीं लगाया है।

### दिल्ली में पांच बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की ऑपरेशंस सेल ने पालम में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) नई दिल्ली के माध्यम से निर्वासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पकड़े गए प्रवासियों की पहचान आकाश (26 वर्ष), चमिली खातून (26 वर्ष), मो. नाहिम (27 वर्ष), हलीमा बेगम (40 वर्ष) और मो. उस्मान (13 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे ढाका और कुरीग्राम के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये लोग 2017 में अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए थे और हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कोसली में ईंट भट्ठों पर काम कर रहे थे। हाल ही में काम छूटने के बाद यह लोग रोजगार की तलाश में दिल्ली आए थे। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस को 13 जुलाई को गुप्त सूचना मिली कि पालम गांव क्षेत्र में कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं।

## राजधानी में बना अराजकता का माहौल : कांग्रेस

### दिल्ली में बढ़ते अपराधों को लेकर रेखा सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में हर दिन बढ़ते अपराधों से बेपरवाह भाजपा की चार इंजन वाली दिल्ली सरकार की निष्क्रियता और असफलता के कारण दिल्ली में अराजकता का माहौल बन गया है और दिल्ली वाले अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए भय के साए में जीने को मजबूर है। यह अत्यंत आश्चर्य चकित करने वाला है कि राजधानी में हत्या, बलात्कार, लूटपाट, रंगदारी, किडनेपिंग, फिरौती, चोरी, झपटमारी, नशे के कारोबार और साईबर क्राईम जैसे अपराधों के प्रतिदिन अप्रत्याशित मामले सामने आने के बावजूद दिल्ली पुलिस अपराधिक आंकड़ों में सुधार की बात कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान अपराधों में नम्बर वन राजधानी दिल्ली के हालात पिछले 5 महीनों से सुधरने की बजाय और खराब होते जा रहे है। दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री दिल्ली में हो अपराधों को नियंत्रण करने की बजाय अपनी आंतरिक कमियों से जूझ रहे है और सरकार का पुलिस और कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। देवेन्द्र यादव ने कहा पिछले 3 दिनां में 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के ईमेल मिलना पुलिस प्रशासन की नाकामी नही तो क्या है। पिछले 11 वर्षों से दिल्ली में अपराधिक घटनाओं में दुगनी बढ़ोत्तरी की है। भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता के कारण दिल्ली आपराधिक राजधनी बन चुकी है।



**बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए भाजपा की चार इंजन की सरकार जिम्मेदार : देवेन्द्र यादव**

### पिछले छह माह में हत्या के मामलों में 3.73 प्रतिशत की बढ़ोतरी

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले छह महीनों में हत्या के मामलों में 3.73 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बलात्कार, यौन अपराधों, छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए। 1 जनवरी से 30 जून तक के दौरान भारतीय न्याय संहिता और भारतीय दंड संहिता के तहत 1,18,822 मामले दर्ज हुए है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 5 बलात्कार, 2 हत्या, 18 झपटमारी (सैंकड़ों चेन स्नेचिंग के ऐसे मामले होते है जो दर्ज नही होते) और 3 डकैती दैनिक रूप दर्ज हो रहे है और नशा निरोधक एनडीपीएस के अनुसार नशीले पदार्थ पकड़े जाने के 5 मामले रोज दर्ज हो रहे है। उन्हांने कहा कि वाहन चोरी के 17512 मामले, अपहरण के 2716 और छेड़छाड़ के 863 मामलें दर्ज हुए है। यही नही घरेलू हिंसा और वरिष्ठ लोगों की हत्या के मामले भी बढ़े हैं।

## मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स से जुड़े न्यूरोलोजिस्ट डॉ. प्रवीण गुप्ता

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने बुधवार को मरेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो एण्ड स्पाइन के लॉन्च की घोषणा की है, जो न्यूरोसाइंस एवं स्पाइन केयर में एक बड़ा कदम है। अस्पताल ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात न्यूरोलोजिस्ट डॉ. प्रवीण गुप्ता को भी अपने साथ जोड़ा है, जो संस्थान एवं न्यूरोलोजी विभाग का नेतृत्व करेंगे। बहु-आयामी क्लिनिकल मॉडल के साथ न्यूरोजिस्ट्स, स्पाइन सर्जन्स, साइकैट्रिस्ट, सायकोलोजिस्ट, पेन स्पेशलिस्ट एवं रीहेबिलिटेशन विशेषज्ञों को एक मंच पर लेकर आएगा। जो सहयोगपूर्ण, व्यापक एवं प्रोटोकॉल-संचालित दृष्टिकोण के साथ विभिन्न प्रकार के न्यूरोलोजिकल एवं स्पाइन रोगों से पीड़ित मरीज़ों को उत्कृष्ट देखभाल प्रदान करेंगे। डॉ. प्रवीण गुप्ता भारत के सबसे सम्मानित एवं सबसे पुरस्कृत न्यूरोलोजिस्ट्स में से एक हैं। नई दिल्ली के एम्स से गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. गुप्ता देश में कई न्यूरोलोजिकल उपचार लाने में अग्रणी रहे हैं, जैसे एपिलेप्सी के लिए एशिया का पहला ब्रेन पेसमेकर, पार्किन्सन्स के लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन्स डीबीएस और मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लिए स्टैम सेल ट्रांसप्लान्ट्स। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंघल, संस्थापक सदस्य, प्रबन्ध निदेशक एवं ग्रुप सीईओ, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने कहा कि मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स में हमारा मानना है कि मरीज़ों को एक ही छत के नीचे व्यापक एवं सम्पूर्ण देखभाल आसानी से मिलनी चाहिए। मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स के साथ जुड़ना और मरेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो एण्ड स्पाइन का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।



**न्यूरोलोजी विभाग का नेतृत्व करेंगे**

## विधान प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक अत्यंत महत्वपूर्ण : विजेंद्र

### विधानसभा सदन में आधुनिकीकरण कार्यों की समीक्षा को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा सदन में जारी नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यों की समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। गुप्ता ने विधान प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के समावेश को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और यह भी दोहराया कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय की प्रतिबद्धता एक दक्ष, पारदर्शी एवं जानकेंद्रित विधान व्यवस्था की दिशा में सुदृढ़ बनी रहेगी, ताकि यह जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर सके। बैठक में बताया गया कि 27 जुलाई 2025 तक संपूर्ण विधानसभा सदन का नवीनीकरण और सौर ऊर्जा संयंत्र का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस बैठक में धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य सचिव राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, बिपुल पाठक अपर मुख्य सचिव वित्त विभाग, अपर मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग प्रमुख सचिव गृह विभाग, प्रमुख सचिव सेवाएं विभाग, प्रमुख सचिव कला, संस्कृति और भाषा विभाग, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन विभाग तथा प्रमुख सचिव कानून, न्याय एवं विधायी कार्य विभाग उपस्थित थे। बैठक के दौरान, विधानसभा अध्यक्ष को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन परियोजना की प्रगति के साथ-साथ विधानसभा परिसर में चल रहे अन्य आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों की जानकारी दी गई।



**दिल्ली विधान सभा एक आधुनिक, कागज रहित व प्रौद्योगिकी-संचालित भविष्य की ओर अग्रसर : विजेंद्र गुप्ता**

**विस के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के प्रयास तेज**

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष को बताया गया कि विस के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने हेतु व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं और नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। इस पहल का उद्देश्य विधानसभा को पूरी तरह डिजिटल एवं कागज रहित बनाना है। प्रमुख विकास कार्यों के अंतर्गत, दिल्ली विधानसभा में डिजिटल कॉन्फ्रेंस एवं नेटवर्किंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और कागज रहित विधायी कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रणाली में स्मार्ट डेलीगेट यूनिट्स होंगी, जिनमें माइक्रोफोन, मतदान पैनल, आर एफ आई डी /एन एफसी एक्सेस और बहुभाषी अनुवाद सुविधा शामिल होगी। सदस्यों को रीयल टाइम में कार्यसूचियों और दस्तावेजों की उपलब्धता हेतु आईपैड प्रदान किए जाएंगे।

## राजधानी दिल्ली में बनेगा हरित ई-वेस्ट पार्क : सिरसा

### ग्रीन टेक्नोलॉजी में लोगों व सरकारों का विश्वास बढ़े



**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में देश के पहले सौ प्रतिशत ग्रीन ई-वेस्ट इको पार्क के लिए नॉर्वे और हांगकांग के सफल मॉडल पर अध्ययन कराई जा रही है। सिरसा ने बुधवार को कहा कि सिर्फ ढांचा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि ग्रीन टेक्नोलॉजी में लोगों और सरकारों का विश्वास बढ़े। इसके लिए हम दुनिया भर के सफल मॉडलों का अध्ययन कर रहे हैं, खासकर नॉर्वे (जो बेहद इको-फ्रेंडली है) और हांगकांग में, जहां ई-वेस्ट प्लांट शहरों के बीच होते हुए भी शून्य प्रदूषण फैलाते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम सबसे स्वच्छ और सुरक्षित तकनीक अपनाएं। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और दिल्ली को प्रदूषण से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा प्लांट होगा जो ग्रीन बेल्ट से घिरा, नेट ज़ीरो एमिशन पर आधारित और वास्तव में भारत में अब तक बना सबसे हरित औद्योगिक केंद्र होगा।

**घोषणा** *विश्व उर्दू दिवस पुरस्कार 2025 की घोषणा*

## कला, साहित्य व पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े लोग को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली, 16 जुलाई (देशबन्धु)। विश्व उर्दू दिवस पुरस्कार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ पत्रकार जलालुद्दीन असलम की अध्यक्षता में दरियागंज, नई दिल्ली में आयोजित की गई। पुरस्कार समिति में डॉ. सैयद अहमद खान राष्ट्रीय अध्यक्ष, उर्दू डेवलपमेंट आर्गनाइज़ेशन, अशरफ अली बस्तवी मुख्य संपादक, एशिया टाइम्स, नई दिल्ली, सुहैल अंजुम पूर्व संवाददाता, वॉयस ऑफ अमेरिका और जावेद अख्तर संपादक, डी.डब्ल्यू. उर्दू, जर्मनी, दिल्ली ब्यूरो शामिल थे।**

**■ नौ नवंबर को आयोजित होगा विश्व उर्दू दिवस समारोह**

इस अवसर पर आगामी 9 नवंबर को आयोजित होने वाले विश्व उर्दू दिवस समारोह के लिए पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया। पुरस्कार के लिऐ चयनित लोगों में प्रो. बिलक़ीस बानो जैव रसायन विभाग, जीवन विज्ञान संकाय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को आजीवन उपलब्धि पुरस्कार, डॉ. रऊफ खैर हैदराबाद को साहित्य के लिए अल्लामा मुहम्मद इकबाल पुरस्कार, प्रो. कौसर मजहरी जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली को कविता के लिए मिर्जा गालिब पुरस्कार, प्रो. ज़हरा खातून जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली को उर्दू-फारसी भाषा के लिए मौलाना अली मियां पुरस्कार, डॉ. अकील अहमद सचिव, गालिब अकादमी, नई दिल्ली को भाषा और साहित्य के लिए मौलाना अब्दुल माजिद दरियाबादी पुरस्कार, के.एल. नारंग साकी नई दिल्ली को साहित्य के लिए कुँवर महेंद्र सिंह बेदी पुरस्कार, यासीन मोमिन मुंबई को उर्दू भाषा को बढ़ावा देने के लिए क़ाजी मोहम्मद अदील अब्बासी पुरस्कार, सैयदा तलत नसरीन टीएन भारती, नई दिल्ली को पत्रकारिता के लिए नूरजहां सरवत पुरस्कार, सैयद जुबैर मुस्लिम मिरर, नई दिल्ली को पत्रकारिता के लिए मौलाना उस्मान फार्कलीत पुरस्कार, मौलाना अब्दुल हमीद नोमानी नई दिल्ली को स्तंभ लेखन के लिए मौलाना सनाउल्लाह अमृतसरी पुरस्कार, अब्दुल मन्नान संपादक, योजना उर्दू, नई दिल्ली को पत्रकारिता के लिए मौलाना मोहम्मद मुस्लिम पुरस्कार, जमशेद खान आज तक, नई दिल्ली को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए अमीन सयानी पुरस्कार, सौरभ शुक्ला को पत्रकारिता के लिए पंडित देवनारायण पांडे पुरस्कार, आबिद अनवर यूएनआई उर्दू, नई दिल्ली को पत्रकारिता के लिए महफुजुर रहमान पुरस्कार, शोहरत अंसारी खलीलाबाद, यूपी को पत्रकारिता के लिए इमदाद साबरी पुरस्कार, हफीजुर रहमान (एटा, यूपी) को कविता के लिए इस्माइल मेरठी पुरस्कार, मोहम्मद यामीन जकी संपादक, हिलाल, रामपुर को बाल साहित्य के लिए डॉ. जाकिर हुसैन पुरस्कार, फारूक अहमद दूरदर्शन, दिल्ली को उर्दू को बढ़ावा देने के लिए इल्मत यासीन पुरस्कार, प्रो. डॉ. जियाउर रहमान सिद्दीकी अलीगढ़ को उत्तम शिक्षा के लिए मजहरुद्दीन खान पुरस्कार, मास्टर इकबाल अहमद पूर्व प्रधानाध्यापक, जामिया मिडिल स्कूल, नई दिल्ली को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के लिए मकबूल अहमद सिद्दीकी पुरस्कार, प्रोफेसर अब्दुल माजिद मोहम्मद सिद्दीक सिद्दीकी मालेगांव को राष्ट्रीय एकता के लिए मौलाना आजाद पुरस्कार, प्रो. खालिद मुबश्शिर जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली को शायरी के लिए हफीज़ मेरठी पुरस्कार, डॉ. इब्राहिम अफसर मेरठ को उर्दू शोध के लिए नसीरुद्दीन हाशमी पुरस्कार, डॉ. उज़ैर अहमद इस्लामपुर, पश्चिम बंगाल को साहित्य के लिए मौलवी अब्दुल हक पुरस्कार से नवाजा जाएगा।



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**
**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **एन आई टी** | **09, 16, 18, 21 & 22-2025-26-डब्ल्यू-5** | | |
| **काम का नाम (स्थान के साथ) : 09.** वरिष्ठ मंडल अभियता पंचम/नई दिल्ली के अनुभाग में प्री टैम्पिंग और पोस्ट टैम्पिंग, डिजाइन मोड टैम्पिंग कार्य के लिए ट्रैक का सर्वेक्षण का कार्य। | | | |
| **16.** सहायक मंडल अभियंता/हजरत निज़ामुद्दीन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एचएनजेडएम खंड में हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर अधिकारी विश्राम गृह का निर्माण का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : भवन/क्वार्टर का निर्माण का कार्य। | | | |
| **18.** सहायक मंडल अभियंता/हजरत निज़ामुद्दीन के अंतर्गत अनुभाग में यार्डों में रेल स्लीपर, फिटिंग ओवर हॉलिंग और विविध कार्यों का आकस्मिक नवीनीकरण। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| **21.** एडीईएन/डीईई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीईई अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| **22.** एडीईएन/डीईई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन के खंड में जीजीएन-आरई खंड (आरई को छोड़कर) और रेवाड़ी लोको हेरिटेज शेड में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्र कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | |
| **काम की अनुमानित लागत (रुपये)** | **09.** Rs. 3998802.50 | **16.** Rs. 5015018.55 | **18.** Rs. 6999819.50 |
| | **21.** Rs. 6499530.44 | **22.** Rs. 5999639.42 | |
| **अग्रिम राशि (रुपये)** : (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोटः**- रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) | | | |
| **09.** Rs. 80000.00 | **16.** Rs. 100300.00 | **18.** Rs. 140000.00 | |
| **21.** Rs. 130000.00 | **22.** Rs. 120000.00 | | |
| **काम की समाप्ति अवधि** | **09.** 09 महीने | **16.** 09 महीने | **18.** 06 महीने |
| | **21.** 09 महीने | **22.** 09 महीने | |
| **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय** | 08.08.2025 को 15:00 बजे तक तथा 08.08.2025 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। | | |
| **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा** | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। | | |

No. 128-W/280/OET/2025-26/W-V/NIT-09, 16, 18, 21 & 22 - 2025-26 दिनांक: 14.07.2025 **2147/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

दिल्ली का कचरा डंप कराने की जांच में तमाम लोग दोषी पाए गए है, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। सामाजिक संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी : **एसपी सिंह, जीएम जन स्वास्थ्य**

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने 'पहल पोर्टल' पर धीमी गति से कार्य करने को लेकर जताई नाराजगी

■ 'पहल पोर्टल' का लाभ हर आवंटी को देने के दिए निर्देश ■ 'पहल पोर्टल' की समीक्षा बैठक के दौरान औचक तरीके से लिपिकों का लिया टेस्ट

**गाजियाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बुधवार को 'पहल पोर्टल' की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान ये जानने का प्रयास किया कि पहल पोर्टल से जुडे कार्यों को लेकर जो लक्ष्य दिए गए थे, उनमें कितनी प्रगति की गई। (अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा लिपिकों को दिए गए लक्ष्यों को पूरा किए जाने की दिशा में रेंडम चेकिंग किए जाने की जिम्मेदारी दी गई थीं। लक्ष्यों में इस बात को स्पष्ट किया गया था कि पहल पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले लाभार्थी को किसी तरह की असुविधा न हो। समय-समय पर लाभार्थी का फीड बैक प्राप्त किया जाए। लाभार्थी को होने वाली असुविधा समय रहते दूर की जाए।

**लीज पर आवंटित सम्पत्तियों की अवधि पूरी होने से छह माह पहले देनी होगी सूचना**



बैठक के दौरान ज्ञात हुआ कि बिल्डिंग सेक्शन अनुभाग के 11 लिपिकों को 31 हजार 991 फाइलों के निस्तारण की जिम्मेदारी दी गई थीं, जिसमें से केवल 34 फाइलों का ही निस्तारण किया गया था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने फाइलों के निस्तारण में धीमी गति को लेकर नाराजगी जताई। बैठक के दौरान उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों समेत बैठक में मौजूद लिपिको को फटकार लगाई। ये निर्देशित किया कि जिन फाइलों का निस्तारण किया जाना है, उससे जुडी लिस्ट इंचार्ज एवं लिपिकों पर होनी चाहिए। प्रयास हो कि अधिक से अधिक आवंटी 'पहल पोर्टल' से जुड़े, जिससे घर बैठे उन्हे सभी सुविधाएं उपलब्ध हो व प्राधिकरण आने की जरूरत न हो। नियमित तरीके से समीक्षा की जाए।

बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने सख्त हिदायत दी कि लीज की अवधि समाप्त होने के दौरान यदि लीज किए जाने का प्रकरण सामने आता है तो संबंधित लिपिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने उपस्थित तमाम लिपिकों का रेंडम टैस्ट भी लिया। इसके लिए न्यूज पेपरों की कटिंग दी गई और उसे पढ़कर संछिप्त रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया, जिसका मूल्यांकन कर उसी अनुसार कार्य विभाजन किया जाएगा।

बैठक के दौरान पहल पोर्टल पर अच्छा काम करने के लिए एक लिपिक को प्रशस्ति पत्र दिए जाने एवं कुछ लिपिकों के पटल परिवर्तन के निर्देश दिए।

## राज्य स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को मिल रही रफ्तार

**41 सिगनलों पर फाउंडेशन का कार्य पूर्ण**



15 अक्टूबर के बाद तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों पर लगेगा ब्रेक, आईटीएमएस से 16 प्रमुख स्थानों पर रखी जाएगी निगरानी : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**

**गाजियाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर में कई योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर ला रहे है। जिसमें राज्य स्मार्ट सिटी के क्रम में चल रहे आईटीएम एस प्रोजेक्ट को भी रफ्तार दी जा रही है। 15 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए तय है, जिसके लिए लगातार कार्य चल रहा है। 41 सिगनलों पर फाउंडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है पोल भी लगाने का कार्य चल रहा है, इसके अलावा 41 जंक्शन पर रोडसाइड यूनिट भी लगा दिया गया है।


मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि में 53 करोड़ की लागत से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को रफ्तार दी जा रही है, जिसके लिए फाउंडेशन में अन्य कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। तीन माह के भीतर प्रोजेक्ट कंप्लीट किया जाएगा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, 41 सिगनलों के कार्य को जारी रखने के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट में बनने वाली आईटीएमएस बिल्डिंग को भी पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें आंतरिक कार्य जारी है। 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की यह बिल्डिंग आधुनिक तकनीकी का हब रहेगी कार्यवाही जारी है।

नगर आयुक्त ने बताया कि 41 सिगनलों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की क्रम में कार्य रफ्तार से चल रहा है। इसके अलावा 15 अक्टूबर के बाद स्पीड से चलने वाले चालकों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए 16 प्रमुख स्थानों पर 78 कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे।

नगर आयुक्त ने बताया कि आधुनिक तकनीकी से स्पीड का भी आकलन करते हुए मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके अलावा गाजियाबाद में प्रवेश करने वाली गाड़ियों पर भी पूर्ण रूप से मॉनिटरिंग रहेगी स्थान को उसी क्रम में चयनित करते हुए कैमरे इंस्टॉलेशन का कार्य कराया जाएगा जो की तीन माह में पूर्ण होगा।

## सार संक्षेप

### कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी स्कूलों में आज से 23 तक अवकाश घोषित



**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 17 जुलाई से 23 जुलाई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। यानि गुरुवार से स्कूलों में अवकाश रहेगा। इस सम्बंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बुधवार को जारी कर दिए हैं। इन आदेशों में कहा गया है कि बच्चों व बसों के सुरक्षा के मद्देनजर जिले में सभी परिषदीय स्कूलों, सीबीएसई व आईसीएसई के समेत तमाम शिक्षा बोर्डों से सम्बंधित स्कूलों में अवकाश रहेगा। आदेशों में सभी स्कूल प्रबंधकों को आदेशों पर सख्ती से अमल करने को कहा गया है।

### ग्रामीण बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य की नई राह

**नोएडा।** शिव नादर स्कूल, नोएडा की छात्राओं कयाना मोंगा और वृंदा



खंचंदानी द्वारा साल 2024 की शुरुआत में शुरू किया गया प्रोजेक्ट मुस्कान, आज ग्रामीण और वंचित समुदायों के बच्चों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को सुलभ और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बन चुका है। कुछ ही समय बाद महिका टांपी भी इस छात्र-नेतृत्व वाली पहल से जुड़ गईं। प्रोजेक्ट मुस्कान ने कुछ ही महीनों में दिल्ली, गाज़ियाबाद, फरीदाबाद और नोएडा के 300 से अधिक बच्चों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से छुआ है। ज़मीनी कार्यशालाओं, प्रारंभिक स्क्रीनिंग और हिंदी में बनाए गए मानसिक स्वास्थ्य जर्नल्स के माध्यम से 7 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को अपनी भावनाओं को समझने, व्यक्त करने और संभालने में मदद की गई है। वह भी एक सुरक्षित और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त ढंग से। अब तक 100 से अधिक हिंदी मानसिक स्वास्थ्य जर्नल वितरित किए जा चुके हैं, और कई बच्चों की चिंता एवं अवसाद के लिए मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सहायता से स्क्रीनिंग की गई है।

### महिला सुरक्षा के संबंध में किया जागरूक

**नोएडा।** कमिश्नरेट के विभिन्न थानाक्षेत्र में महिला बीट अधिकारियों द्वारा स्थानीय महिलाओं को महिला सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के संबंध में बुधवार को जागरूक किया गया। डीसीपी व एडीसीपी महिला सुरक्षा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा टीम द्वारा अलग अलग गांवों, सोसाइटियों, स्कूलों, कॉलेजों, लेबर कॉलोनियों, कंपनियों और बाजारों में महिलाओं एवं बच्चियों को एकत्र करते हुए उनसे वार्ता की गई व सभी को महिला सशक्तिकरण अभियान, उनके प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी की गई। इसके अलावा शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम के बारे में जागरुक किया गया।

## महापौर ने 8 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**गाजियाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल ने बुधवार को शहर में आठ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कसा बान व डासना गेट से मालीवाड़ा चौक तक सीवर लाइन डालने व सड़क बनाने का कार्य जिसकी लागत 4 करोड़ 75 लाख है। भाटिया मोड़ से गुलमोहर गार्डन तक आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 73 लाख है। प्रहलाद गढ़ी गांव के मुख्य रास्ते पर सी सी रोड का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 54 लाख के कार्यो का शिलान्यास एवं वार्ड 15 विजय नगर प्रताप विहार पिंक बूथ के पास पिंक शौचालय का लोकार्पण महापौर सुनीता दयाल के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमे पार्षद पूनम सिंह, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद विनीत दत्त, पार्षद उदित मोहन गर्ग, पार्षद प्रवीण कुमार, राजू शर्मा, महेश शर्मा, पूर्व पार्षद सत्यप्रकाश, मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर, अभिषेक शर्मा, इंस्पेक्टर राज कुमारी आदि उपस्थित रहे।

**निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में न हो कोई लापरवाही : सुनीता दयाल, महापौर**

## दिल्ली का कचरा नोएडा में डंप कराने पर गाइडेड फार्च्यून को नोटिस

■ एमसीडी की एजेंसी ने 38 हजार मीट्रिक टन दिल्ली का कचरा लाकर सेक्टर-89 में डाला
■ इसी कचरे के रेमीडियशन पर साढ़े तीन करोड़ रुपए का एमसीडी ने किया भुगतान

**नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का उल्लंघन कर 38 हजार मीट्रिक टन दिल्ली का कचरा नोएडा सेक्टर-89 में डंप करने के मामले में प्राधिकरण सख्त हो गया है। बुधवार को सामाजिक संस्था गाइडेड फार्च्यून को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर नोएडा के अंदर कचरा कैसे आया, क्यों न आपका एग्रीमेंट समाप्त करने की कार्रवाई कर दी जाए। जबकि आपकी जिम्मेदारी है कि शहर में कही का कचरा भी नहीं आना चाहिए, उसका निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति कराने की मानिटरिंग की जाए।

जीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह ने बताया कि दिल्ली का कचरा डंप कराने की जांच में तमाम लोग दोषी पाए गए है, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। सामाजिक संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। अब तक सात हाइवा थाने पर सीज खड़े है। जबकि चार हाइवा खड़ा कर ड्राइवर मौके से फरार है।

यही नहीं विभागीय अधिकारियों ने सेक्टर सुपरवाइजर, जेई को बर्खास्त करने की कार्रवाई के दायरे में लाकर खड़ा किया है। क्योंकि जन स्वास्थ्य विभाग में प्रत्येक सेक्टर में साफ-सफाई की देखरेख के लिए सुपरवाइजर-जेई की तैनाती की गई। ऐसे में नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के रास्ते सेक्टर-89 के अंदर दिल्ली से कचरा लाकर महीनों से डाला जा रहा था। इसकी जानकारी सुपरवाइजर व जेई ने शीर्ष अधिकारियों से कैसे छिपाई, तत्काल घटना से अवगत क्यों नहीं कराया गया।

लापरवाही के लिए विभाग के सहायक व परियोजना अभियंता भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। उनके खिलाफ शासन को निलंबन की कार्रवाई के लिए लिखा जाए। सभी से तीन कार्य दिवस के अंदर अपना अपना पक्ष रखने को कहा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई का निर्णय अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी व मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से लिया जाएगा।

## जल निकासी के लिए अलग से नाला बनाने की मांग



**खोड़ा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड 30 सभासद सोनू जोशी ने नहर से लेकर प्रगति विहार सीमा तक खोड़ा के जल निकासी हेतु अलग नाला बनाए जाने की मांग नपा के ई ओ चेयरमैन से की है। उन्होंने बताया कि संगम पार्क के समीप दिल्ली नगर निगम द्वारा नाले को ऊंचा कर देने की वजह से खोड़ा की नालियों और बारिश का पानी गलियों में भर रहा है। जिससे लोगों के घरों में गंदा पानी भर रहा है। पंप द्वारा पानी निकालने से भी समस्या हल नहीं हो रही है। दिल्ली के नाले में जाने वाले पानी का रास्ता बंद होने की वजह से जल निकासी नहीं हो रही है। वार्डो के अंतर्गत साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। कई गलियां और सड़के जर्जर हो चुकी है। कई जगहों पर सड़को में गड्ढों पर लोग मलबा डालकर आवागमन कर रहे है। पिछले दो वर्षों से कोई सड़क निर्माण कार्य नहीं कराया गया। वार्ड के अंतर्गत कई सड़के जर्जर हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले माह नपा के कर्मचारियों द्वारा गाड़ियों से डीजल चोरी करने का मामला प्रकाश में आया था। क्या कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। उन्होंने टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति को अपर्याप्त बताते हुए टैंकरों के चक्कर बढ़ाने की मांग की। वाहन डिपो के पास 16 हजार वर्ग मीटर जमीन नपा द्वारा क्रय की गई। उन्होंने टैंकरों की मरम्मत करवाकर चक्कर बढ़ाने वाहन डिपो के आसपास बोर करवाकर नलकूप लगवाकर जलापूर्ति किए जाने की मांग की है।

## प्रगति विहार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन



**खोड़ा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। प्रगति विहार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अभियंता को मंगलवार को ज्ञापन देकर प्रगति विहार से थापर गेट तक टूटी सड़क बनाने की मांग की है। नपा ई ओ को सौंपे ज्ञापन में कहा कि एसटीपी प्लांट से सीवर लाइन डालने के दौरान जल निगम गाजियाबाद द्वारा तीन मीटर गहरे व्यास के अंदर पाइपलाइन बिछाने की वजह से दो माह पूर्व प्रगति विहार से लेकर थापर गेट तक सड़क की खुदाई करके सीवर पाइपें डालने की वजह से मार्ग पर आवागमन ठप्प हो गया है। व्यापारियों के व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित कुमार जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ योगेंद्र शर्मा देवेंद्र गोयल प्रेम राणा सुजीत कुमार गुप्ता विजेंद्र कटारिया सत्येंद्र शाह उमेश मंडल गोलू विक्की गुप्ता सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने के लिए कंपनी से नहीं बन पा रही सहमति

**नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने का काम शुरू होने से पहले ही फिर अटक गया है। जिस एजेंसी का टेंडर प्रक्रिया के तहत चयन किया गया था उसमें अब रेट को लेकर प्राधिकरण से सहमति नहीं बन पा रही है। हालांकि कंपनी और प्राधिकरण के बीच वार्ता जारी है। सहमति नहीं बनती है तो एक बार फिर से टेंडर प्रक्रिया होगी। जिसके बाद कंपनी का चयन किया जाएगा।

**दोबारा से जारी हो सकता है टेंडर, 49 करोड़ का है प्रोजेक्ट**

सेक्टर-1 गोलचक्कर से सेक्टर-11 झुंडपुरा तिराहे तक उद्योग मार्ग का हिस्सा आता है। इसी उद्योग मार्ग से सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण दफ्तर के लिए रास्ता जाता है। प्राधिकरण में समय-समय पर निवेशक व नामचीन लोग आते रहते हैं। इस रास्ते पर जगह-जगह औद्योगिक कंपनियां, कारों के शोरूम व अन्य चीजें हैं। ऐसे में यहां हर समय जाम लगा रहता है। सड़क की चौड़ाई कम होने की वजह से अन्य दिक्कतें भी आती हैं। ऐसे में इस सड़क को मॉडल रोड बनाने का निर्णय करीब एक साल पहले नोएडा प्राधिकरण ने लिया था। इसके लिए पिछले साल टेंडर जारी किए गए थे। तीन-चार बार टेंडर जारी करने के बाद भी किसी एजेंसी का चयन नहीं हो सका था। करीब छह महीने पहले एक एजेंसी को चयनित कर लिया गया। उससे अब तक निर्माण कास्ट को लेकर सहमति नहीं बन पाई है।

### सीबीआई से मिल चुकी अनुमति

करीब 15 साल पहले उद्योग मार्ग पर बिजली केबिल लाइन डालने को लेकर घपला हुआ था। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। ऐसे में उद्योग मार्ग पर कोई भी काम करने के लिए सीबीआई की अनुमति जरूरी थी। इसके लिए प्राधिकरण ने सीबीआई को पत्र लिखा था। करीब तीन-चार महीने का समय सीबीआई के जबाव आने में लग गया। सीबीआई ने सेक्टर-2 स्थित मंदिर के सामने सावधानीपूर्वक काम करने के निर्देश दिए थे।

## सभासदों के प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अधिकारी से सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई

ईओ ने सभी कार्यों को तीन चार दिन के अंदर सुव्यवस्थित करने का दिया आश्वासन

**खोड़ा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत साफ सफाई की व्यवस्था और नगर पालिका परिषद में कामकाज को लेकर सभासदों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नपा के ई ओ से मुलाकात करके साफ सफाई व्यवस्था को लेकर रोष प्रकट किया। सभासद संजीव गिरी और सतीश गुप्ता के नेतृत्व में सभासदों ने पिछले दो वर्ष के कार्यकाल नपा के मद में आय और व्यय का हिसाब भी सभासदों को बताने की मांग की गई। नगर पालिका परिषद में सफाई कर्मचारियों सुपरवाइजरों डिपो में तैनात कर्मचारियों किन वार्डो में कितने सफाई कर्मचारी तैनात है विस्तृत ब्यौरा आगामी बोर्ड बैठक 19 जुलाई से पहले उपलब्ध कराने की मांग की।



सभासदों ने ई ओ को अवगत कराया कि संगम पार्क संगम विहार नहर के किनारे दिल्ली नगर निगम द्वारा नाले की दो तीन फिट ऊंची दीवार बनाने की वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे कई इलाके में जलभराव हो गया है। नाले और घरों में बने सेफ्टी टैंक का पानी लोगो के घरों में घुस रहा है। जलभराव की वजह से लोगो को घरों से निकलने में दिक्कतें हो रही है। पहले नाले की ऊंचाई कम होने से गलियों का पानी दिल्ली के नाले में गिरकर बह जाता था। नाले की ऊंचाई ज्यादा होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है। कुछ गलियां जलाशय में तब्दील हो रही है। नपा द्वारा पानी की निकासी के लिए तीन पंप को अपर्याप्त बताया। एक और पंप बढ़ाने की मांग की गई। सभासदों ने निकाय क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त और कार्य में पारदर्शिता लाने की मांग रखी।

ई ओ ने सभी कार्यों को तीन चार दिन के अंदर सुव्यवस्थित करने के लिए आश्वस्त किया। मौके पर सभासद संजीव गिरी सभासद नेता प्रतिपक्ष सतीश गुप्ता रामवीर यादव गजेंद्र सिंह नेगी राजवीर शर्मा अशोक सिंह जयदेव शर्मा रजनीश सिंह दीवान सिंह लटवाल बिंदु बाल्मीकि सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को दबोचा

**नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस की टप्पेबाज गैंग से मुठभेड़ हो गई। पांच बदमाशां को गिरफ्तार किया गया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। ये लोग कार में सवारी को बैठाकर उसको झांसे में लेकर लूटपाट करते है। थाना सेक्टर 39 पुलिस दिल्ली ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से सेक्टर 37 की तरफ मुड़ने वाले कट पर चैकिंग कर रही थी। एक कार में सवार कुछ व्यक्ति एक्सप्रेस वे से सेक्टर 37 की तरफ दादरी रोड पर आए। पुलिस पार्टी ने रूकने का ईशारा किया। वह नहीं रूके बल्कि दादरी रोड की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस पार्टी ने उनका करीब एक किमी तक पीछा किया। अपने आप को घिरता देख ग्रीन बैल्ट में गाड़ी मोड़ दी जहां घबराहट में कार पेड़ से टकरा गई।

**एक बदमाश के पैर में लगी गोली**

कार से उतर कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से बदमाश ने फायर किया। पुलिस पार्टी ने पहले वार्निंग दी। इसके बाद जवाबी फायर किया। एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जमीन पर गिर गया। उसे गिरफ्तार किया गया।

## जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

इससे पहले दुगार्वती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में 14 जुलाई को जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक हुई थी। जिसमें लिए गए निर्णय के क्रम में कार्बन कॉन्टिनेंटल फैक्ट्री के पास स्थित पार्क में एसिटिक पानी जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित संदर्भित स्थल का स्वयं भौतिक निरीक्षण किया।



■ डीएम ने समस्याओं को निस्तारित करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाले एनएचएआई कट के विषय में संबंधित औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि हरिओम चौहान एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कट का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र में जा रहे नालों का भौतिक निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को उक्त कट को आवश्यकतानुसार व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उप महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण निर्माण खंड प्रथम गाजियाबाद रघुनंदन सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण गाजियाबाद प्रदीप सत्यार्थी, अधीक्षण अभियंता, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, औद्योगिक इकाई कार्बन कॉन्टिनेंटल एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

## नोएडा डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण और सिचाई विभाग की संयुक्त टीम ने हिंडन पुश्ता के पर बने अवैध निर्माण को हटाया। ये निर्माण पुश्ता के 15 मीटर अंदर किया गया था। यहां अधिकांश पक्का निर्माण किया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से हटाया गया। इस दौरान दोनों विभागों के करीब 50 कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। अवैध निर्माण हटाने के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया। पुलिस ने उनको समझकर शांत कराया।

**छह खसरा पर किया गया था अवैध निर्माण, 2 हजार वर्गमीटर जमीन कब्जा मुक्त**



प्राधिकरण वर्क सर्किल 6 एवं सिंचाई विभाग की टीम ने हिंडन के डूब क्षेत्र के खसरा नंबर 941,931,940,935,934,933 पुस्ता मार्ग पर अवैध निर्माण हटाया गया। यहां करीब 2000 वर्गमीटर से ज्यादा की जमीन पर निर्माण किया गया था। इसके अलावा पक्का निर्माण चल रहा था। जिसे रोका गया।

उवाच

इस प्रोजेक्ट को अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है, जिसमें 3,000 करोड़ रुपए या उससे अधिक का निवेश शामिल है। यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है और क्षेत्र में ग्रीनफील्ड औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ा कदम है : **शैलेंद्र भाटिया, यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी**



# किसान सभा ने की आयोग से एनपीसीएल का लाइसेंस रद्द करने की मांग

- विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में शहर व ग्रामीणों ने रखी समस्याएं
- फेडरेशन ने कंपनी पर आयोग के नियमों की अवहेलना करने का लगाया आरोप




**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार सिंह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नोएडा पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनपीसीएल) द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय मे आयोजित जनसुनवाई में एनपीसीएल से सम्बंधित मूलभूत समस्याएं फेडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र टाईगर एवं महासचिव ऋषिपाल भाटी ने ग्रेटर नोएडा शहर वासियों की बिजली से संबंधित समस्याओं से चेयरमैन को अवगत कराया और फेडरेशन के पदाधिकारी ने चेयरमैन को ज्ञापन सौपा।

इस मौके पर शेर सिंह भाटी अल्फा 1 अध्यक्ष, आलोक नगर डेल्टा 2 महासचिव आदि लोग उपस्थित रहे। फेडरेशन ने कहा कि एनपीसीएल के पैनल पुराने हो गए हैं उन्हें बदलना चाहिए। एनपीसीएल हर वर्ष बिजली की दर में बढ़ोत्तरी कर देता है। गर्मियों में अतिरिक्त बिल भेज देता है। बंद पड़े मकान में लेबर बिजली की चोरी करते हैं, मकान मालिक पर मुकदमा लिखकर मोटी रकम वसूला जाता है। सेक्टर के गेट पर बिजली लगायी जाती है तो एनपीसीएल आरडब्ल्यूए पर चोरी का मुकदमा लिख देता है। आरडब्ल्यूए के सभी मुकदमें खत्म किए जाए।

अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने जनहित में प्रमुख मुद्दे उठाए। जिला सचिव गुरप्रीत एडवोकेट, मोनू मुखिया, देशराज राणा, ओमदत्त शर्मा समेत कई सदस्यों ने सुनवाई में भाग लिया।

गुरप्रीत ने आरोप लगाया कि कंपनी आयोग के नियमों की खुलकर अवहेलना कर रही है। उपभोक्ताओं पर मनमाने ढंग से बिजली चोरी के फर्जी मुकदमे दर्ज कर अवैध वसूली की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी दरों पर बिल भेजे जा रहे हैं, जबकि आपूर्ति ग्रामीण शेड्यूल के अनुसार हो रही है। उपभोक्ताओं को बिना सहमति जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं और अत्यधिक बिल भेजकर प्रताड़ित किया जा रहा है।

किसान सभा ने आयोग से एनपीसीएल का लाइसेंस तत्काल रद्द करने और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र को यूपीपीसीएल के हवाले करने की मांग की ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके और बिजली जैसी आवश्यक सेवा पर निजी मुनाफाखोर कंपनियों का नियंत्रण समाप्त हो।

# यीडा में 200 एकड़ में ग्रीनफील्ड सौर विनिर्माण संयंत्र होगा स्थापित

- उत्तर प्रदेश सरकार ने सेल सोलर पी-6 प्रालि के प्रस्ताव को दी मंजूरी
- यीडा में प्रोजेक्ट स्थापित होने से 8,253 करोड़ रुपए का होगा निवेश
- 2500 लोगों को मिलेगा रोजगार

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। सौर सेल, सौर मॉड्यूल, सौर एनर्जी बनाने वाले कंपनी को भूखंड आवंटित करने का रास्ता साफहो गया है। कंपनी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर- 8 में एक बड़ा ग्रीनफील्ड सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सेल सोलर पी 6 प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। 200 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट 8,253 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ भारत के सौर विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण क्षमता जोड़ेगा।

यह एकीकृत संयंत्र 5 गीगावाट सौर सेल और 5 गीगावाट सौर मॉड्यूल की उत्पादन लाइनें स्थापित करेगा। संचालन शुरू होने पर कंपनी की कुल मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता 8.5 गीगावाट हो जाएगी। संयंत्र में उच्च दक्षता वाले टनल ऑक्साइड पैसिवेटेड कॉन्टैक्ट सौर सेल बनाए जाएंगे, जिन्हें इन-हाउस लाइन पर पैनल में असेंबल किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट सेल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी सेल सोलर पी 6 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निष्पादित किया जा रहा है, जो किफायती, टिकाऊ और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर केंद्रित होगा। वर्तमान में कंपनी के पास भारत में 6.7 गीगावाट से अधिक के सौर प्रोजेक्ट हैं, जो चालू या निर्माणाधीन हैं, और 3.5 गीगावाट टापकॉन मॉड्यूल की मौजूदा विनिर्माण क्षमता है।

यमुना प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को अल्ट्रा मेगा श्रेणी में रखा गया है, जिसमें 3,000 करोड़ रुपए या उससे अधिक का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है और क्षेत्र में ग्रीनफील्ड औद्योगिक विकास के लिए एक बड़ा कदम है।

प्रस्ताव को 24 फरवरी, 2025 को यमुना प्राधिकरण द्वारा लेटर ऑफइंटेंट (एलओआई) जारी करने के बाद आगे बढ़ाया गया। इसके बाद, 10 जुलाई को इन्वेस्ट यूपी ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दी और लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया। यीडा ने भूमि आवंटन प्रक्रिया को तेज कर दिया है और इस महीने के भीतर 200 एकड़ भूमि सौंपने की उम्मीद है। कंपनी के अधिकारियों ने दस्तावेज और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पहले ही प्राधिकरण के कार्यालय का दौरा किया है। यह संयंत्र न केवल सौर सेल और मॉड्यूल बनाएगा, बल्कि संचालन में उपयोग होने वाले सहायक घटकों का भी उत्पादन करेगा। अधिकारियों का अनुमान है कि यह प्रोजेक्ट क्षेत्र में लगभग 2,500 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

# नहाते समय तालाब में डूबने से युवक की मौत

## मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से किया इनकार





**दनकौर,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर बांगर गांव में बुधवार शाम तालाब में नहाते वक्त एक युवक गहरे पानी में डूब गया। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने उसको बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसकी डूबने से मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद शव को ग्रामीणों ने बाहर निकाल कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। गांव निवासी अमर सिंह का बेटा राहुल (30) गांव में रहकर मजदूरी का काम करते थे। बताया जाता है कि गांव में ही स्थित तालाब में वह बुधवार की शाम बारिश के दौरान नहाने के लिए अकेले गए थे। नहाते वक्त वह गहरे पानी में डूब गए। डूबते वक्त गांव के कुछ लोगों ने उसको देख लिया। इसके बाद उसको बचाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह ज्यादा गहरे पानी में चले गए। इसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

ग्रामीणों का कहना है कुछ महीने पहले ही प्राधिकरण द्वारा तालाब की सफाई की गई थी। जिसकी वजह से काफी गहराई उसकी हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया है कि करीब ढाई साल पहले पत्नी छोड़कर चली गई थी। उसकी मौत के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है की नहाते वक्त डूबने से यह हादसा हुआ है। मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम करने से इनकार कर दिया है।

# नीट व जेईई की तैयारी व निःशुल्क कोचिंग के लिए, 25 तक करें आवेदन

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत में गौतमबुद्ध नगर जिले में नीट, जेईई और सीडीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। यह योजना उन गरीब और मेहनती विद्यार्थियों के लिए है जो संसाधनों की कमी के कारण गुणवत्तापूर्ण कोचिंग नहीं ले पाते। इस योजना के तहत जिले में दो कोचिंग केंद्र खोले जा रहे हैं। नीट की कोचिंग कक्षाएं 30 जुलाई 2025 से पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-93, नोएडा में शुरू होंगी।

**जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है फॉर्म**

वहीं, जेईई और सीडीएस की कोचिंग 15 अगस्त 2025 से ग्राम सलारपुर कला, ब्लॉक दादरी में संचालित की जाएगी। अपने इच्छा अनुसार छात्र-छात्राएं 25 जुलाई 2025 तक आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। यह फॉर्म जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि यह पहल जिले के मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की उचित तैयारी का अवसर प्रदान करेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी। योजना को लेकर छात्रों और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है।

# कूड़े का प्रबंधन न करने पर दो सोसाइटी पर 25 हजार रुपए का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कूड़े का उचित प्रबंध न करने वाले बल्क वेस्ट जेनरेटरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य निरीक्षक सतीश अधाना के नेतृत्व में विभाग की टीम ने बुधवार को बिल्डर्स एरिया स्थित सिल्वर ओक और जल शक्ति विहार सोसायटी में कूड़े के प्रबंधन का जायजा लिया गया।



सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 रूल के अनुसार कूड़े को प्रोसेस नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों सोसायटी पर 12700--12700 रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माने की रकम तीन कार्य दिवस में जमा करने के निर्देश दिए गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों से कूड़े का उचित प्रबंधन करने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ शहर बनाने में सहयोग की अपील की है।

# सोसाइटी की लिफ्ट में भिड़े लोग, सोशल मीडिया पर वायरल, तीन हिरासत में

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। सूरजपुर थाना क्षेत्र की मिग्सन विन सोसाइटी से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां सोसाइटी की लिफ्ट में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि झगड़ा शराब पीने के बाद हुआ, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मारपीट और लात-घूंसे चलने की ये पूरी घटना आसपास के खड़े लोगों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद कर लिया, वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूजर्स तरह तरह की प्रतिक्रिया दे रहे है।



वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सूरजपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट में शामिल तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मीडिया सेल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और बाकी लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आगे की जांच की जा रही है।

# डेल्टा-एक में युवक को सांप ने काटा, जिम्स अस्पताल में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। सेक्टर डेल्टा-1 सेक्टर में मंगलवार रात एक युवक को सांप ने काट लिया। यह घटना बी ब्लॉक स्थित पार्क के पास रात करीब 9 बजे हुई। युवक का नाम आदर्श है, जो मध्य प्रदेश का रहने वाला है और ग्रेटर नोएडा में किराए पर रह रहा है। आदर्श रोज की तरह रात को टहलने निकला था। पार्क के पास अंधेरा होने की वजह से वह एक सांप की पूंछ पर पैर रख बैठा। जैसे ही पैर पड़ा, सांप ने उसे डस लिया। युवक को तुरंत दर्द महसूस हुआ और उसने आसपास के लोगों को बुलाया। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए उसे नजदीकी जिम्स अस्पताल, कासना में भर्ती कराया। अस्पताल के डॉक्टरों ने त्वरित उपचार शुरू किया और राहत की बात यह है कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है। समय रहते अस्पताल पहुंचने से युवक को बचा लिया गया।

**युवक की हालत अब खतरे से बाहर**



# किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान दिवस आयोजित




- किसानों को नवीन कृषि तकनीकों के उपयोग एवं योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया गया प्रेरित

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। किसानों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण को लेकर बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विधानाथ शुक्ल ने की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों, किसान प्रतिनिधियों एवं कृषकों ने भाग लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# किसानों की फसल बीमा की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब खरीफ सीजन का लाभ लेने के लिए अंतिम तारिख 31 जुलाई तय की गई है। किसानों को उनकी धान और बाजरे की फसल की बीमा को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी बैंक समन्वयक, कृषि विभाग के अधिकारी, आत्मा योजना के प्रतिनिधि और किसान शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों को निर्देश दिए कि सभी पात्र किसानों को शत-प्रतिशत बीमा योजना का लाभ मिलना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जिले में फसल बीमा योजना को एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस साल धान की बीमित राशि रुपए 84,100 प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वदेश कुमार सिंह, प्रो सुनील मिश्रा बने प्रदेश महामंत्री





**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संघ कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुआ।

निर्वाचन के बाद अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वान्त रंजन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। निर्वाचन अधिकारी दिलीप सरदेसाई ने ग्रेटर नोएडा स्थित प्रसिद्ध मैनेजमेंट संस्थान जीआईएमएस के सीईओ एवं गुरु एजुकेशनल स्किल फाउंडेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर स्वदेश कुमार सिंह को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश तकनीकी संवर्ग का पुनः प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रो. सुनील मिश्रा को महामंत्री घोषित किया। इस दौरान कुल बावन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देकर खुशी जताई गई। प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पुनः निर्वाचित होने पर स्वदेश कुमार सिंह जी ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठता और समर्पण पर विश्वास जताने के लिए मैं अपने संगठन के शीर्ष नेतृत्व महेन्द्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महेन्द्र कुमार, प्रदेश प्रभारी व संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश-उत्तरांचल-बिहार-,झारखंड, भगवती सिंह हमारे मार्गदर्शक व हमारे पुरोधा संतोष कुमार सिंह का आभार ज्ञापित करता हूं।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह को दबोचा, पांच मोटरसाइकिल व हथियार बरामद

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। थाना बीटा-2 थाने की पुलिस ने बुधवार को मोटरसाइकिल चोरी करने वाले चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना से जानकारी मिली थी कि कुछ लोग नट मढैया गोल चक्कर के पास चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ मौजूद हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना बीटा-2 पुलिस ने दबिश दी और दिलीप, अजय, जैद और राज नामक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगी हुई 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। इसके अतिरिक्त , अभियुक्त अजय के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस, जबकि दिलीप के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है।



# 'विकसित भारत 2047' में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सविष्कार द्वारा लॉयड लॉ कॉलेज में '2047 के विकसित भारत में विद्यार्थियों की भूमिका' विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज और छात्र संगठनों से जुड़े विभिन्न विशिष्ट वक्ताओं ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब हमारे छात्र केवल अकादमिक रूप से नहीं, बल्कि




नैतिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से भी सशक्त बनें। विद्यार्थी भारत की आत्मा हैं और उन्हें अपने कर्तव्यों को समझते हुए समाज में नेतृत्व करना होगा। विशिष्ट अतिथि बी. एस. राजपूत, पूर्व कुलपति, एचएनबी विश्वविद्यालय ने कहा कि भारत के युवा विश्व स्तर पर प्रतिभा का प्रतीक बन चुके हैं। लेकिन यदि वे अपने देश की समस्याओं को हल करने का संकल्प लें, तो भारत 2047 तक न केवल विकसित देश, बल्कि विश्वगुरु भी बन सकता है। मुख्य वक्ता मनोज नीखरा, पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, एबीवीपी ने कहा कि एबीवीपी हमेशा से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ने का कार्य करती रही है। 2047 का भारत कैसा होगा, यह आज के छात्र तय करेंगे। उन्हें केवल नौकरी की तैयारी नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र की जिम्मेदारी भी उठानी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अखिलेश कुमार, डायरेक्टर, लॉयड लॉ कॉलेज ने की। मंच पर प्रांत सविष्कार संयोजक वैभव श्रीवास्तव, प्रांत सह छात्रा प्रमुख आयुषी शुक्ला, नगर अध्यक्ष सुनील मिश्रा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रांत मंत्री गौरव गौड़, विभाग संयोजक वैभव मिश्रा, जिला संयोजक देव नागर, प्रांत मीडिया संयोजक अभिनव वत्स, जिला प्रमुख ओम कृष्णा, प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक अक्षत श्रीवास्तव, यशस्वी श्रीवास्तव, राज जादोन, आयुष, प्रियंका, यश सहित अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन

मैं, अंजू ANJU पत्नी स्व० भूले सिंह निवासी ग्राम अमरपुर, पो0 दनकौर, तह० व जनपद गौतमबुद्ध नगर मेरे कुछ दस्तावेज में मेरा नाम कान्ती हो गया है जब कि मेरा सही नाम अंजू ANJU है अंजू (ANJU) उर्फ कान्ती दोनों नाम एक ही महिला के है। भविष्य में मुझे अंजू ANJU के नाम से ही जाना जाये

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय तहसीलदार पलवल द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 449/तहसीलदार/2025 दिनांक 10.06.2025 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 645 | स्व0 श्री राजेश मलिक पुत्र स्व0 श्री उदय पाल सिंह नि0 मकान नं0-2035, हुडडा सैक्टर-2, पलवल, तहसील व जिला पलवल हरियाणा। | दीपाली मलिक | 46 | पत्नी विधवा |
| मिर्जापुर | 544 | | महेन्द्री देवी | 81 | माता |
| | | | ध्रुव मलिक | 20 | पुत्र |
| | | | निष्ठा मलिक | 22 | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 17 जुलाई 2025
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## ओडिशा में भाजपा की नाकामी

ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज की बी.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद सोमवार रात भुवनेश्वर के एम्स में दम तोड़ दिया। 20 साल की इस छात्रा ने यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली थी। छात्रा ने इतना बड़ा कदम किसी भावावेश में नहीं उठाया, बल्कि उस छात्रा ने पहले ही अपनी व्यथा और हताशा जाहिर करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आत्महत्या कर लेगी। इस से पहले पीड़िता ने अपने इलाके के सांसद प्रतापचंद सारंगी से भी शिकायत की थी। पीड़िता की मौत की बात सुनकर खुद भाजपा सांसद श्री सारंगी ने बताया है कि च्कुछ दिन पहले लड़की और उसकी दोस्तों ने मुझे घटना की जानकारी दी थी। मैंने प्राचार्य और एसपी से बात की। प्राचार्य ने कहा कि जांच समिति इस पर काम कर रही है और पांच दिनों में समाधान हो जाएगा। लड़की ने बताया था कि वह पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुकी हैज आज जब मैंने खबर सुनी, तो मैंने प्राचार्य को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठायाज जब मैंने समिति की रिपोर्ट देखी, तो उसमें कई गलतियां थींज मैंने उन्हें बताया कि आपकी जांच पूरी तरह पक्षपाती है। उनकी रिपोर्ट पीड़िता के बयान से बिल्कुल मेल नहीं खा रही है।

भाजपा को और किसी की बात पर यकीन हो न हो, अपने सांसद की बात तो सुननी ही चाहिए। क्योंकि इस बारे में जब राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पीड़िता की मौत भाजपा के सिस्टम की नाकामी की वजह से हुई है, तो केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान उल्टे राहुल गांधी पर आरोप लगा रहे है कि वे घटिया राजनीति कर रहे हैं। मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं। यह भाजपा की ही सोच है, जिसमें पीड़ित के साथ खड़े होना या सरकार से सवाल उठाने को घटिया राजनीति कहा जाता है। मगर ऐसा करते हुए भाजपा भूल जाती है कि ऐसी राजनीति उसने तब खूब की है, जब वह विपक्ष में रहती है। दिल्ली के निर्भया कांड से लेकर प.बंगाल में आर जी कर की घटना तक या फिर राजस्थान में कांग्रेस सरकार के वक्त घटी ऐसी घटनाओं पर सीधे राष्टपति शासन की मांग लगाकर भाजपा ने सरकारों पर सवाल उठाए हैं। ऐसा करने में कुछ गलत नहीं है, क्योंकि कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार पर होती है। महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बने इसमें भी सरकार की ही अहम भूमिका होती है। महिलाओं के लिए समाज में व्यापक तौर पर जो रूढ़िवादी और घृणित मानसिकता बनी हुई है, उसे रातोंरात तो खत्म नहीं किया जा सकता। लेकिन ऐसे में सरकारें चाहें तो थोड़ी सख्ती दिखाकर माहौल को सुधार सकती है।

ओडिशा की भाजपा सरकार इस अपेक्षा पर ही खरी नहीं उतरी है। यहां पिछले एक साल में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे। अपने मित्र के साथ समुद्र किनारे घूमने आई युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने भी राज्य को दहला दिया था, लेकिन उसके बाद कुछ और ऐसे ही मामले हुए। कुछ दिनों पहले ही राहुल गांधी ने ओडिशा में एक सभा की थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि ओडिशा में 40 हजार से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं, लेकिन आज तक किसी को नहीं पता कि यह महिलाएं कहां गईं। यहां महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। ओडिशा में हर दिन 15 महिलाओं का रेप होता है, लेकिन यहां की सरकार को इससे कोई मतलब नहीं है। ये सरकार 24 घंटे सिर्फ आपकी जमीन छीनने का काम करती है। इसलिए मैं आपको बताना चाहता हूं- जब भी आपको मेरी और कांग्रेस पार्टी की जरूरत होगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे।

बता दें कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भारी भीड़ जुटी थी, इससे पहले भी अब भाजपाशासित राज्य ओडिशा में कांग्रेस काफी सक्रिय हो गई है। शायद यही वजह है कि अपनी एक और नाकामी पर अब भाजपा ने सुधार करने की जगह राहुल गांधी को निशाना बनाया है। लेकिन क्या इससे जनता को राहत मिलेगी, यह सवाल भाजपा को अपने आप से करना चाहिए। बालासोर घटना एक तरह से चेतावनी है कि सरकार आँखें खोलकर देखे कि किस तरह अपराधी बेखौफ हैं और मासूम लोग पीड़ित हो रहे हैं। यहां पीड़िता छात्रा ने 1 जुलाई से प्राचार्य और कॉलेज की आतंरिक शिकायत समिति के समक्ष शिकायत की थी। जब 12 दिनों तक उसकी शिकायत पर कोई काम नहीं हुआ और आरोप हैं कि इस बीच प्राचार्य ने कुछ छात्रों का समूह बनावकर उसे धमकाने की कोशिश की, और जिस शिक्षक पर आरोप लगा, वह भी मजे में घूमता रहा, तब जाकर हताश होकर उस छात्रा ने कॉलेज में ही खुद को आग लगा ली। उसे बचाने की कोशिश करने में एक छात्र भी बुरी तरह जल चुका है। बताया जाता है कि यह छात्रा संघ की विद्यार्थी शाखा अभाविप की सदस्या भी थी। हालांकि यौन उत्पीड़न का शिकार लोगों का धर्म, जाति या राजनैतिक विचारधारा देखने का कोई अर्थ नहीं है, क्योंकि यौन उत्पीड़न करना हर तरह से गंभीर अपराध है। लेकिन यहां छात्रा को जिस तरह अन्याय के बीच अकेला छोड़ दिया गया, उसमें न केवल भाजपा बल्कि अब अभाविप पर भी सवाल उठेंगे कि उसने अपनी एक सदस्या को इंसाफ दिलाने के लिए मोर्चा क्यों नहीं खोला।

बहरहाल अब कांग्रेस और बीजद ने इस मामले में मोर्चा खोला है। बुधवार को विधानसभा के बाहर बीजद के लोग विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे तो उन पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। ऐसी सख्ती पहले भी दिखाई जा चुकी है। लगता है अब मोहन मांझी सरकार का यही काम रह गया है कि वह विपक्ष का दमन करे और राज्य में होने वाले गंभीर अपराधों पर लीपापोती करे। फिलहाल सरकार ने प्राचार्य को निलंबित किया है, और जल्द इंसाफ करने का दावा किया है। लेकिन अब मोहन मांझी कुछ भी कर लें, उस युवती के प्राण वापस नहीं लाए जा सकते। जो तत्परता अब दिखाई जा रही है, 1 जुलाई के बाद उसका जरा सा अंश भी दिखाया जाता तो शायद एक उम्मीदों से भरी जिंदगी हमारे बीच होती।

# विदेशी मोर्चे पर भारत को दोहरा झटका

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

मोदी सरकार से घर तो संभल नहीं रहा, विदेश नीति में भी नरेन्द्र मोदी पूरी तरह नाकाम हो चुके हैं, यह बात कई तरह से सामने आई है। लेकिन हाल में दो ऐसे वाकए वैश्विक स्तर पर हुए हैं, जो भारत के लिए चिंताजनक हैं। हालांकि इस बात की पूरी उम्मीद है कि मोदी सरकार या भाजपा के कट्टर समर्थक इन चिंताओं को हवा में उड़ाकर कह दें कि मोदी है तो मुमकिन है और उसके बाद सब चंगा सी। लेकिन इस रवैये से न उनका भला होगा, न देश का। जुमलों से राजनीति चल सकती है, चुनाव जीते जा सकते हैं, जनता का ध्यान भी भटकाया जा सकता है, लेकिन वैश्विक मंच पर जुमले कारगर नहीं होते, खासकर ऐसे वक्त में जब भारत को नीचा दिखाने के लिए लोग बरसों से तैयार बैठे हों।

पहला प्रकरण यह है कि नाटो के प्रमुख मार्क रूट ने भारत को बाकायदा धमकी दी है कि अगर उसने रूस से व्यापार संबंध खत्म नहीं किए तो 100 प्रतिशत सैकेंडरी सेन्कशन्स यानी प्रतिबंध लग जाएंगे। दूसरा प्रकरण यह है कि चीन अब पाकिस्तान के साथ मिलकर दक्षिण एशियाई देशों के लिए कोई नया संगठन खड़ा करने की तैयारी में है। इस संगठन में भारत का कोई स्थान तो नहीं ही होगा, लेकिन नयी खतरनाक चुनौतियां रहेंगी, यह तय है। याद कीजिए राहुल गांधी ने संसद में कहा था कि मोदी सरकार की गलतियां चीन और पाकिस्तान को साथ ला रही हैं, अब वह आरोप सिद्ध होता दिख रहा है।

1947 में मिली आजादी के बाद ही भारत न केवल आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर खड़ा होने के काम में जुट गया, बल्कि अपने जैसे कई और देशों का इकबाल बुलंद करने के लिए पं.नेहरू ने गुटनिरपेक्षता का सिद्धांत दिया, जिसे तीसरी दुनिया के देशों ने हाथों-हाथ लिया। दूसरी तरफ पश्चिम का दबाव कम करने के लिए दक्षेस का गठन हुआ। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन यानी दक्षेस यानी सार्क जब 1985 में बना तब उद्देश्य यही था कि इसमें शामिल सभी देश एक दूसरे के साथ सहयोग करते हुए आगे बढ़ेंगे। 2014 के पहले की तमाम सरकारों ने सार्क के महत्व को बनाए रखा। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध होने के बावजूद सार्क के खत्म होने की नौबत नहीं आई। 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार पदभार ग्रहण किया तो सार्क देशों के प्रमुखों को न्यौता भेजकर यह जाहिर किया था कि वे भी अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों की राह पर चलकर विदेश नीति को वैसे का वैसा बनाए रखेंगे। लेकिन साल बीतते न बीतते श्री मोदी की अलग पहचान बनाने की ख्वाहिश ने ऐसा जोर पकड़ा कि अब सार्क पूरी तरह अप्रासंगिक हो गया है और इस शून्य को भरने के लिए चीन और पाकिस्तान नयी चाल चल रहे हैं। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक का उद्देश्य दक्षिण एशियाई देशों को इस नए संगठन में शामिल होने का आमंत्रण देना था। हालांकि बांग्लादेश ने ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। लेकिन इस तथ्य को कैसे झुठलाया जा सकता है कि चीन के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश एक साथ बैठे, और भारत इसमें अलग-थलग रहा। शेख हसीना को अपदस्थ करने और मो.युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार बनने के बाद से ढाका से भारत के रिश्ते खराब हो रहे हैं। इधर पाकिस्तान के साथ तो बात लगातार बिगड़ ही रही है। अभी ऑपरेशन सिंदूर में जब पाकिस्तान हार की कगार पर था, एक तरफ से अमेरिका ने सीजफायर का ऐलान कर दिया और दूसरी तरफ से पाक को आधुनिक हथियार देने के लिए चीन भी आगे आया। इस महीने की शुरुआत में फिक्की के एक कार्यक्रम में भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन ने उसे हर संभव समर्थन दिया।

पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध हमेशा तनावपूर्ण रहे हैं, और चीन भी पाक के जरिए भारत को घेरने की कोशिश करता रहा है, लेकिन यह सब इतने खुलेआम इससे पहले कभी नहीं हुआ। कारगिल युद्ध या मुंबई हमलों के बाद भी भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ा था, दोनों देशों के बीच कई बार मैच रद्द होने, कलाकारों को रोकने जैसी नाराजगी दिखाई गई है। लेकिन इन सबके साथ संवाद हमेशा चलता रहा, मोदी सरकार ने उसे भी बंद कर दिया है। अपने शपथग्रहण में पाक को दावत देने से लेकर नवाज शरीफ के घर खुद दावत में अचानक पहुंच जाने वाले श्री मोदी को शायद इस बात का डर है कि अगर उन्होंने पाक पर सख्ती दिखाने के साथ ही संवाद भी जारी रखा तो इससे उनकी राष्ट्रवादी छवि को धक्का लगेगा और देश का एक बड़ा तबका, जिसे भाजपा ने ही उग्रराष्ट्रवाद की घुट्टी पिलाई है, वो नाराज हो जाएगा। इस तबके को खुश रखने के लिए भाजपा ने चुनाव में विरोधियों के वोट काटने के लिए पाकिस्तान विरोधी बातें कहते हैं। हालांकि मोदी सरकार के समझदार लोग भी यह जानते होंगे कि पाकिस्तान से अबोला रखकर समस्याएं और बढ़ेंगी, सुलझेंगी नहीं।

दक्षिण एशिया में एक नए क्षेत्रीय संगठन की स्थापना की हलचल ऐसी ही एक समस्या दिखाई दे रही है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान मिलकर ऐसा संगठन बना सकते हैं, जो अब लगभग निष्क्रिय हो चुके सार्क की जगह ले लेगा। इस पहल के जरिए शायद भारत को यह संदेश देने की कोशिश है कि क्षेत्रीय समूह भारत के बिना और चीन के नेतृत्व में भी बनाए जा सकते हैं। बता दें कि सार्क का आखिरी सम्मेलन 2014 में हुआ था, इसके बाद 2016 में इस्लामाबाद में प्रस्तावित शिखर सम्मेलन का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने उरी आतंकी हमले के बाद यह कदम उठाया था, इसके बाद बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी सम्मेलन से किनारा कर लिया था। लेकिन पाकिस्तान के बहिष्कार के बावजूद भारत बाकी दक्षेस देशों को इस बात के लिए राजी नहीं कर सका कि वे पाक को अलग-थलग कर दें। ये देश भारत और पाक दोनों के साथ अपने-अपने स्तरों पर दोस्ती निभाते रहे।

> अगर चीन और पाकिस्तान कोई नया संगठन बनाते हैं और उसमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और मालदीव जैसे देश शामिल हो जाते हैं, तो भारत को जरूर चिंता होगी। भूटान को छोड़ दें तो कोई भी दक्षिण एशियाई देश शायद भारत के साथ खड़ा नहीं होगा। यानी भारत के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है।

भारत चाहता है कि वह किसी भी क्षेत्रीय समूह में 'केंद्र शक्ति' के रूप में उसे स्वीकार किया जाए, लेकिन अन्य देश इसे विभिन्न कारणों से स्वीकार नहीं करते हैं। ऐसे में मोदी सरकार को यह सोचना चाहिए कि क्यों उसकी बात को द.एशिया के देश सुनने तैयार नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान का आपसी तनाव शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) जैसे बहुपक्षीय मंच पर भी दिख रहा है। इसमें भी चीन पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकी को नि:संकोच दिखा रहा है। अब अगर चीन और पाकिस्तान कोई नया संगठन बनाते हैं और उसमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और मालदीव जैसे देश शामिल हो जाते हैं, तो भारत को जरूर चिंता होगी। भूटान को छोड़ दें तो कोई भी दक्षिण एशियाई देश शायद भारत के साथ खड़ा नहीं होगा। यानी भारत के लिए बड़ी चुनौती खड़ी होने वाली है, ऐसे में भारत को सार्क को पुनर्जीवित करने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए और पाकिस्तान के साथ किसी न किसी रूप में संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि अगली सार्क बैठक के समय प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की यात्रा कर सकें। भारत को अपने अन्य सार्क पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को भी बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहिए। यह सब करना इसलिए जरूरी है क्योंकि अब वैश्विक ताकतें फिर अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकी दे रही हैं। अभी रूस के साथ व्यापार संबंध रखने पर नाटो प्रमुख मार्क रूट ने सीधे तौर पर भारत, चीन और ब्राजील को धमकी दी है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर यह तीनों देश रूस से व्यापार जारी रखते हैं तो नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें।

नाटो प्रमुख मार्क रूट ने कहा, 'सुनिए.. अगर आप चीन के राष्ट्रपति हैं, या फिर भारत के प्रधानमंत्री हैं या फिर ब्राजील के राष्ट्रपति हैं और आप अभी भी रूसियों के साथ बिजनेस कर रहे हैं और उनका तेल और गैस खरीद रहे हैं, तो आप समझ लीजिए कि अगर मॉस्को में बैठा वो आदमी शांति वार्ता को गंभीरता से नहीं ले रहा है तो मैं 100 फीसदी का सेकेंडरी सैंक्शंस लगाने जा रहा हूं।'

उन्होंने कहा कि अगर यह तीनों देश रूस के साथ व्यापार करना जारी रखते हैं तो उन पर सेकेंडरी सैंक्शंस बहुत भारी पड़ सकते हैं। यह सैंक्शंस अमेरिका द्वारा इन देशों पर लगाया जा सकता है।

बता दूं कि नाटो प्रमुख ने यह बात बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों के साथ बैठक के दौरान कही। खास बात यह है कि एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के लिए नए हथियारों की घोषणा की, साथ में रूस से सामान खरीदने वाले देशों पर कठोर टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। मार्करूट ने कहा है कि व्लादिमीर पुतिन को फोन करें और उन्हें बताएं कि उन्हें शांति वार्ता के बारे में गंभीर होना होगा, वरना इसका ब्राजील, भारत और चीन पर व्यापक रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

विश्व राजनीति में धमकियों की अपनी भाषा और इतिहास रहा है। भारत ने भी इनका सामना किया है, लेकिन अब भारत क्या करेगा, यह देखना होगा। क्योंकि श्री मोदी से पहले कभी किसी प्रधानमंत्री ने विदेशी दौरों में लपक-लपक कर राष्ट्राध्यक्षों को गले लगाया, न उनसे निजी दोस्ती के ऐसे दावे किए कि हम तो तू तड़ाक की भाषा में बात करते हैं। बल्कि हर प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों के अनुरूप व्यवहार किया। इसलिए जब भी भारत को अलग-थलग करने की कोशिशें हुईं, तो वो नाकाम हो गईं। अब नाटो की धमकी पर चीन और ब्राजील क्या कहेंगे, यह पता नहीं, क्योंकि इन दोनों देशों ने कभी खुलकर डोनाल्ड ट्रंप के लिए वोट नहीं मांगे, न उन्हें अपना डियर फ्रेंड बताया। जबकि मोदी ऐसा करके खुद को फंसा चुके हैं।

# राहुल गांधी पिछले एक साल में विपक्ष के एक प्रभावी नेता के रूप में उभरे

■ कल्याणी शंकर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछले एक साल से विपक्ष के नेता (एलओपी) हैं। इस भूमिका में, वह भारत की संसद में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वह सरकार को जवाबदेह ठहराते हैं और जनता के विचारों के पक्ष में बोलते हैं। हालांकि विपक्ष के नेता की भूमिका संविधान में नहीं है, लेकिन यह गांधी को वरिष्ठ नौकरशाहों और सरकारी अधिकारियों को चुनने और सरकार पर कड़ी नज़र रखने में मदद करती है। वह विभिन्न संसदीय समितियों में भी शामिल हो सकते हैं। राहुल सरकार की शक्ति पर अंकुश लगाना चाहते हैं और ज़रूरत पड़ने पर कई विधायी कार्यों को सफलतापूर्वक रोक चुके हैं।

हालांकि एक साल उनके प्रदर्शन का पूरी तरह से मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त नहीं है, लेकिन यह उनकी नेतृत्व क्षमताओं का संकेत ज़रूर देता है। उनके प्रदर्शन का आकलन करते समय कई सवाल उठते हैं। विपक्ष के नेता के रूप में वे कितने प्रभावी रहे हैं? क्या वे एक अच्छे सांसद हैं? क्या वे सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने में सफल रहे हैं? क्या उन्होंने बजट समीक्षा के प्रति अपनी पार्टी के दृष्टिकोण पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है? इसके अलावा, क्या उन्होंने इस दौरान एक आदर्श उदाहरण के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है? क्या वे संसद के भीतर और बाहर विपक्ष को एकजुट करने में सक्षम रहे हैं? आदि।

2004 में राजनीति में प्रवेश करने के बाद से राहुल के राजनीतिक जीवन में सफलताओं और चुनौतियों का मिश्रण रहा है। साथ ही, विवादों ने उनकी ज़िम्मेदारियों के भार को रेखांकित किया है। कभी-कभी उन्होंने संसद में धरना-प्रदर्शनों में विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व किया। फिर भी, कई महत्वपूर्ण मौकों पर वे अनुपस्थित रहे।

> राहुल ने कांग्रेस पार्टी में पार्टी-प्रमुख और वर्तमान में विपक्ष के नेता सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उन्होंने पर्दे के पीछे काम किया है, पार्टी को जीत और हार के बीच मार्गदर्शन दिया है, जबकि 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री पद नहीं लिया। समर्थकों का दावा है कि गांधी ने 18वीं लोकसभा के दौरान एक मजबूत विपक्ष का प्रभावी नेतृत्व किया है।

राहुल ने कांग्रेस पार्टी में पार्टी-प्रमुख और वर्तमान में विपक्ष के नेता सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उन्होंने पर्दे के पीछे काम किया है, पार्टी को जीत और हार के बीच मार्गदर्शन दिया है, जबकि 2004 से 2014 तक मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री पद नहीं लिया।

समर्थकों का दावा है कि गांधी ने 18वीं लोकसभा के दौरान एक मजबूत विपक्ष का प्रभावी नेतृत्व किया है। गौरतलब है कि 2014 से 2024 के बीच किसी भी विपक्षी दल को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक 543 सीटों में से कम से कम 10प्रतिशत सीटें नहीं मिली थी। इसलिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उस एक दशक में यह पद रिक्त रहा। कम संख्या का मतलब स्थायी समितियों और प्रवर समितियों जैसी विभिन्न संसदीय समितियों में विपक्ष का प्रतिनिधित्व कम था।

2024 के चुनावों में, किस्मत ने कांग्रेस पार्टी का साथ दिया, जिसने 99 सीटें जीतकर एक पुनरुत्थान का संकेत दिया। भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों को एकजुट करने वाले इंडिया गठबंधन ने 234 सीटें हासिल कीं।

भाजपा 240 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन बहुमत से चूक गयी। उन्होंने सरकार बनाने के लिए जेडी(यू) और तेलुगु देशम पार्टी से समर्थन मांगा, जिससे अन्य दलों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए रणनीतियां बनाने की आवश्यकता पड़ी।

लोकसभा में अपने पहले दिन, विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सत्तारूढ़ गठबंधन को कानून के शासन का पालन करना चाहिए, जबकि विपक्ष को आर्थिक मंदी, बेरोज़गारी, जाति जनगणना और किसानों के संकट जैसे ज्वलंत मुद्दे उठाने चाहिए।

गांधी के कदम व्यर्थ नहीं गये। उनके नेतृत्व ने, एक तरह से, मोदी सरकार को जाति जनगणना और लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण विधेयक पर अपना रुख बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। ये केवल नीतिगत बदलाव नहीं हैं, बल्कि उनके नेतृत्व में आए महत्वपूर्ण बदलाव हैं, जो उनके प्रभाव के महत्व को रेखांकित करते हैं।

भाजपा और सत्तारूढ़ गठबंधन राजनीतिक महत्व के मुद्दों पर अलग-अलग विचार रखते हैं। विरोधी राहुल की आलोचना करते हैं कि वे विपक्ष के नेता के रूप में अपने कर्तव्यों की अनदेखी करते हुए अक्सर विदेश जाते हैं। उन्होंने पिछले एक साल में 300 विदेश यात्राएं की हैं। पीआरएस के अनुसार, संसद में उनकी उपस्थिति 51 प्रतिशत रही, उन्होंने 8 बहसों में भाग लिया, 99 प्रश्न पूछे और कोई भी निजी विधेयक नहीं लाया।

वे बताते हैं कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने कई राज्य खो दिये हैं। ज़ोर-शोर से किये गये प्रचार के बावजूद, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर जाने के लिए राजी नहीं कर पाये। अडानी उनका एक और प्रिय विषय है, लेकिन उन्हें अभी तक सफलता नहीं मिली है।

राहुल विपक्ष को एकजुट करने में पूरी तरह सफल नहीं रहे हैं। 2024 के चुनाव के बाद के परिदृश्य में उन्हें और चुनौतियों का सामना करना पड़ा। चुनावों के बाद गठबंधन में दरार आ गयी थी। आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियों की कांग्रेस से अलग राय थी।

2024 के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद से, इंडिया गठबंधन टूटने लगा है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाला एनडीए बरकरार है। इसके अलावा, विपक्ष के नेता के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के सहयोगी राहुल के साथ थे, लेकिन वे उन्हें अपनी एकमात्र आवाज़ बनने देने से हिचकिचा रहे हैं। यह विभाजन विभिन्न क्षेत्रीय नेताओं के अहंकार को दर्शाता है, जो इस भूमिका में गांधी का समर्थन करने से हिचकिचा रहे हैं।

विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में राहुल के सामने एक बड़ी चुनौती है। अपनी प्रभावशीलता दिखाने के लिए उनके पास अभी चार साल बाकी हैं। इंडिया गठबंधन में एकता बनाये रखने के लिए और ज़्यादा दलों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए, उन्हें अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना होगा। राहुल को उनकी चिंताओं को सुनने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कांग्रेस को उम्मीद है कि वह एक आदर्श बनेंगे, जबकि भाजपा और उसके सहयोगी उनकी असफलता की कामना करते हैं। यह स्पष्ट है कि राहुल ने विपक्ष के नेता के रूप में आत्मविश्वास हासिल कर लिया है और अगले चार सालों में वे और भी ज़्यादा साहसी हो सकते हैं। इसके लिए, उन्हें 24/7 विपक्ष के नेता के रूप में सक्रिय रहना होगा।

## आपके पत्र

### आत्मविश्वास से भरे नेता अपने दम पर महाराष्ट्र में जीतना चाहते हैं चुनाव

महाराष्ट्र में मुंबई महानगरपालिका के चुनाव का बिगुल बज चुका है। महाराष्ट्र में हिंदी का विरोध कर मराठी बोलने के लिए धांधली की गई। उसके पीछे मुंबई महानगर पालिका के चुनाव ही पर्याय है। चुनाव स्थगित होने से फहले मुंबई के मेयर शिवसेना से बनता आया है। महा अघाडी का महायुति से सुफड़ा साफ कर दिया था। इस बार भारी बहुमत से भाजपा सत्ता में आई और देवेंद्र फड़णवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनाए गए। अविभाजित शिवसेना ने ढाई दशक से अधिक समय तक शासन किया। शिवसेना के दोनों गुटों को चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। एकनाथ शिंदे और अजित पवार के विद्रोह के कारण शिवसेना और एनसीपी अलग हो गए। वृहदमुंबई नगर निगम महाराष्ट्र का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। महानगरपालिका का चुनाव नजदीक होने के कारण महाराष्ट्र नवनिर्माण पार्टी ने महाराष्ट्र में उनके कार्यकर्ताओ द्वारा मराठी भाषा बोलने के लिए मजबूर किया गया। मनसे के पास महाराष्ट्र में एक भी विधायक या सांसद नहीं है फिर भी उनके तीखे तेवर है जो कि हिंदी भाषी लोगों पर कहर बरपा रहे हैं। उद्धव और राज ठाकरे ने मराठी भाषा की अस्मिता को लेकर महाराष्ट्र सहित पूरे देश में खलबली मचा दी,लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात- वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। उद्धव ठाकरे सत्ता में आये तो भाजपा की वजह से और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने तो भी भाजपा की वजह से ही बने थे। शिवसेना और भाजपा का गठबंधन से उद्धव राज्य के मुख्यमंत्री बनाए गए। हिंदुत्व का राग अलापते रहे। उद्धव ने भाजपा के साथ सरकार बना ली थी। लेकिन उन्होंने भाजपा का साथ छोड़कर महाअघाडी का दामन थामते ही परिस्थितिया विपरीत हो गई है। शिवसेना में बगावत हो गई। शिवसेना का विभाजन हो गया और एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बना दिए गए। उद्धव अपनी शर्तों से गठबंधन चलाने चाहते थे इसलिए मतभेद उजागर होने लगा। उन्होंने एक तरफ गठबंधन तोड़ने की घोषणा की गई। अलबता,'महानगरपालिका के चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए उद्धव मैदान में है वहीं राज ठाकरे भी पार्टी की स्थिति मजबूत करने के लिए भाषा का विरोध कर रहे हैं। शिवसेना का अस्तित्व मुंबई महानगरपालिका निगम में छुपा है। वहा राज ठाकरे मराठी और हिंदी को राजनैतिक रूप देने में लगें है। राज ठाकरे द्वारा लोगो को भाषा के नाम पर प्रताड़ित किये जाने के बाद भी जनता का सब्र का बांध नहीं टूटा। राज और उद्धव का एक मंच पर बैठने से दोनों भाइयों के बीच मिलन हुआ है, यह समझना भूल होगी। क्योंकि राज और उद्धव दोनों मज़बूरी की वजह से मंच साझा किया और अपना कार्य पूर्ण होते ही वे एक दूसरे का मुंह तक नहीं देखेंगे। मनसे दादागिरी वाली राजनीति करती आ रही है। जब भी कोई चुनाव आता है ये लोग कुकरमुत्तों की तरह सड़क पर उतरकर लोगों को डराना और धमकाना शुरू कर देते हैं। महाराष्ट्र में मनसे की धमकी को जनता ने सिरे से खारिज करते हुए मनसे के कार्यकर्ताओं को नकार दिया है। चुनाव सिर पर है तब भाषा के लिए किए गए विरोध और मारपीट से मतदाता भी सबक जरूर लेंगे। उधर उद्धव आत्मविश्वास से भरे हुए हैं, अपने दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं। आगे आने वाला समय ही बताएगा।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### साथ-साथ चुनाव करवाने का विचार

*'हमारे सामने संयुक्त राज्य अमेरिका का उदाहरण है। वहां पर हर दो साल में एक तिहाई राज्यों में गवर्नर, विधानमंडल व सीनेट के लिए चुनाव होते हैं। इस वर्ष भी राष्ट्रपति चुनाव के साथ सोलह या सत्रह राज्यों में राज्य के गवर्नर, विधानमंडल व अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव होंगे। हमने ऊपर जो प्रस्ताव दिया है उसमें भी लगभग ऐसी स्थिति बनती है कि लोकसभा के साथ आधे राज्यों में चुनाव हो जाएं तथा बचे आधे राज्यों में बाद में। उनको भी शायद एक साल में साथ-साथ चुनाव कराने के लिए राजी करने की कोशिश की जा सकती है। निश्चित रूप से केन्द्र सरकार एक साथ सारे चुनाव कराने की युक्ति ढूंढ़ रही होगी, किन्तु जिन राज्यों में भाजपा-विरोधी सरकारें हैं वहां समय पूर्व चुनाव करवाना टेढ़ी खीर साबित होगा, उससे देश के संघीय ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा संवैधानिक प्रश्न भी उठ खड़े होंगे।'*

**(देशबन्धु में 23 जून 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/06/blog-post_22.html

## पावन प्रसंग

### ज्ञान का अहंकार ना करें

ऋषि आरुणि का पुत्र श्वेतकेतु वेद शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त कर आश्रम से वापस अपने घर आता है। वह सोचता है कि अब मैं अपने साथियों को शास्त्रार्थ में हराकर बताऊंगा। इस उधेड़बुन में वह घर आकर अपने पिता को भी प्रणाम नहीं करता और सीधे अंदर चला जाता है। उनके पिता आरुणि उसके आचरण को देखकर समझ गए कि श्वेतकेतु की शिक्षा अभी अधूरी है। क्योंकि इसे अभी सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान ही हुआ है, आध्यात्मिक ज्ञान नहीं। वेद शास्त्रों का ज्ञान यदि जीवन व्यवहार में न उतरे, आचरण में न उतरे तो वह ज्ञान एक बोझ मात्र ही है।

जब विद्या व्यक्ति के व्यवहार में उतरती है तो वह उसे विनम्र बनाती, विनयी बनाती है और श्वेतकेतु तो अपने पिता को ही प्रणाम करना भी भूल गया। वह विद्या उसके जीवन में अभी उतरी नहीं। ऋषि आरुणि क्षुब्ध हुए पर शांत रहे। न तो उन्होंने पुत्र पर क्रोध किया न ही उनके चेहरे की त्यौरियां चढ़ीं और न ही उनकी वाणी में आक्रोश आया; क्योंकि ऋषि जानते थे कि किसी व्यक्ति को भीतर से बदलने के लिए उसके भीतर ही बदलने का भाव उत्पन्न होना चाहिए और उनका क्रोध करना उसके अहं को और भी अधिक भड़का सकता है। वे मधुर स्वर में बोले-'पुत्र श्वेतकेतु! तुम बारह वर्षों तक ऋषि आश्रम में अनुशासनपूर्वक रहकर विद्या अध्ययन कर घर लौटे हो। तुमने सब कुछ पढ़ा है, जाना है। वेद और उपनिषद भी तुम्हें याद हैं, परंतु क्या तुम मुझे एक प्रश्न का उत्तर दे सकते हो?' श्वेतकेतु बोल उठा-'पिताजी, मैंने 12 वर्षों तक अध्ययन किया है और मैं पारंगत होकर लौटा हूं। आप जो भी पूछना चाहें, पूछ लें।'

ऋषि आरुणि पहले तो कुछ देर तक श्वेतकेतु की ओर देखते रहे फिर कुछ धीमें स्वर में बोले-'कुछ नहीं पुत्र, बस मैं तो सिर्फ यह जानना चाहता था कि संसार में वह एक वस्तु, क्या है? जिसको जानने से सबका ज्ञान हो जाता है?' श्वेतकेतु बार-बार अपनी बुद्धि पर जोर लगाता रहा, प्रयास करता रहा पर उस प्रश्न का कोई उत्तर उसकी बुद्धि नहीं दे सकी। अंत में जब उसे पिता के प्रश्न का उत्तर नहीं सूझ सका तब वह लज्जित होकर और विनयी होकर अपने पिता से उस प्रश्न का उत्तर जानने की प्रार्थना करने लगा। उसे अपनी भूल का भान हुआ। वह अपने पिता के चरणों गिर पड़ा और हाथ जोड़कर कहने लगा-हे भगवान! जिस एक वस्तु को जान लेने से सब कुछ जाना जा सकता है, उसे मैं नहीं जानता। लगता है मेरा ज्ञान अवश्य ही अभी अधूरा है। आप ही कृपा करके मुझे उस एक वस्तु के बारे में बताइए, जिसे जानने से सब कुछ जाना जा सकता है?'

ऋषि आरुणि आपने पुत्र को दुलारते हुए बोले-'वत्स श्वेतकेतु, वह वस्तु सत्य है। एक बार सत्य के स्वरूप को जान लेने से, पहचान लेने से सब कुछ जान लिया जाता है। फिर संसार में कुछ भी जानने को शेष नहीं रह जाता।'

श्वेतकेतु को यह बात समझ में नहीं आई। उसने फिर प्रश्न किया- पिताजी, संसार तो बड़ा विराट है। संसार रंग बिरंगा है। संसार में विविध प्रकार के प्राणी हैं, वनस्पतियां हैं, विषय हैं, व्यक्तियों, वनस्पतियों का परिचय भी अलग-अलग हैं, परंतु आप कहते हैं कि इन सबों का परिचय केवल एक सत्य को जानने मात्र से हो जाता है। मेरी समझ में बिलकुल नहीं आया।

ऋषि उन्हें समझाने लगे- सत्य एक ही है किन्तु रंग अनेक हैं, अग्नि में लालिमा तेज की है। सफेदी जल की है और श्यामला पृथ्वी की है। इसी प्रकार अन्न की तीन क्रियाएं हैं, विष्ठा, मांस और मन।

**-अखंड ज्योति**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## बेलारूस विश्वविद्यालय में चीन शोध केन्द्र की शुरूआत

**मिन्स्क।** बेलारूस स्टेट यूनिवर्सिटी (बीएसयू) में बेलारूस-चीन आधारभूत वैज्ञानिक शोध केंद्र खोला गया है। बेल्टा समाचार एजेंसी ने आज बताया यहां बताया कि इस उद्घाटन समारोह में बीएसयू रेक्टर आंद्रेई कोरोल और पेकिंग विश्वविद्यालय के अध्यक्ष गोंग किहुआंग ने भाग लिया। यह केंद्र दोनों विश्वविद्यालयों की एक संयुक्त पहल है। केंद्र की स्थापना का पहला कदम नवंबर 2024 में पेकिंग विश्वविद्यालय में इसकी चीनी शाखा के शुभारंभ के साथ हुआ था। विश्वविद्यालयों के बीच पहला समझौता ज्ञापन 2019 में किया गया और तब से इस दिशा में सहयोग बढ़ रहा है।



# अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश




**लॉस एंजिल्स में हजारों सदस्य अभी भी बिना किसी कारण के तैनात हैं और प्रांत में अपने महत्वपूर्ण कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हैं : न्यूसम**

**लॉस एंजिल्स,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है।

अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा, 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है।

बयान में कहा कि 'संघीय सुरक्षा मिशन' ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिकारियों ने कहा कि इकाइयां 'व्यवस्थित तरीके से' फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है जिन्हें वापस भेजा जा रहा है।

गौरतलब है कि ट्रम्प प्रशासन ने जून में लॉस एंजिल्स क्षेत्र में आव्रजन प्रवर्तन छापों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद लगभग 4,000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड सदस्यों और लगभग 700 सक्रिय मरीन सैनिकों को तैनात किया था। कैलिफ़ोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास ने नेशनल गार्ड की तैनाती की तीखी आलोचना की और तर्क दिया कि भारी सैन्य तैनाती ने शांति बहाल करने के बजाय तनाव और बढ़ा दिया है। दोनों अधिकारियों ने मंगलवार को दोहराया कि जन-सुरक्षा कार्यों का पूरा नियंत्रण तुरंत राज्य और स्थानीय एजेंसियों को वापस दिया जाना चाहिए।

श्री न्यूसम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लॉस एंजिल्स में हज़ारों सदस्य अभी भी बिना किसी कारण के तैनात हैं और प्रांत में अपने महत्वपूर्ण कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हैं। इस नाटक को खत्म कर सभी को वापस भेजें। सुश्री बास ने कल शाम एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा सैनिकों को 'अनावश्यक रूप से तैनात' किया गया और 'प्रयोग के तौर पर इस्तेमाल' किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की वापसी के बाद भी लगभग 2,000 गार्ड और 700 मरीन लॉस एंजिल्स क्षेत्र में बने रहेंगे। उनकी ज़िम्मेदारियों में संघीय भवनों की सुरक्षा और अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंटों को उनके कार्यों में सहायता प्रदान करना शामिल है।

# शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरी : भारत

**न्यूयॉर्क,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरूरी है। श्री हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था। उन्होंने अपराधियों को सजा दिलाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की रणनीतियों पर जोर देते हुए कहा कि न्याय से शांति सैनिकों की सुरक्षा में प्रत्यक्ष रूप से सुधार होता है, जिससे वे अपने खास मिशन को पूरा कर पाते हैं। इस जिम्मेदारी को पूरा करना हमारा साझा कर्तव्य है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने एक बयान में कहा कि जवाबदेही, केवल व्यक्तियों के लिए न्याय का मामला नहीं है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के प्रभाव और विश्वसनीयता का आधार है। .इस कार्यक्रम में करीब 40 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराध करने वालों को कानून के दायरे में लाने के लिए रणनीतियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया।

**संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती : पी. हरीश**




## सुडोकू 6975

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | | 2 | |
| | 1 | 6 | | | 8 | | | 9 |
| | | | | | 5 | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 4 | | | 7 |
| | 4 | | 6 | | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | 7 | |
| | 3 | | 7 | | | | | |
| | | 4 | | | | 1 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 17 जुलाई , 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है।

वृषभ - व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा। दांपत्यजीवन में संतोष और आनंद रहेगा। पर्यटन का आयोजन होगा।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क - आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं। अधिकारियों से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

कन्या - सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे। पति-पत्नी के बीच घनिष्ठता बढ़ेगी।

तुला - आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी। आभूषण खरीदने का भी मन करेगा।

वृश्चिक - आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें। हालांकि वित्तीय आयोजन के लिए समय अच्छा है।

धनु - आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर - आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा। शेयर- सट्टे में लगाए हुए पैसे का लाभ दिलवाएंगे।

कुंभ - मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें। वाणी पर संयम नहीं रहने से पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होने की आशंका है। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन - आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है। सगे-संबंधियों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# श्रीलंका के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर जोर

■ **श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दो हफ्ते की भारत यात्रा पर आया**



**दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और भविष्य की दिशा तय करने में युवा नेताओं की अहम भूमिका है : विक्रम मिस्री**

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। श्रीलंका के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों पर चर्चा हुई। श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के 24 नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दो हफ्ते की भारत यात्रा पर आया। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और भविष्य की दिशा तय करने में युवा नेताओं की अहम भूमिका है। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के 24 युवा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे की शुरुआत करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मिला। मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव ने भारत-श्रीलंका साझेदारी को मजबूत करने में युवा नेताओं की अहम भूमिका पर जोर दिया।

बैठक में क्षेत्रीय भू-राजनीतिक हालात और भारत-श्रीलंका के बीच हुए सुरक्षा समझौतों पर भी चर्चा हुई। पिछले हफ्ते, श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने भारत यात्रा पर आने से पहले 14 दलों के 24 नेताओं के श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों के बेहतर भविष्य के लिए रिश्तों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में उपसभापति रिजवी सालेह, अलग-अलग दलों के 20 सांसद, महासचिव और श्रीलंकाई संसद के चार वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 2,500 साल से भी पुराना रिश्ता है, जिसमें मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध शामिल हैं। भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए साझेदारी की सोच में श्रीलंका का अहम स्थान है। इससे पहले अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका का दौरा किया था और वहां के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। सितंबर 2024 में राष्ट्रपति दिसानायका के पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वीपीय राष्ट्र की राजकीय यात्रा करने वाले पहले विदेशी नेता बने हैं।

## रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम को अस्वीकारा

**मॉस्को/कीव,** 16 जुलाई (वार्ता) रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन ( नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। श्री ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

## वर्ग पहेली 6975

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. मधुदैत्य का वध करने वाले श्रीकृष्ण, भौंरा
४. जिसका विरोध न हुआ हो, स्वच्छंद, श्रीकृष्ण के प्रपौत्र
६. लौटना, वापस आना
७. हालत, दशा, आनंद, मजा, रंग
८. झूठ, झूठी बात
१०. फौरन
११. नियम बनाने वाला, व्यवस्थापक, नियंता
१३. पृष्ठ या पन्ने के चारों ओर प्रायः सादा किनारा (उर्दू)
१४. कीमत
१५. चंदन
१७. दया, कृपा
१९. चेहरे पर का काला धब्बा,
२१. दर्शन करना, निहारना
२२. किसी दल या गिरोह का प्रधान
२४. मछुआरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. फूलों का पराग
२. सूर्य पुत्री, यमुना
३. नया आया हुआ
४. बेहद
५. अपमानित (उर्दू)
९. रूढ़िवादी (उर्दू)
११. व्यर्थ, बेतार, फलरहित
१२. कामदेव
१३. स्थिति, दशा (उर्दू)
१४. कमल
१५. शिव
१६. नाम के अनुरूप
१८. रक्तपान करने वाला
१९. कछुआ
२०. उपाधि, खिताब
२३. दिनांक

### वर्ग पहेली-6974

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ हा | र | ३ क | ■ | ४ प | थ | ५ क | र |
| भि | ■ | ज | ■ | ६ स | म | क्ष | ■ | र्क | ■ |
| ७ ला | ग | त | ■ | म | ■ | ८ पा | ठ | शा | ९ ला |
| षा | ■ | मं | ■ | १० सा | बि | त | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ ब | द | १२ ल | ना | ■ | ■ | १३ प्र | लो | भ |
| ■ | ल | ■ | क्ष | ■ | १४ आ | दि | त्य | ■ | व |
| १५ नि | वा | १६ र | ण | ■ | दे | ■ | १७ य | १८ व | न |
| के | ■ | स | ■ | १९ रो | श | २० नी | ■ | त्य | ■ |
| २१ त | बा | ही | ■ | च | ■ | २२ ति | जा | र | २३ त |
| न | ■ | २४ न | स | क | टा | ■ | ■ | ■ | र्क |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# सीरिया पर इजरायली एयर स्ट्राइक की निंदा में मध्य पूर्वी देश एकजुट



**अम्मान,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। जॉर्डन, कतर, ईरान, कुवैत और सऊदी अरब सहित कई मध्य पूर्वी देशों ने सीरिया के दक्षिणी शहर स्वैदा के पास सीरियाई सैन्य काफिलों पर इजरायली एयर स्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। एक संयुक्त बयान में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बताया उन्होंने सेना को सीरियन फोर्स और हथियारों पर 'तत्काल हमला' करने का आदेश दिया है, ताकि सीरियाई शासन को ड्रूज समुदाय पर नुकसान पहुंचाने से रोका जा सके। सीरिया पर इजरायली हमले की निंदा करते हुए, जॉर्डन के विदेश और प्रवासी मंत्रालय ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन और सीरिया की स्थिरता, संप्रभुता और सुरक्षा को निशाना बनाने वाला एक खतरनाक हमला बताया। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता, राजदूत सूफियान अल-कुदाह ने इन हमलों को तुरंत रोकने और सीरिया जैसे सहयोगी राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करने पर जोर दिया है। राजदूत ने सीरिया, उसकी सुरक्षा, स्थिरता, संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और उसके नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सऊदी अरब के रुख और पूर्ण एकजुटता को दोहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि सीरिया की सुरक्षा और स्थिरता क्षेत्रीय स्थिरता की आधारशिला है। कतर के विदेश राज्य मंत्री, मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज बिन सालेह अल खुलैफी ने पुष्टि की है कि उनका देश दक्षिणी सीरिया के अस-सुवेदा शहर में हो रहे घटनाक्रम पर नजर रख रहा है।

## पाकिस्तान में मानसूनी बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 116 की मौत

**इस्लामाबाद,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि देश में मानसून की भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ ने 26 जून से अब तक 116 लोगों की जान ले ली है। इसके अलावा, 253 लोग घायल हुए हैं। एनडीएमए की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में 5 और लोगों की मौतें हुई हैं, जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा 44 मौतें पूर्वी पंजाब प्रांत में हुई हैं। इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में 37, दक्षिणी सिंध में 18 और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान में 16 मौतें दर्ज की गई हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में 1 मौत हुई और 5 लोग घायल हुए, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान और इस्लामाबाद में कोई हताहत नहीं हुआ है। एजेंसी ने पाकिस्तान के कई राज्यों के लिए मौसम संबंधी चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के मुताबिक, पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के कुछ हिस्सों में गुरुवार तक भारी बारिश और बाढ़ की आशंका जताई गई है।



## आज का इतिहास


1489-निजाम खान को सिंकदर शाह लोदी द्वितीय के नाम से दिल्ली का सुल्तान घोषित किया गया।
1712-इंग्लैंड , पुर्तगाल और फ्रांस ने युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
1850-हार्वर्ड वेधशाला ने तारे का पहला फोटोग्राफ लिया।
1893-इंग्लैंड के आर्थर श्रेव्सबरी टेस्ट क्रिकेट में 1000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।
1919-यूरोपीय देश फिनलैंड में संविधान को स्वीकृति प्रदान की गई।
1943-परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक फ्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म।
1948-भारत में महिलाओं को सभी सार्वजनिक सेवाओं में भर्ती होने की पात्रता मिली।
1950-पंजाब के पठानकोट शहर के पास भारत की पहली यात्री विमान दुर्घटना।
1971-हिंदी और भोजपुरी फ़िल्मों के सक्रिय अभिनेता रवि किशन का जन्म।
1987-ईरान और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंध टूटे।
1994-धूमकेतू शुमेकर लेवी-9 का पहला टुकड़ा बृहस्पति से टकराया।
1995-फोर्ब्स पत्रिका ने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स को दुनिया का सबसे अमीर आदमी घोषित किया।
1997-भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान पूजा सिहाग का जन्म।
2002-रूस की स्वेतलाना फीफाप्रोवा ने पोल वाल्ट स्पर्द्धा में नया यूरोपीय रिकार्ड क़ायम किया।
2003-उत्तर पूर्व कांगो के दुनिया शहर में जातीय हिंसा में 54 लोग मारे गये।

**आपत्ति** *भारत की बांग्लादेश में फिल्मकार सत्यजीत रे के पुश्तैनी घर को बचाने की पहल*

# भारत ने तोड़फोड़ को लेकर जताई आपत्ति

**ढाका,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में फिल्मकार सत्यजीत रे से जुड़े 200 साल पुराने पुश्तैनी घर को गिराने की जमकर आलोचना हो रही है, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों को काम अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है। हरिकिशोर रॉय रोड पर स्थित और सत्यजीत रे के दादा उपेंद्रकिशोर रे से जुड़ी इस ऐतिहासिक एक मंजिला इमारत को मयमनसिंह जिला बाल अकादमी की ओर से गिराया जा रहा था। यहां नई इमारत बनाने के लिए पुरानी इमारत गिराई जा रही है। इस पर हेरिटेज एक्टिविटी, पुरातत्व विभाग और भारत सरकार ने आपत्ति जताई।

लोकल जर्नलिस्ट ने कहा कि सरकार अब यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि यह घर सत्यजीत रे के परिवार का नहीं है, लेकिन इतिहास कुछ और ही कहानी कहता है। यह घर मूलरूप से मैमनसिंह के मुक्तागचा जमींदारी के संस्थापक श्रीकृष्ण आचार्य के वंशज, जमींदार शशिकांत आचार्य के स्टाफ के लिए बनाया गया था, जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। मैमनसिंह के कटियाडी के एक प्रसिद्ध जमींदार हरिकिशोर रे, बंगाली बाल साहित्य के अग्रदूत उपेंद्रकिशोर रे चौधरी, उनके बेटे सुकुमार रे और पोते सत्यजीत रे के पूर्वज थे। हरिकिशोर ने पांच साल की उम्र में उपेंद्र किशोर को गोद लिया था। उन्होंने मैमनसिंह में अपनी शिक्षा शुरू की और 1880 में मैमनसिंह जिला स्कूल से छात्रवृत्ति के साथ प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। जिले के बाल मामलों के अधिकारी मोहम्मद मेहदी जमान के अनुसार, संरचना को वर्षों पहले परित्यक्त घोषित कर दिया गया था और 2010 के बाद यह अनुपयोगी हो गई थी। हम एक किराए के भवन से काम कर रहे हैं, जिसके लिए हमें मासिक 47,000 टका (बांग्लादेशी रुपए) का भुगतान करना पड़ता है, जो सरकार पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ है। मरम्मत की कोशिश विफल रही और इमारत को असुरक्षित माना गया। उन्होंने कहा कि मेसर्स मयूर बिल्डर्स द्वारा किए गए विध्वंस का उद्देश्य संरचना को एक अर्ध स्थायी सुविधा में बदलना था, जिसमें बाद में पांच मंजिला इमारत बनाने की योजना थी। हालांकि, इस कदम की तीखी आलोचना हुई है। फील्ड ऑफिसर सबीना यास्मीन के नेतृत्व में पुरातत्व विभाग ने औपचारिक रूप से चिल्ड्रन्स अकादमी से विवरण का अनुरोध किया है, जिसमें घर के ऐतिहासिक मूल्य पर प्रकाश डाला गया है। यास्मीन ने कहा कि इसे अभी तक पुरातात्विक स्थल के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है और सोशल मीडिया पर आलोचना की बाढ़ आ गई है, इंटरनेट यूजर, साहित्यकार और विरासत प्रेमी रे परिवार की विरासत से जुड़े इस स्थल को ढहाने के फैसले की कड़ी निंदा कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया है और बांग्लादेश को एक पत्र भेजकर विध्वंस रोकने एवं जीर्णोद्धार के लिए समर्थन की पेशकश की है।



■ **यहां नई इमारत बनाने के लिए पुरानी इमारत गिराई जा रही है**

## दुनिया को जानें

# इस साल चीन आने वाले विदेशियों की संख्या में काफी इजाफा

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2025 की पहली छमाही में चीन में प्रवेश करने और चीन से जाने वाले विदेशी लोगों की संख्या बढ़कर 3 करोड़ 80 लाख 53 हजार पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30.2 प्रतिशत अधिक हुई। इनमें से 1 करोड़ 36 लाख 40 हजार विदेशी लोगों ने वीजा-मुक्त प्रवेश किया, जिसका अनुपात चीन में प्रवेश करने वाले विदेशी लोगों की कुल संख्या में 71.2 प्रतिशत है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 53.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पूरे चीन में आव्रजन प्रबंधन एजेंसियां आव्रजन प्रबंधन के क्षेत्र में संस्थागत खुलेपन को लगातार बढ़ावा दे रही हैं और आव्रजन प्रबंधन सेवाओं की दक्षता में निरंतर सुधार कर रही हैं। चीन ने देश की वीजा-मुक्त पारगमन नीति के कार्यान्वयन को अनुकूलित किया है। चीन ने इंडोनेशिया को 240 घंटों के वीजा-मुक्त पारगमन वाले देश के रूप में जोड़ा है। ऐसे में चीन की 240 घंटों की वीजा-मुक्त पारगमन नीति के अंतर्गत आने वाले देशों की कुल संख्या बढ़कर 55 हो गई है। साथ ही, चीन ने क्षेत्रीय वीजा-मुक्त प्रवेश नीति प्रस्तुत की और चीन के युन्नान के शीश्वांगबन्ना में प्रवेश करने वाले आसियान पर्यटक समूहों के लिए वीजा-मुक्त नीति लागू की है।

# प्रादेशिकी

## राज्य-चिह्न का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ सुमिता मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. सुमिता मिश्रा ने नागरिकों से भारत के राज्य-चिह्न, जो भारत सरकार की आधिकारिक मुहर है, का दुरुपयोग न करने की एक कड़ी सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से निजी वाहनों, लेटरहेड और साइनबोर्ड पर इस चिह्न के अनधिकृत प्रदर्शन के विरुद्ध चेतावनी दी है, और इस बात पर ज़ोर दिया है कि ऐसा कृत्य कानून का गंभीर उल्लंघन है और इसके लिए कड़ी सज़ा दी जायेगी। डॉ. मिश्रा ने बुधवार को कहा कि भारत का राज्य चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह-स्तंभ का एक रूपांतर है। इस प्रतीक चिह्न का उपयोग भारत के राज्य प्रतीक चिह्न (अनुचित प्रयोग निषेध) अधिनियम, 2005 और (प्रयोग विनियमन) नियम, 2007 द्वारा नियंत्रित होता है, जिसमें 2010 में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि ये कानून भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकृत न किये गये व्यक्तियों या संगठनों द्वारा इसके उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाते हैं।

# लोक पर्व हरेला पर धामी ने रोपा रुद्राक्ष का पौधा

## प्रदेश में हरेला का त्योहार मनाओ, `धरती मां का ऋण चुकाओ' थीम पर किया गया पौधा रोपण

- उत्तराखंड में लोकपर्व हरेला की धूम
- सरकार ने रखा 5 लाख पौध रोपण का लक्ष्य

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के पावन अवसर पर गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज परिसर, देहरादून में 'हरेला का त्योहार मनाओ, धरती माँ का ऋण चुकाओ' थीम पर आयोजित राज्यव्यापी पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए समस्त प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा रोपा ।

राज्य सरकार ने हरेला पर्व पर प्रदेश भर में आज 5 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। गढ़वाल मंडल में 3 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य है तो कुमाऊं मंडल में 2 लाख पौधे रोपे जाएंगे। हरेला पर्व को लेकर प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संस्कृति, प्रकृति और चेतना से जुड़ा एक गहरा भाव है, जो हमें पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि हरेला पर्व के दिन लगभग 5 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के प्रत्येक डिवीजन में 50 प्रतिशत फलदार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महाभियान में सरकार ने जनसहभागिता, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं, महिला समूहों और पंचायतों का सहयोग लिया जा रहा है।



### प्रकृति पूजन और पर्यावरण संरक्षण का पर्व हरेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज बहुत ही शुभ दिन है। प्रकृति पूजन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारे पूर्वजों ने हरेला पर्व लंबे समय से मनाया जाता रहा है। ऐसे में हमने हरेला पर्व पर प्रकृति का पूजन किया है, साथ ही प्रदेश भर में आज के दिन कम से कम पांच लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। ये पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा काम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया था, उसका ये दूसरा साल है। ऐसे में इस अभियान के तहत देश भर में करोड़ों पेड़ लगाए जाएंगे।

### कृषि मंत्री गणेश जोशी और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी दी शुभकामनाएं

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में श्रावण मास में हरेला पूजन के उपरांत वृक्षारोपण करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जो हमारी सांस्कृतिक चेतना और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रमाण है। हरेला पर्व हमें यह सिखाता है कि प्रकृति की रक्षा करना केवल दायित्व नहीं, बल्कि एक पुनीत कर्तव्य है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि लोकपर्व हरेला प्रदेश के 2,389 स्थानों पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हरेला पर्व पर लगाए गए पौधों का सर्वाइवल रेट 80 प्रतिशत से अधिक रहा है। उन्होंने जल स्तर में हो रही गिरावट को गंभीर चिंता का विषय बताया और कहा कि इसके लिए हमें पौधारोपण एवं जलधाराओं के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने होंगे।

### जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस पहल : एसआरआरए का गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (एसआरआरए)' का गठन किया गया है। इसके माध्यम से अब तक 6,500 से अधिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है और वाहनों में कूड़ेदान अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा सके।

# प्रदेश की 1820 हेक्टेयर भूमि पर हरियाली लाने का संकल्प

- वन विभाग और जाइका वानिकी परियोजना ने रखा लक्ष्य
- राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के तहत 600 हेक्टेयर भूमि पर रोपे जाएंगे पौधे

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश वन विभाग ने इस बार 1820 हेक्टेयर भूमि पर हरियाली लाने का संकल्प लिया है। वन विभाग खुद एक हजार हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपेगा, जबकि राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के तहत 600 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में जल्द ही राज्य स्तरीय वन महोत्सव से पौधरोपण अभियान शुरू होगा। प्रदेश की बंजर जमीन पर हरियाली लाने के लिए वन विभाग ने यह लक्ष्य रखा है। इसके साथ-साथ जाइका वानिकी परियोजना ने 220 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है, जो



विभागीय और जन सहभागिता के माध्यम से पूरा होगा। बता दें कि पिछली बार जाइका वानिकी परियोजना ने 1296 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत प्रदेश में 100 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया गया। प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते दो जून को हमीरपुर में राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत प्रदेश की 600 हेक्टेयर जमीन पर पौधे रोपे जाएंगे। यह योजना न सिर्फ वन क्षेत्र बढ़ाने पर केंद्रित है, बल्कि स्थानीय समुदायों को आजीविका और रोजगार के नए अवसर भी देती है। बताया गया कि इस योजना के तहत बंजर भूमि पर फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे, जिससे पर्यावरण को लाभ मिलेगा और लोगों को फल उत्पादन के माध्यम से आर्थिक मदद भी मिलेगी। यह एक दोहरा लाभ देने वाली योजना है। इस योजना के तहत स्थानीय लोगों खासकर महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और युवक मंडलों को वनों की देखरेख में भागीदार बनाना भी है। महिला मंडल, युवक मंडल और स्वयं सहायता समूह इस पहल की रीढ़ हैं। वे केवल पौधरोपण के साथ-साथ पांच वर्षों तक पौधों की देखभाल भी करेंगे। इससे पौधों की दीर्घकालिक जीवंतता सुनिश्चित होगी और सामुदायिक सहभागिता भी मजबूत होगी।

### एक हजार पौधे रोपने लक्ष्य

वन विभाग ने इस बार एक हजार हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है, इसके साथ-साथ राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना के तहत 600 हेक्टेयर और जाइका वानिकी परियोजना ने 220 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। कुल मिलाकर 1820 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपे जाएंगे।

## सार संक्षेप

### भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए युवाओं को किया प्रेरित

**देहरादून।** भारतीय सेना के युवाओं को जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'कारवां टॉकीज़ - जाइन इण्डियन आर्मी' अभियान के अंतर्गत 15 और 16 जुलाई को हरिद्वार ज़िले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में दो दिवसीय प्रेरणादायक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन ओम आयुर्वेदिक कॉलेज (ग्रोरवाला), श्री स्वामी भुमानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग (अलीपुर), चिन्मय एडवांस्ड रिसर्च एजुकेशन, कोर यूनिवर्सिटी, और पतंजलि विश्वविद्यालय (हरिद्वार) में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेना के प्रेरणादायक सत्रों से गहराई से जुड़े। सेना के प्रतिनिधियों ने अग्निवीर भर्ती, तकनीकी ट्रेड्स जैसे कि सेना चिकित्सा कोर, रिमाउंट वेटरनरी कोर और अधिकारियों के स्तर पर प्रवेश की जानकारियाँ ऑडियो-विजुअल डिस्प्ले और व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से साझा कीं।

### केदारनाथ से वापस आते श्रद्धालुओं का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही, प्रशासन में हड़कंप मच गया। समय पर चालक सहित सभी नौ लोगों को सुरक्षित वाहन से निकाल लिया गया।
जिला आपदा परिचालन केन्द्र प्रभारी, रूद्रप्रयाग, नंदन सिंह रजवार के अनुसार, आज दोपहर 12:50 बजे एक कॉलर संदीप द्वारा अवगत कराया गया कि एक मैक्स वाहन संख्या- यू0के0 10 टी0ए 0096 जो कि केदारनाथ से वापसी रूद्रप्रयाग की ओर गुप्तकाशी -ल्वारा मोटर मार्ग के रास्ते आ रही थी, टेमरिया गिवाड़ी गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। सभी घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्त्यमुनि लाया गया है।

### होशियापुर में भिखारियों के चंगुल से छुड़ाए गए चार बच्चे

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर जिले में बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की ओर से चलाये गये एक विशेष अभियान के दौरान बुधवार को चार बच्चों को बचाया गया। यह अभियान उपायुक्त आशिका जैन की देखरेख में और प्रोजेक्ट जीवन ज्योत के तहत जारी दिशानिर्देशों के अनुसार चलाया गया। छापेमारी का नेतृत्व जिला बाल संरक्षण अधिकारी (डीसीपीओ) हरप्रीत कौर ने किया।

# भाजपा के मीडिया प्रभारी ने हरीश रावत को बताया कांग्रेस का धृतराष्ट्र

- बोले-श्रीकृष्ण के उपदेशों को दुर्योधन से घालमेल की कोशिश धर्म शास्त्र का उपहास



**देहरादून,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि हिंदू सनातन मतावलंबियों का अपने महाग्रंथ भागवत गीता और रामायण मे अगाध श्रद्धा है और ये हमारी दिनचर्या तथा जीवनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत जिस तरह से भागवत गीता मे श्रीकृष्ण के उपदेशों को दुर्योधन से घालमेल की कोशिश कर रहे हैं वह एक तरह से धर्म शास्त्र का उपहास भी है।


चौहान ने कहा कि कर्म योग को नये शिरे से परिभाषित कर रहे हरदा को यह खुद ही तय करना चाहिए कि वह कांग्रेस के बुजुर्ग नेता हैं और उन पर कौन सा किरदार फिट बैठता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मे बड़े से छोटे नेताओं की लम्बी फेहरिशत हैं जो उन्हे धृतराष्ट्र के रूप मे देखते हैं। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के बजाय वह परिवार के मोह मे शुरू से ही फंसे रहे हैं और अपनी सुविधा के अनुसार न्याय के तराजू को पकड़ने का नाटक करते हैं।चौहान ने कहा कि उन्हे देश की संसद के लिए भी उम्मीदवार परिवार से चाहिए तो राज्य की विधान सभा के लिए परिवार का कोई सदस्य हो और जब सीएम की बात हों तो वह स्वभाविक दावेदार रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मे चल रही महाभारत मे वह खुद ही धृतराष्ट्र और खुद ही दुर्योधन की भूमिका मे हैं। हरदा कांग्रेस सरकर आने पर जो भी मुखिया बना उसकी चूलें हिलाने की अनवरत कोशिश करते रहे हैं और 2014 मे वह सफल भी हो गए जब वह खुद ही सीएम बने। उसके बाद दो चुनाव मे वह सीएम के चेहरे बने रहे। चौहान ने कहा कि परिवार मोह और सत्तालोलुपता के कारण कांग्रेस खाली हो रही है, लेकिन वह कर्मयोगी का आडंबर रच रहे हैं। भगवान कृष्ण ने धर्म विरोधियों के प्रतिकार के लिए अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया जो सर्वथा उचित था, तो हरदा को ऐसी चिंता किसके लिए है? उन्होंने कहा कि गीता मोह, भय और मोक्ष के द्वार खोलकर सभी विकारों को समाप्त करती है। भाजपा सनातन परंपरा का निर्वहन कर गीता और उपदेशों को सर्वाधिक महत्व देती है। इससे सार्वजनिक जीवन मे सेवा और सदाचार का भाव अधिक जागृत होता है।

# प्रभावितों के पुनर्वास के लिए, जी जान से जुटे हैं :जयराम

## समय से उपलब्ध हो लोगों को सहायता और सरकार से मिले पुनर्वासन योजनाओं का लाभ

**मण्डी,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नेता प्रतिभा की जय राम ठाकुर ने कहा कि राहत के साथ-साथ अब इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की दिशा में साथ-साथ काम करना पड़ेगा। हम हिमाचल के हर आपदा प्रभावित के पुनर्वासन के लिए की जान से जुटे हैं। आपदा प्रभावितों के हित की बात हम हर मंच से उठा रहे हैं आगे भी उठाते रहेंगे। यह तबाही इतनी बड़ी है कि बिना सबका साथ दिए इससे उबरना कठिन होगा। अभी भी बहुत जगह पर सड़के नहीं खुल पाई हैं। जनजीवन अस्त व्यस्त है। हजारों की संख्या में लोग आपदा राहत शिविरों में या अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हुए हैं। ऐसे लोगों की घर वापसी भी सुनिश्चित करानी है। उन्हें सुरक्षित आशियाना देना, समय से आवश्यक सेवाएं और सुविधा देना भी हमारी जिम्मेदारी है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को समय से सरकार की पुनर्वासन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। क्योंकि अभी बारिश की शुरुआत है आगे भी भारी बरसात की संभावना मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। ऐसे में लोगों को सुरक्षित अस्थाई शरण और सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध करवाने में सरकार को तेजी लानी पड़ेगी।



- सभी प्रभावितों की अधिकारिक सूची जल्द से जल्द जारी करे सरकार
- जन सहयोग से पुनर्वासन में मिलेगा सहयोग लोगों को होगी राहत

पारदर्शिता के साथ प्रभावितों को लाभ पहुंचाने की योजना क्रियान्वित करनी होगी। उन्होंने आपदा प्रभावितों के हक की आवाज को हर मंच पर प्रमुखता से उठाने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावितों के राहत कार्य और राहत सामग्री वितरण समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की और संबंधित लोगों को उचित निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस आपदा में प्रभावितों की मदद करने के लिए जिस तरीके से जन सहयोग मिला वह अकल्पनीय है। लोगों ने स्वत: आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच बढ़ चढ़कर सहयोग किया। तन,मन,धन, वाणी और कर्म से हजारों की संख्या में दानी सज्जन आपदा प्रभावित लोगों के साथ खड़े हुए। जिससे लोगों को न सिर्फ समय पर उचित राहत मिली बल्कि उनका हौसला भी बढ़ा। आगे भी पुनर्वासन की योजनाओं में जन सहयोग की व्यापक पैमाने पर आवश्यकता होगी। हर्ष की बात यह है कि पुनर्वासन की योजनाओं में भी बहुत सारे संस्थान, गैर सरकारी संगठन, आम लोग आगे आ रहे हैं और भविष्य में हर संभव सहायता का आश्वासन दे रहे हैं। ऐसे लोग बधाई के पात्र है, मैं सभी का आभार व्यक्त करते हुए ईश्वर से आप सभी की कुशलता की प्रार्थना करता हूं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में हजारों की संख्या में लोगों के घर बह गए हैं और हजारों की संख्या में ऐसे घर हैं जो आंशिक रूप से नष्ट हुए हैं लेकिन वह रहने लायक नहीं है। अभी तक सभी प्रभावितों का आधिकारिक आंकड़ा भी सामने नहीं आया है। इसलिए प्रदेश सरकार से मेरा आग्रह है कि लोगों के हुए नुकसान का संपूर्ण आंकड़ा दस्तावेजों के साथ जारी किया जाए। पुनर्वास और पुनर्निर्माण की योजनाओं गति मिल सके और उन्हें प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जा सके।

# कांवड़ यात्रा के चलते पंचायत चुनाव टालने की मांग हाईकोर्ट ने की खारिज

**नैनीताल,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। कांवड़ यात्रा के चलते पंचायत चुनाव विलंब से कराने के मामले में उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता की मांग को खारिज कर दिया है और सरकार के ठोस जवाब के बाद याचिका को पूरी तरह से निस्तारित कर दिया है। याचिकाकर्ता डा. बैजनाथ की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से इस मामले को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्दर और न्याममूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। पंचायती राज सचिव चंद्रेश कुमार यादव और डीजीपी दीपम सेठ की ओर से आज पृथक-पृथक लिखित जवाब दिये गए। दोनों की ओर से कहा गया कि कांवड़ यात्रा पंचायत चुनाव में बाधा नहीं है। सरकार की ओर से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिये पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। पंचायत चुनाव, आपदा और कांवड़ यात्रा के लिये योजना बनायी गयी है। कांवड़ यात्रा का प्रभाव तीन जिलों पौड़ी, देहरादून और



हरिद्वार में है। दो चरणों में चुनाव प्रस्तावित हैं जिसके चलते कोई बाधा नहीं आयेगी। डीजीपी की ओर से कहा गया कि पुलिस, पीएसी, पीआरडी और होमगार्ड के 16000 से अधिक जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। आपदाग्रस्त क्षेत्रों के लिये राज्य आपदा प्रबंधन बल और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल की 70 यूनिट पृथक से तैनात हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पुलक राज मल्लिक की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव की मांग की गयी। अंत में अदालत ने सरकार के ठोस जवाब के बाद याचिका को पूरी तरह से निस्तारित कर दिया है।

# कुसुम और सीता को हाईकोर्ट ने दी चुनाव लड़ने की अनुमति

**नैनीताल,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने टिहरी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सीता देवी और ग्राम प्रधान प्रत्याशी कुसुम कोठियाल को बुधवार को बड़ी राहत देते हुए चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी है। चुनाव आयोग की ओर से दोनों के नामांकन को विगत नौ जुलाई को रद्द कर दिया गया था। दोनों प्रत्याशियों की ओर से नामांकन रद्द करने को पृथक-पृथक याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई। दोनों प्रकरण पर मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में आज सुनवाई हुई। कुसुम कोठियाल की ओर से कहा गया कि उसके नामांकन को उसके निवास स्थान में शौचालय नहीं होने संबंधी एक शिकायत को आधार बनाकर निरस्त कर दिया गया।इस मामले की जांच की गई और जांच में पाया गया कि घर से शौचालय 150 मीटर दूर अवस्थित है। अदालत ने जांच रिपोर्ट के आधार पर नामांकन निरस्त करने संबंधी आदेश पर रोक लगा दी और याचिकाकर्ता को चुनाव लड़ने की अनुमति प्रदान कर दी। साथ ही अदालत ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को इस मामले की जांच के निर्देश भी दिए हैं और अगली सुनवाई पर रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

# बुजुर्ग, महिला, बच्चों, असहाय का शोषण तिरस्कार होगा दण्डनीय : डीएम

- पूर्ति विभाग 72 वर्षीय बुजुर्ग सरस्वती को राशन देने में कर रहा था आनाकानी, फिर शुरू हुआ डीएम का एक्शन



**देहरादून,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। जिलाधिकारी सविन बंसल के सम्मुख 15 जुलाई को अजबपुर निवासी एक 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरस्वती देवी ने अपनी गुहार लगाई कि पूर्ति विभाग उनका राशन देने में आनाकानी कर रहा है। बुजुर्ग सरस्वती ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके 3 पुत्र हैं जो सभी अपने-अपने परिवार संग अलग-अलग रहते हैं। वह अपना गुजारा अपनी विधवा पेंशन से चलाती हैं। उन्होंने डीएम को बताया कि राशन डीलर पूर्ति विभाग की सूची में नाम न होने का कारण बताकर राशन नहीं दे रहा है, जबकि पूर्व में उसे राशन मिलता था। उसने डीएम से राशन दिलाने की गुहार लगाई। जिस पर डीएम ने पूर्ति अधिकारी को तलब करते हुए तत्काल वस्तुस्थिति से अवगत कराने तथा महिला को राशन दिलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी तक मामला पहुंचते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी व कार्मिकों के हाथ पांव फूल गए, कलेक्टेज्ट की कलम चलने से पहले ही पूर्ति विभाग के अधिकारी व कार्मिक दौड़े-दौड़े बुजुर्ग महिला तक पहुंचे तथा बजुर्ग महिला का राशन कार्ड बहाल करते हुए उसी दिन 15 जुलाई को ही उनके कोटे का खाद्यान्न दिलाया। वहीं डीएम की सख्त चेतावनी है कि बुजुर्ग, महिला, बच्चों, असहाय का शोषण तिरस्कार होगा दण्डनीय है, इस प्रकार के मामले क्षम्य नही होंगे।

# उत्तराखंड में आ सकता है बड़ा भूकंप, दून में वैज्ञानिकों ने की चर्चा

**देहरादून,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। हिमालय क्षेत्र विशेषकर उत्तराखंड में बड़ा भूकंप आ सकता है। यह आशंका देश के दिग्गज भू वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में जताई है। उनका कहना है कि हिमालयी क्षेत्र में प्लेटों के घर्षण की वजह से ऊर्जा एकत्र हो रही है, जिसकी आहट राज्य और आसपास आ रहे भूकंप के छोटे झटकों से मिल रही है। इसी वजह से जून में देहरादून में देश भर के भूवैज्ञानिक जुटे। उन्होंने वाडिया में 'अंडरस्टैंडिंग हिमालयन अर्थक्वेक्स' पर और एफआरआई देहरादून में 'अर्थक्वेक रिस्क एसेसमेंट' पर मंथन किया। इनमें वैज्ञानिकों ने स्पष्ट कहा कि अब जो भी बड़ा भूकंप आएगा, उसकी तीव्रता करीब 7.0 होगी। उन्होंने बताया कि 4.0 तीव्रता के भूकंप में जितनी ऊर्जा निकलती है, उससे करीब 32 गुना अधिक ऊर्जा 5.0 तीव्रता के भूकंप से निकलती है। मौजूदा समय में जो धीमे भूकंप आ रहे हैं, उनकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं है कि ये कहा जा सके कि




**हिमालयी क्षेत्र में प्लेटों के घर्षण की वजह से ऊर्जा एकत्र हो रही है, जिसकी आहट राज्य और आसपास आ रहे भूकंप के छोटे झटकों से मिल रही है : भू वैज्ञानिकों**

भूगर्भ से सारी ऊर्जा निकल गई है। शोध में पाया गया है कि बड़े भूकंप आने के कुछ साल या कुछ महीने पहले धीमे भूकंप आने का सिलसिला बढ़ जाता है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 6 महीने में प्रदेश में 22 बार 1.8 से लेकर 3.6 तीव्रता तक के भूकंप आए हैं। जिनके झटके सर्वाधिक चमोली, पिथौरागढ़ उत्तरकाशी और बागेश्वर में महसूस हुए हैं। उत्तराखंड संवेदनशीलता के लिहाज से जोन 4 व 5 में है। यहां 1991 में उत्तरकाशी में 7.0 व चमोली में 1999 में 6.8 तीव्रता के भूकंप आए थे, तब से कोई बड़ा भूकंप नहीं आया है। जिससे वैज्ञानिक जल्द बड़े भूकंप की आशंका जता रहे हैं। वाडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ.विनीत गहलोत ने इसकी वजह उत्तराखंड में भूगर्भीय प्लेटों की गति लॉक्ड होना बताया है। पूर्वानुमान बहुत ही मुश्किल भूकंप के संबंध में तीन चीजें महत्वपूर्ण होती हैं, कब, कहां और कितना बड़ा भूकंप आएगा। हालांकि भूकंप कहां आ सकता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन कब और कितना बड़ा आएगा, इसका अनुमान लगाना संभव नहीं है। इसके लिए उत्तराखंड में दो जीपीएस लगाए गए हैं, जिनसे पता किया जाएगा कि किस क्षेत्र में सबसे अधिक एनर्जी एकत्र हो रही है, लेकिन सटीक जानकारी के लिए इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है। क्यों आता है भूगर्व जब भूगर्भ में दबाव बढ़ता है तो चट्टानों में दरारें हो जाती हैं, जिससे हल्के भूकंप पैदा होते हैं, लेकिन भूगर्भ में मौजूद पानी इन दरारों को भरने लगता है, जिससे हल्के भूकंप आने का सिलसिला रुक तो जाता है, लेकिन फिर अचानक बड़ा भूकंप आता है।

### दून की जमीन की मजबूती का होगा परीक्षण

हिमालय में भूकंप की संवेदनशीलता को देखते हुए इस क्षेत्र के कुछ शहरों का चयन केंद्र सरकार ने अध्ययन के लिए किया है, जो सीएसआईआर बेंगलूरू करेगा। इसमें संवेदनशील होने की वजह से देहरादून को भी शामिल किया गया है। अध्ययन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में देखा जाएगा कि दून की जमीन किस तरह की चट्टान से बनी है और उसकी मोटाई कितनी है। इस दिशा में पहले भी वाडिया और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने सिस्मिक माइक्रोजोनेशन किया है, लेकिन अब सीएसआइआर बेंगलूरू ने दून की मजबूती की दिशा में विस्तृत अध्ययन करने का निर्णय लिया है। उत्तर-दक्षिण टेक्टोनिक तनाव के कारण हिमालय लगातार खिसक रहा है। प्लेटें आमतौर पर हर साल लगभग दो सेंटीमीटर खिसकती हैं, लेकिन उत्तराखंड में इसकी गति बहुत धीमी है। दो प्लेटों की गति के बीच विसंगति से एक भाग 'लॉक्ड' हो जाता है, जो टेक्टोनिक तनाव का कारण बनता है। नेपाल में इसी तरह की स्थितियों के कारण भूकंप की घटनाएं हुई हैं। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में भूकंप के लिए 169 जगहों पर सेंसर लगाए गए हैं। यह सेंसर 5 तीव्रता से अधिक का भूकंप आने के 15 से 30 सेकेंड पहले चेतावनी देगा।

### सुडोकू 6976 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 2 |

# प्रादेशिकी

## संदिग्ध अवस्था में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की हत्या

**फर्रुखाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कटिन्ना मानिकपुर निवासी करण की 26 वर्षीय पत्नी अंजली ने बीती रात्रि अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। अंजली के फूफा अविनाश निवासी ज्योता ने थाना में फौती सूचना दी कि बीती रात्रि अंजली ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अंजली के ससुर रमेश चंद्र ने बताया कि बीती रात्रि अपने पति करण से फोन पर बात कर रही थी, हो सकता है फोन पर कोई बात विवाद हुआ हो जिसके चलते अंजली ने घर के अंदर बने बरांडे की छत पर लगे कड़े में साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतका के ससुर रमेश चंद्र ने बताया कि वह उनकी पत्नी सीमा देवी घर के बाहर लेटे थे सुबह जब वह उठे तो दरवाजा बंद था।

# उत्तर प्रदेश व यूएनडीपी के बीच आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर हुआ करार

### राज्य के विभिन्न स्तरों पर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों की व्यापक श्रंखला को लागू करना उद्देश्य

**लखनऊ,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, समन्विती, वैज्ञानिक और सशक्त बनाने के मकसद से राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के बीच बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूएनडीपी की भारत प्रमुख एवं रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एंजेला लुसीगी मौजूद रहीं।



आपदा प्रबंधन आज के समय की एक अनिवार्य प्रशासनिक प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ

इस समझौते का उद्देश्य राज्य के विभिन्न स्तरों पर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों की व्यापक श्रंखला को लागू करना है, जिससे राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली अधिक समावेशी, जवाबदेह और प्रभावी बन सके। इसके अंतर्गत जिला और विभागीय स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के विकास से लेकर जोखिम मूल्यांकन, सूचना प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण, संसाधन क्षमता निर्माण, अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना तथा परियोजना प्रबंधन तक विभिन्न पहलों को क्रियान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा आगामी तीन वर्षों में कुल 19.99 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह धनराशि चरणबद्ध तरीके से व्यय की जाएगी और यूएनडीपी द्वारा प्रस्तुत तकनीकी प्रस्तावों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। राज्य सरकार इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की संस्तुति के अनुरूप आगे बढ़ा रही है, जिसने यूएनडीपी को इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग के लिये अधिकृत किया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आपदा प्रबंधन आज के समय की एक अनिवार्य प्रशासनिक प्राथमिकता है। तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षण और पूर्व तैयारी के समन्वय से ही हम आपदा के प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता को विश्वस्तरीय बनाएगी और शासन-प्रशासन को वैज्ञानिक ढंग से निर्णय लेने में समर्थ बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उत्तर प्रदेश के आपदा न्यूनीकरण प्रयासों को नई दिशा देगा।

### राज्य के दस विभागों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा

समझौते के प्रमुख बिंदुओं में 75 जिलों में जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं और 15 विभागों की विभागीय आपदा प्रबंधन योजनाओं का विकास शामिल है। राज्य के 10 विभागों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। साथ ही 20 प्रमुख शहरों में संभावित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए जोखिम व संवेदनशीलता का मूल्यांकन कराया जाएगा। इन्हीं शहरों में शहरी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी विकसित की जाएंगी। तकनीकी मोर्चे पर, राज्य स्तर की आपदा सूचना प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु इसे एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं, मूल्यांकन अध्ययन, आवश्यक आईसीटी उपकरणों की उपलब्धता तथा राहत आयुक्त कार्यालय में परियोजना प्रबंधन यूनिट की स्थापना की जाएगी, ताकि सभी गतिविधियाँ सुगठित एवं प्रभावशाली ढंग से संचालित हो सकें।

## बिजली की समस्या का कराया तुरंत समाधान



**मवाना,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा किला परीक्षितगढ़ की टीम जिला अध्यक्ष नवनीत चौहान के नेतृत्व मे ग्राम भिड़वारा के ट्यूबवेल के ट्रांसफॉर्मर को बदलने व उसकी भार क्षमता बढ़ाने के विषय व जर्जर लाइन एवं क्षेत्र की अनेकों समस्याओं को लेकर मवाना डिवीजन एक्शन फर्स्ट सतीश कुमार से मिले जिस पर एक्शन फर्स्ट ने तुरंत संज्ञान लेते हुए जेई संजय कुमार व लाइनमैन को तुरंत फोन कर समस्या का समाधान कराया।

इस मौके पर उपस्थित रहे राहुल भाटी प्रदेश प्रवक्ता, शादाब सैफी युवा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, लोकेश विधूड़ी जिला सचिव विकास भाटी जिला उपाध्यक्ष,अमित नागर जिला महासचिव, मनोज मावी जिला संयोजक, प्रदीप नागर जिला महामंत्री, मच्छाराम नागर, पप्पन मावी, हरीश पाल, रविंद्र प्रधान, संदीप, कृष्णपाल रावल, रकम सिंह नागर व संघर्ष मोर्चा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 2027 में प्रचंड बहुमत से बनेगी सपा सरकार : उर्मिला

### पीडीए जन पंचायत का किया गया आयोजन

**फर्रुखाबाद,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। सपा मुखिया के निर्देशानुसार इन दिनों समूचे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता/पदाधिकारी जोर-शोर से पीडीए जन पंचायतों का आयोजन कर रहे हैं, इसी क्रम में फर्रुखाबाद समाजवादी पार्टी के जिला सचिव एंव स.मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि जनपद की 195 विधानसभा भोजपुर में जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार जिला महासचिव इलियास मंसूरी के प्रयास से जिला संगठन फर्रुखाबाद द्वारा ग्राम फरीदापुर, ढिपिन, बेहटा, न. रघोल, राजेपुर पप्पा मण्डल एंव मूसाखिरिया में पीडीए जन-पंचायतों का आयोजन किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रमों में समाजवादी पार्टी की तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत उपस्थिति रहीं। आयोजित जन-पंचायतों में उमड़ी भीड़ एंव बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देख उत्साहित पूर्व विधायक राजपूत ने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है आने बाले समय में ये बदलाव होकर



रहेगा और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। आज प्रदेश में अपराध चरम पर है, महंगाई और रोजगार के नाम पर सरकार कोई बात ही नहीं करना चाहती।

सरकार के पास देश और प्रदेश के विकास के लिए न कोई योजना है न कोई विजन, पढ़े-लिखे युवा नौकरी की तैयारी करते-करते ओवर-एज हो रहे हैं। मां-बाप के सामने ही बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है, भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा को पार कर चुका है, आज थानों/तहसीलों में गरीब जनता को भ्रष्टाचार का शिकार बनाया जा रहा है। लेकिन सत्ता मद में मदान्ध लोगों के शीश-महलों तक जनता की चीत्कार नहीं पहुंच पा रही है आने बाले समय में यही जनता वोट की चोट से इन अंहकारी लोगों को जवाब देगी।

सार संक्षेप

## बिल रिवीजन मेगा कैम्पों का आयोजन 19 जुलाई तक होगा

**मेरठ।** विद्युत उपभोक्ताओं की बिल सशोधन, नए संयोजन निर्गत करने, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य संबंधित कार्यों की शिकायत के समाधान के लिए मेगा कैम्पों का आयोजन डिस्काम के प्रत्येक वितरण खण्ड में 17, 18 व 19 जुलाई को किया जाएगा। इस बिल रिवीजन मेगा कैम्पों के आयोजन में समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त कारपोरेशन मुख्यालय लखनऊ द्वारा वितरण मण्डलों के अन्तर्गत लगने वाले कैम्पों में भ्रमण हेतु 29 अधिकारियों को नामित किया गया है। नामित अधिकारी संबंधित खण्ड में आयोजत कैम्पों एवं संबंधित खंड के अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता को स्थलीय निरीक्षण कर, संबंधितों को मार्गदर्शनध्दिशा-निदेश देगें। कैम्पों का आयोजन वितरण खण्ड स्तर पर किया जाएगा। प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने यह जानकारी दी। कैम्प में नए संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिर्वतन, बिल जमा करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत भी प्राप्त की जाएगी। उपभोक्ता को बिना शिकायत पंजीकरण किए वापस नहीं भेजा जाएगा।

## घेवर खाने की घटना ने दस परिवारों की सेहत बिगाड़ी

**मेरठ।** सोमवार को हाजी यूसुफ हापुड़ से घेवर लेकर मेरठ आया था। शालीमार गार्डन के हाजी नईम के घर से घेवर इत्तेफाकनगर में रिश्तेदार शाहिद के घर पहुंचा। मंगलवार को शाहिद, उनकी पत्नी सायदा और तीन बच्चे सामिया, आयत और सिफरा को उल्टियां होने लगीं। घेवर हरिनगर में हाफिज हनीफके घर भी पहुंचा। वहां भी परिवार के कई सदस्य बीमार पड़ गए। हाजी नईम के परिवार में उनके पोते हसनैन और तैमूर, बेटा उस्मान बीमार हुए। हाजी नईम के भाई मुल्लाजी नसीम के बेटे अबुजर, हमजा व पोती माहिर भी बीमार हो गए। हाजी नईम के छोटे भाई जिक्रिया की पत्नी शमीम और बेटा सुहेल को भी अस्पताल ले जाना पड़ा। पड़ोसी मुकीम के दो बच्चे भी इस घटना में बीमार हुए।

## कैंसर की जांच के लिए लक्षणों का इंतजार नहीं करना चाहिए : डॉ. स्वस्ति



**मेरठ,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (गायनेकोलॉजी) विभाग की डायरेक्टर डॉ. स्वस्ति ने बताया कि यही कारण है कि केवल लक्षणों के आधार पर डॉक्टर से संपर्क करना जोखिमभरा हो सकता है। आज भी कई महिलाएं मानती हैं कि जब तक कोई तकलीफ महसूस नहीं होती, तब तक गायनेकोलॉजिस्ट से मिलना जरूरी नहीं है। लेकिन सच्चाई यह है कि हर गाइनोकोलॉजिकल कैंसर शुरुआती चेतावनी नहीं देता। जैसे, अंडाशय का कैंसर 'साइलेंट किलर' के नाम से जाना जाता है क्योंकि इसके शुरुआती लक्षण मामूली होते हैं और आमतौर पर अन्य छोटी-मोटी समस्याओं के रूप में देखे जाते हैं।

स्त्रियों के स्वास्थ्य की बात करें तो चुप्पी हमेशा लाभकारी नहीं होती। गाइनोकोलॉजिकल कैंसर कृ जिसमें गर्भाशय, अंडाशय, गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स), योनि और वल्वा का कैंसर शामिल है। अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शुरू होते हैं। शुरुआती चरणों में इन बीमारियों के लक्षण इतने सूक्ष्म होते हैं कि महिलाएं उन्हें नजरअंदाज कर देती हैं। जब तक असामान्य रक्तस्राव, पेट फूलना या पेल्विक दर्द जैसे स्पष्ट संकेत दिखाई देते हैं, तब तक बीमारी बढ़ चुकी होती है।

## नगर पालिका अध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

### सनसनीखेज गोलीकांड के बाद इलाके में दहशत का माहौल



**मवाना,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। मवाना थाना क्षेत्र के मोहल्ला तिहाई में मंगलवार रात हुए सनसनीखेज गोलीकांड के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। हमले में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। बुधवार सुबह आक्रोशित मोहल्लेवासी नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक से मिले और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। मंगलवार रात करीब 9:30 बजे की है। मोहल्ला तिहाई निवासी सुनील (30) पुत्र चेतराम रोज की तरह अपने घर के बाहर खाट पर बैठा था। इसी दौरान बाइक सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और सुनील से बहस करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कहासुनी के दौरान एक युवक ने हथियार निकालकर सुनील पर दो गोलियां चला दीं। एक गोली उसकी कनपटी और दूसरी सिर पर लगी। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोलियों की आवाज से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और पड़ोसी आनन-फानन में घायल सुनील को मवाना सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

**मोहल्लेवासियों ने बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर जताई नाराजगी**

बुधवार सुबह मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक से मिलकर क्षेत्र की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि मोहल्ले में बच्चों और महिलाओं तक में डर बैठ गया है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## नाग-नागिन का अठखेलियां करते विडियो वायरल

**मेरठ,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। जागृति विहार एक्सटेंशन में लोगों ने नाग-नागिन को करीब एक मिनट तक अठखेलियां करते देखा। वह हवा में करीब 2 फीट खड़े होकर कभी एक-दूसरे से लिपटते, तो कभी जमीन पर अपना करतब दिखाते। नाग-नागिन का वीडियो वायरल हो रहा है। लोगों ने कहा, ऐसा पहली बार देखा। इसे भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद बताया। हर हर महादेव के जयकारे लगाए। वहीं आस-पड़ोस में लोग डरे हुए हैं। उनका कहना है कि अगर सांप हमारे घर में आ जाएंगे, तो क्या होगा। मामला सोमवार सुबह का जागृति विहार एक्सटेंशन के सेक्टर 5 का है। वीडियो बुधवार को सामने आया है। सेक्टर-5 में बुधवार सुबह कुछ बच्चे सड़क पर खेल रहे थे, तभी झाड़ी में हलचल दिखाई दी।

## मवाना में पेयजल की व्यवस्था सुधार को लेकर अध्यक्ष सख्त

### श्रवण मास में बदला जलापूर्ति का समय, दिए सख्त निर्देश

**मवाना,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने जलकल विभाग के कर्मचारियों और सुपरवाइजरों के साथ साप्ताहिक विभागीय बैठक की। बैठक में नगर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जलकल विभाग के अवर अभियंता अमित श्वास्तव को सख्त निर्देश दिए गए। श्रवण मास को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष कौशिक ने जलापूर्ति का नया समय निर्धारित किया। अब पेयजल आपूर्ति प्रातः 4 बजे से 11 बजे तक, दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक और सायं 5 बजे से रात 9:30 बजे तक की जाएगी। साथ ही यदि सुबह 7 से 10 बजे के बीच बिजली बाधित रहती है तो जनरेटरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नगर के कांवड़ मार्ग पर लगे सभी वाटर कूलरों की सफाई कराकर उनमें ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जलमूल्य के बकाया बिलों और अवैध कनेक्शनों की वसूली का विवरण मोहल्ला-वार तैयार करें और बकायेदारों तथा अवैध जल कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी किए जाएं। पालिका के नलकूपों पर बिजली के वोल्टेज में उतार-चढ़ाव से मोटर खराब होने से बचाने के लिए सभी जगह स्टार्टर लगाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।



## एडीजी आवास के पास दुकान में चोरी

**मेरठ,** 16 जुलाई (देशबन्धु)।। जेल चुंगी चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर चोरों ने मांगलिक किराना स्टोर को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान साफकर दिया। दुकान मालिक प्रदीप मांगलिक ने बताया कि चोर नगदी के साथ-साथ लगभग कई लाख रुपए का माल उड़ा ले गए। चोर डीवीआर भी अपने साथ ले गए। भाजपा नेता व सर्राफ व्यापारी आशीष अग्रवाल व अन्य व्यापारियों को जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचें। सूचना पाकर सीओ सिविल लाइन भी पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों से बढ़ती घटनाओं पर व्यापारियों ने रोष जाहिर किया।

चोरी की लगातार हो रही घटना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने एवं घटना को जल्द से जल्द खोलकर माल वापस दिलाने की मांग की। व्यापारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि 10 दिन पहले भी जेल चुंगी के पास ही दुकानों से एसी की कॉपर वायर भी चोरी कर लिए गए थे। अभी उस चोरी का खुलासा हो नहीं पाया और फिर व्यापारी से किराना स्टोर पर चोरी की घटना घटित हो गई। चोरी की लगातार घटनाओं को लेकर व्यापारियों में भारी रोष है। अगर घटनाओं को जल्द से जल्द खुलासा नहीं किया गया तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान डॉ. नगेंद्र, क्षेत्रीय पार्षद हर्षपाल सिंह, दिनेश सिंह, राहुल वर्मा, अश्वनी कांबोज, हेमंत सिंह, अक्षय गोयल समेत अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## मेरठ से चली कांवड़ियों की बस बीच रास्ते में हुई खराब

### बहसूमा टोल पर तीन घंटे फंसे रहे शिवभक्त, नहीं पहुंची दूसरी बस



**मवाना,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। बुधवार को सावन की यात्रा पर निकले शिवभक्तों को बुधवार को उस समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जब मेरठ से हरिद्वार जा रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस रास्ते में ही खराब हो गई। बताया जा रहा है कि बस के अचानक ब्रेक फेल हो गए, जिसके बाद बस बहसूमा बाईपास स्थित टोल प्लाजा के पास बीच सड़क पर खड़ी हो गई। बस में सवार दर्जनों कांवड़िए धूप में परेशान होते रहे। करीब 3 घंटे तक कांवड़िए वहीं फंसे रहे लेकिन परिवहन विभाग की ओर से कोई दूसरी बस नहीं भेजी गई, जिससे यात्रियों में नाराजगी देखी गई। कुछ स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों को पानी पिलाया और मदद की कोशिश की। सावन जैसे धार्मिक अवसर पर जब लाखों लोग यात्रा करते हैं, परिवहन विभाग को पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। तकनीकी जांच के बिना बसों को रवाना करना बड़ी लापरवाही है। कांवड़ियों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुरलीपुर गुलाब रोहटा रोड लखवाया स्थित सम्पति की डीड दिनांक 05.10.2010 बही संख्या-1 जिल्द नंबर 2950 पेज नंबर 89 से 120 क्रमांक 5994 लखवाया मेरठ के पास कहीं खो गया है। यदि काई इस डीड का प्रयोग करता है तो वह अवैध होगा किसी व्यक्ति को मिले तो दिए गए पते व नंबर पर सम्पर्क करें। मो. 9997917636, 7906115628 अजय कुमार पुत्र उदय राज निवासी, 286/1 लखवाया रसूलपुर, रोहटा रोड मेरठ, यू.पी.।


**आयोजन** *शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित*

## ज्ञान के आदान-प्रदान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम जरूरी : जयानंद

**मेरठ, 16 जुलाई (देशबन्धु)। शोभित डीम्ड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड लाइफसाइंसेज द्वारा संचालित नौ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 7 जुलाई से 15 जुलाई तक किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अभिनव ( महावीर कैंसर संस्थान, पटना ) द्वारा पर्यावरण विष विज्ञान की निगरानी और इसके जनस्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान से हुई। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर जयानंद ने सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों को ऐसे वैज्ञानिक मंच से जुड़ने के लिए बधाई दी और ज्ञान के आदान-प्रदान हेतु फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की आवश्यकता बेहद जरूरी है।**

**■ सतत जैव ईंधन उत्पादन में चुनौतियां व नवाचार विषय पर की चर्चा**

प्रोफेसर (डॉ.) रेखा दीक्षित (सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ) ने फसल सुधार के लिए क्रिस्पर-कैस 9 आधारित जीनोम एडिटिंग पर व्याख्यान दिया। डॉ. कुमार गौरव (एमिटी विश्वविद्यालय, हरियाणा) ने सतत जैव ईंधन उत्पादन में चुनौतियां और नवाचार विषय पर चर्चा की। डॉ. अनीता कुमारी (केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा) ने गैर-संचारी रोगों की रोकथाम हेतु आहार प्रबंधन और रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। डॉ. अमित धीर (थापर विश्वविद्यालय, पटियाला) ने थापर मॉडल के बारे में बताया, जो जल अपशिष्ट उपचार के लिए विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण तथा जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित था। डॉ. तेजपाल धेवा (केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा) ने स्वयं और स्वयं प्लस प्लेटफार्म के माध्यम से भारत की हालिया ई-लर्निंग पहलों पर जानकारी दी। डॉ. रंजना पांडेय (शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा) ने खाद्य उद्योग पर जैव प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नीलेश कपूर (सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ) के सतत कृषि के लिए नैनो उर्वरकों के नवीन दृष्टिकोण विषयक व्याख्यान के साथ हुआ। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शोध एवं औद्योगिक प्रौद्योगिकियों से अवगत कराना था ताकि वे छात्रों को भी इस दिशा में प्रेरित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड लाइफ साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर दिव्या प्रकाश ने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षण और अनुसंधान के नए दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। एफडीपी समन्वयक रुपेश कुमार ने सभी विशेषज्ञ वक्ताओं, प्रतिभागियों और विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. संजुक्ता, डॉ. मोनिका चौधरी, प्रियांक भारती, अविताज, सोनिया और मानसी उपस्थित रहे और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।





**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुभारती सेवा संस्था, लोकप्रिय सभागार, सम्राट पैलेस, गढ रोड, मेरठ का पजीकरण सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पत्रावली संख्या-49929-आई पर दिनांकः 02.12.1978 को किया गया।

श्री सतीश धमीजा ने स्वयं को संस्था का महामंत्री बताते हुए चुनाव कार्यवाही दिनांकः 02.12.2024, प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2024-25 के साथ नवीनीकरण कराये जाने हेतु प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2024-25 के अनुसार सर्वश्री डा० अतुल कृष्ण महानिद. शक, डा० रोहित रविन्द्र अध्यक्ष, सुभाष प्रधान उपाध्यक्ष, सतीश धमीजा महामंत्री, दिनेश शर्मा कोषाध्यक्ष, अम्बरीश कुमार कौशिक उपकोषाध्यक्ष, श्रीमती आकांक्षा सिंह, डा० शाल्या राज, डा० कृष्णा मूर्ति, अमित कुमार, आलोक भटनागर, ई. पीके गर्ग, विजय कुमार शर्मा, तिलकराम, मेजर कृष्ण गोपाल, श्रीमती शोभना प्रकाश, डा० विवेक कुमार, देशराज, राजकुमार सागर, दीपक कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, आकाश कुमार व रविन्द्र कुमार सदस्य दर्शाये गये हैं।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, बी-2, सोमदत्त सिटी, के०एल० इण्टरनेशनल स्कूल के पीछे, मेरठ में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**आज्ञा से,**
**डिप्टी रजिस्ट्रार**
**फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स,**
**मेरठ मण्डल,**

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## सुभाष घई ने बताई संगीत और डांस के प्रति अपनी गहरी रुचि की वजह

**मुंबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। अपनी शानदार फिल्मों के लिए मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें हमेशा से संगीत और डांस में गहरी रुचि क्यों रही है। फिल्म निर्माता सुभाष घई ने हाल ही में पुणे के ओशो आश्रम में डांसिंग पोज में अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। इस तस्वीर में उनके पीछे स्टेचू के पोज में एक आदमी भी खड़ा है। तस्वीर शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मैं जीवन में हमेशा से ही संगीत और नृत्य में रुचि रखता रहा हूं क्योंकि यह मेरे प्रोफेशन में एक बेहतर प्रदर्शन करने और खुद को खुलकर व्यक्त करने में मदद करता है।' उन्होंने यह भी कहा कि आजकल एआई और चैट जीपीटी जैसे टूल्स का कई चीजों पर कब्जा हो गया है, जिसे उन्हें कोई चिंता नहीं हैं।

# चांगेरी : चटनी-सूप का स्वाद बढ़ाने का साथ-साथ, जिसमें छुपा है सेहत का भी राज

## चांगेरी विटामिन-सी का एक अच्छा स्रोत है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है और स्कर्वी जैसी बीमारियों को रोकता है

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। चांगेरी को आमतौर पर खट्टी घास भी कहते हैं। यह एक छोटा-सा पौधा है जो भारत में आसानी से पाया जाता है। इसका उपयोग विभिन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। चांगेरी का वैज्ञानिक नाम 'ऑक्सालिस कॉर्निकुलाटा' है। यह एक बारहमासी पौधा है, जिसकी पत्तियां स्वाद में खट्टी होती हैं। यह आमतौर पर बगीचों, मैदानों और सड़क के किनारों में पाया जाता है। आयुर्वेद में, चांगेरी का उपयोग पाचन समस्याओं, दस्त, और बवासीर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। इसके पत्तों का उपयोग चटनी, सूप और अन्य व्यंजनों में भी किया जाता है।

चरक और सुश्रुत संहिता में चांगेरी का वर्णन मिलता है। चरक संहिता में इसे शाक वर्ग और अम्लस्कन्ध, तथा सुश्रुत संहिता में इसे शाक वर्ग में उल्लेखित किया गया है। इसका मुख्य उपयोग दस्त (अतिसार) पाचन संबंधी समस्याओं के उपचार में किया जाता है। चांगेरी के पत्तों का काढ़ा (20-40 मिली) भुनी हुई हींग के साथ मिलाकर पीने से पेट दर्द और पाचन संबंधी समस्याओं में लाभ मिलता है। यह महिलाओं में पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक है।



बताया जाता है इसका उपयोग महिलाओं में होने वाली ल्यूकोरिया (व्हाइट डिस्चार्ज) की समस्या में भी किया जाता है। इसके पत्तों का रस मिश्री के साथ सेवन करने से ल्यूकोरिया के कारण होने वाली दर्द और हड्डियों की कमजोरी में राहत मिलती है। चांगेरी त्वचा के लिए फायदेमंद हो सकती है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुण मुंहासे, काले धब्बे और त्वचा की जलन को कम करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, चांगेरी के फूलों को पीसकर चावल के आटे के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा का रंग निखरता है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। चांगेरी विटामिन-सी का एक अच्छा स्रोत है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है और स्कर्वी जैसी बीमारियों को रोकता है। चांगेरी के पत्तों का लेप जोड़ों के दर्द, गठिया और सूजन को कम करने में बहुत फायदेमंद है। इसके पीछे मुख्य कारण इसके सूजन-रोधी गुण हैं। ये गुण सूजन को कम करने और दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

## 'बड़ी दूधी घास' में छुपे हैं कई औषधीय गुण, अनेक बीमारियों में है फायदेमंद

**नई दिल्ली।** प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, जिसमें 'बड़ी दूधी घास' एक अनमोल तोहफा है। बहुत से लोग इसे सिर्फ एक साधारण घास समझते हैं, लेकिन इसकी ताकत को जानकर आप दंग रह जाएंगे। 'बड़ी दूधी घास' को वैज्ञानिक भाषा में यूफोरबिया हिर्टा कहा जाता है। इसके अंदर कई तरह के औषधीय गुण छुपे हैं, जो हमारी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। इस पौधे का इस्तेमाल भारत में सदियों से आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी जैसी पारंपरिक दवाओं में होता आ रहा है। चाहे खांसी हो, दमा हो, पेट की परेशानी हो या फिर मलेरिया, बड़ी दूधी घास हर समस्या में मददगार होती है।

अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने भी इसके गुणों को माना है। वैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि इसमें फ्लैवोनोइड्स जैसे अफ्जेलिन, क्वेर्सिट्रिन, मायरिसिट्रिन, रुटिन और क्वेर्सिटिन होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। इसके साथ ही टैनिक एसिड, ट्राइटरपीनॉइड्स जैसे बीटा अमीरिन, और फाइटोस्टेरोल भी पाए जाते हैं। इसमें शिकिमिक एसिड, अल्केन, और पॉलीफेनोल्स भी मौजूद हैं, जो सूजन कम करने और बैक्टीरिया तथा फंगस से लड़ने में मदद करते हैं। इसके अलावा, खास यौगिक जैसे यूफोर्बिन-ए, बी, सी, डी और क्वेरसिटोल डेरिवेटिव्स भी होते हैं। ये सभी तत्व मिलकर बड़ी दूधी घास को शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल बनाते हैं।



आयुर्वेद में इसे दुग्धिका या शीता के नाम से भी जाना जाता है। यह शरीर में इंसुलिन के प्रभाव को बढ़ाता है और ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करके डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

यह शरीर की पाचन क्रिया को भी सही करता है। इसके अलावा, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को हानिकारक फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। बड़ी दूधी घास अस्थमा और अन्य सांस की बीमारियों में भी कारगर है। इसका काढ़ा बनाकर पीने से फेफड़ों की सूजन कम होती है और सांस लेने में आसानी होती है। जो लोग खांसी या दमा से परेशान रहते हैं, वे दिन में दो बार इसका काढ़ा पी सकते हैं ताकि आराम मिले। यह पौधा श्वास नलिकाओं को खोलता है और श्वसन प्रणाली को सही रखने में मदद करता है।

त्वचा की समस्याओं में भी बड़ी दूधी घास बेहद उपयोगी है। खासकर कील-मुंहासे, खुजली और त्वचा के संक्रमण में इसके दूध या पत्तों का पेस्ट लगाने से फायदा होता है। इसकी एंटीबैक्टीरियल त्वचा की सुरक्षा करती हैं और संक्रमण को दूर करती हैं। पाचन से जुड़ी समस्याओं जैसे दस्त, पेचिश और पेट दर्द में भी यह पौधा सहायक होता है। बड़ी दूधी घास के पत्ते, तना और जड़ का काढ़ा बनाकर पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और पेट की तकलीफें दूर होती हैं।

## सीतापुर: हाथों में मेंहदी सजाए इंतजार करती रही दुल्हन, न दूल्हा आया न बारात

**सीतापुर,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक दुल्हन हाथों में मेहंदी सजाए घर पर इंतजार करती रही, लेकिन न बारात पहुंची और न दूल्हा आया। फिलहाल यह मामला पुलिस तक पहुंच गया है। परिवार की शिकायत के बाद पुलिस दूल्हे को ढूंढ रही है। जानकारी के मुताबिक, सीतापुर जिले के लहरपुर कोतवाली इलाके में मंगलवार को बारात आनी थी। मोहल्ला ठठेरी टोला के निवासी हमीद की लड़की का निकाह मोहल्ले के ही अमन पुत्र हनीफ के साथ तय था। हालांकि, शादी के दिन बारात न पहुंचने और दूल्हा फरार हो जाने से परिवार में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने पर पता चला कि दूल्हा अमन बिना किसी सूचना के घर से फरार हो गया। वहीं उसके परिवार ने बारात ले जाने से मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब दोनों परिवारों की सहमति से इस प्रेम विवाह को मंजूरी दी गई थी।



लड़की ने आरोप लगाते हुए कहा, 'हम तीन साल से बात करते थे। दोनों एक दूसरे को पति-पत्नी की तरह मानते थे। अमन ने शादी करने को कहा था। 15 जुलाई को शादी तय थी, लेकिन बारात नहीं आई। अमन को उसके परिवार के लोगों ने कहीं गायब कर दिया।' लड़की के पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी लड़की का अमन पुत्र हनीफ के साथ लगभग तीन साल से प्रेम प्रसंग था। अमन पुत्र हनीफ ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी परिवार को हुई तो शादी के लिए दबाव बनाया गया, लेकिन वे शादी करने से मना करने लगे।' लड़की के पिता ने आगे बताया, '27 जून को मोहल्ले के लोगों की मध्यस्थता से सुलह समझौता हुआ था कि 15 जुलाई को निकाह होगा और बारात लाई जाएगी। मंगलवार को सारी तैयारियां पूरी थीं, लेकिन अमन फरार हो गया और उसके परिवार ने भी बारात लाने से इनकार कर दिया।'

इस घटना पर कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित परिवार की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## महादेव का ऐसा धाम जहां पूजा में तुलसी दल वर्जित नहीं, यहां विराजते हैं ज्योतिर्लिंगों के राजा

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। सावन का पावन महीना चल रहा है। ऐसे में देवों के देव महादेव का आशीर्वाद पाने के लिए शिवालयों में भक्तों की रोज लंबी कतार लग रही है। वहीं, शिव के प्रमुख धाम जिन्हें ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है, यहां पहुंचने वाले शिवभक्तों की संख्या में भी खासी वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में इस पावन महीने में हम आपको शिव के एक ऐसे धाम के बारे में बताएंगे जिन्हें ज्योतिर्लिंगों के राजा के रूप में पूजा जाता है। इसके साथ ही यह दुनिया का एकमात्र मंदिर है, जहां महादेव को तुलसी दल अर्पित किया जाता है।

वैसे आपको बता दें कि महादेव की पूजा में तुलसी दल का प्रयोग वर्जित है। लेकिन, यह मात्र एक ऐसा मंदिर है, जहां महादेव को तुलसी का दल भी भोग लगाया जाता है। ज्योतिर्लिंग के राजा के रूप में पूजे जाने वाले महादेव का यह मंदिर ओडिशा में स्थित है और इसे भगवान लिंगराज का मंदिर कहा जाता है।



**'लिंगम के राजा', जो द्वादश ज्योतिर्लिंग के राजा हैं। ऐसे में ज्योतिर्लिंग के राजा के रूप में यहां इनकी पूजा भी होती है, इन्हें 'त्रिभुवनेश्वर' भी कहा जाता है और इसी से इस शहर का नाम भुवनेश्वर पड़ा,**

लिंगराज शब्द का अर्थ है 'लिंगम के राजा', जो द्वादश ज्योतिर्लिंग के राजा हैं। ऐसे में ज्योतिर्लिंग के राजा के रूप में यहां इनकी पूजा भी होती है, इन्हें 'त्रिभुवनेश्वर' भी कहा जाता है और इसी से इस शहर का नाम भुवनेश्वर पड़ा, ऐसा माना जाता है। इस मंदिर का प्रांगण इतना विशाल है कि इसमें छोटे-बड़े 150 मंदिर हैं। लिंगराज मंदिर के इस विशाल प्रांगण में भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंग के मंदिर के साथ ही भगवान शिव के कुल 108 मंदिर स्थित हैं। भुवनेश्वर, जिसे 'भारत का मंदिर शहर' भी कहा जाता है, में स्थित लिंगराज मंदिर यहां का सबसे बड़ा मंदिर माना जाता है। इस मंदिर की स्थापना के बारे में कहा जाता है कि 10वीं और 11वीं शताब्दी के बीच इसका निर्माण कराया गया था। यहां लिंग रूप में भगवान हरिहर विराजते हैं। हरि का मतलब है विष्णु और हर का मतलब शिव, ऐसे में यहां महादेव के साथ ही भगवान विष्णु की भी पूजा होती है। मंदिर के प्रांगण में एक छोटा सा कुआं है, जिसे मरीची कुंड कहा जाता है। इसको लेकर मान्यता है कि जिस महिला को संतान से जुड़ी परेशानियां हैं, वह यहां स्नान करे तो उन्हें परेशानियों से मुक्ति मिलती है और संतान की प्राप्ति होती है। इस मंदिर के बारे में इतिहास में वर्णित है कि इसका निर्माण सोमवंशी राजा ययाति प्रथम ने करवाया था। इस लिंगराज मंदिर की महत्ता के पीछे की वजह है कि यहां विराजे लिंगराज स्वयंभू हैं। यह दुनिया का अकेला मंदिर है, जहां भगवान शिव को बेलपत्र के साथ तुलसी दल भी अर्पित किया जाता है। इसका कारण यह है कि यहां भगवान शिव और विष्णु एक साथ विराजते हैं।

मंदिर में लिंगराज के रूप में विराजित स्वयंभू शिवलिंग का आकार बेहद खास है। इसका व्यास 8 फुट और ऊंचाई 8 इंच है। इस मंदिर में गैर हिंदुओं का गर्भगृह में प्रवेश वर्जित है। इस भव्य प्राचीन संरचना की झलक पाने हेतु परिसर के बाहर एक मंच बनाया गया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस मंदिर का वर्णन ब्रह्म पुराण के साथ स्कंद पुराण और कपिला संहिता में मिलता है। इस मंदिर का एक रोचक पहलू यह है कि यह हिंदू धर्म के दो प्रमुख संप्रदायों शैव और वैष्णव के मिलन का प्रतीक है। लिंगराज मंदिर के पास प्रसिद्ध मुक्तेश्वर मंदिर, राजरानी मंदिर, अनंत वासुदेव मंदिर, ब्रह्मेश्वर मंदिर और परशुरामेश्वर मंदिर स्थित हैं। ये सभी मंदिर हिंदू धर्म के लिए पवित्र हैं और अपनी मनमोहक वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध हैं।

## प्रीमैच्योर मेनोपॉज के दौरान महिलाओं में डिप्रेशन

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। कुछ महिलाओं ने प्रीमैच्योर मेनोपॉज के दौरान डिप्रेशन का अनुभव किया है। इस पर वैज्ञानिकों ने एक स्टडी की और पाया कि मेनोपॉज के लक्षणों का गंभीर होना और भावनात्मक सहारे की कमी के चलते कई महिलाओं को मेनोपॉज की शुरुआत में डिप्रेशन हो सकता है। प्रीमैच्योर मेनोपॉजज को मेडिकल भाषा में प्रीमैच्योर ओवेरियन इन्सफीशियन्सी (पीओआई) कहा जाता है। इसमें अंडाशय जल्दी काम करना बंद कर देते हैं, जिससे महिला के शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाता है। स्टडी में पाया गया है कि जिन महिलाओं को यह समस्या होती है, उनमें पूरी जिंदगी में डिप्रेशन और एंग्जायटी होने का खतरा ज्यादा होता है।

मेनोपॉज से जूझ रही महिलाओं को एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के साथ-साथ प्रजनन क्षमता की कमी को भी झेलना होता है। शरीर में यह बदलाव अचानक होता है, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। मेनोपॉज पत्रिका में ऑनलाइन प्रकाशित इस अध्ययन से पता चलता है कि कुछ कारणों से

**शोध में सामने आए इसके कई कारण**



**मेनोपॉज से जूझ रही महिलाओं को एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के साथ-साथ प्रजनन क्षमता की कमी को भी झेलना होता है। शरीर में यह बदलाव अचानक होता है, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।**

महिलाओं को जल्दी मेनोपॉज में डिप्रेशन और एंग्जायटी होने का खतरा ज्यादा होता है। इन कारणों में कम उम्र में बीमारी का पता लगना, मेनोपॉज के लक्षण बहुत ज्यादा गंभीर होना, भावनात्मक सहारे की कमी होना और प्रजनन क्षमता की कमी आना शामिल है। मेनोपॉज सोसाइटी की एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. मोनिका क्रिसमस ने कहा, 'जिन महिलाओं को पीओआई होता है, उनमें डिप्रेशन बहुत आम है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि इन महिलाओं की नियमित जांच की जाए ताकि उनकी मानसिक स्थिति को जल्दी पहचाना जा सके और उन्हें ठीक किया जा सके।'

इस अध्ययन में 345 ऐसी महिलाओं को शामिल किया गया जो पीओआई से पीड़ित हैं। उनमें से लगभग 29.9 प्रतिशत महिलाओं को डिप्रेशन के लक्षण दिखे। जिन महिलाओं ने हार्मोन थेरेपी एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टोजन ली थी और जिन महिलाओं ने ये थेरेपी नहीं ली थी, उनके डिप्रेशन के लक्षणों में कोई खास फर्क सामने नहीं आया। डॉ. क्रिसमस ने कहा, 'हार्मोन थेरेपी पीओआई पीड़ित महिलाओं के लिए मेनोपॉज से जुड़ी कुछ समस्याओं को कम करने और उनकी सेहत बचाने के लिए सामान्य इलाज है। लेकिन, डिप्रेशन के इलाज के लिए हार्मोन थेरेपी प्राथमिक विकल्प नहीं है।'

## बर्थडे स्पेशल : प्रतिभा, हिम्मत और अभिनय का जुनून, कुछ ऐसी ही है प्रियंका चोपड़ा की कहानी

**मुंबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। सिनेमा की दुनिया में जब बात असली टैलेंट की होती है, तो प्रियंका चोपड़ा का नाम जरूर लिया जाता है। 'प्रियंका चोपड़ा' सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि मेहनत और जुनून की मिसाल का शानदार उदाहरण है। ग्लोबल स्टार के तौर पर जानी जाने वाली प्रियंका ने हर किरदार को दिल से निभाया। चाहे वह 'फैशन' की स्ट्रगल करने वाली मॉडल हो या 'मैरी कॉम' की दमदार बॉक्सर, '7 खून माफ' की रहस्यमयी महिला हो या 'क्वांटिको' की इंटरनेशनल एजेंट, उन्होंने हर बार साबित किया कि वह न केवल सिर्फ सुंदर हैं, बल्कि हुनरमंद भी हैं। आज वह बेहतरीन लाइफस्टाइल जी रही हैं, लेकिन इसके पीछे मेहनत, दर्द और हिम्मत की सच्ची कहानी छिपी है।



18 जुलाई 1982 को भारत के जमशेदपुर में जन्मीं प्रियंका ने अपनी आत्मकथा 'अनफिनिश्ड' में खुलासा किया कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 'जेंडर बायस' और 'सेक्सिस्ट' ट्रीटमेंट झेला है। अपनी किताब में उन्होंने बताया कि एक बार जब वह किसी फिल्मकार से मिलीं, तो उसने उनसे घूमकर खुद को दिखाने के लिए कहा। जब प्रियंका ने ऐसा किया, तो उसने उन्हें घूरते हुए कहा कि उन्हें अपनी बॉडी में बदलाव कराने होंगे।

## सेल्फकेयर सिर्फ ग्लैमर नहीं, एक तरह का अनुशासन है : रकुल प्रीत



**मुंबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह पॉजीटिव सोच और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चाओं में बनी रहती हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके बताया कि कैसे योग उन्हें भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक रूप से संतुलित रखने में मदद करता है। उन्होंने सेल्फकेयर का सही मतलब भी समझाया और इस बात पर जोर दिया कि यह हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, यह एक तरह का अनुशासन है, जिसमें थोड़ी सी सहजता भी शामिल है।

रकुल ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह 'हेड स्टैंड' करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'हम अक्सर सेल्फ-लव और सेल्फ-केयर जैसे शब्द सुनते हैं, लेकिन इनका असली मतलब क्या है? सेल्फ-केयर हमेशा ग्लैमरस नहीं होता, बल्कि यह एक तरह का अनुशासन है। मेरे लिए, यह भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित करने के लिए एकमात्र सहारा है।'

अभिनेत्री अक्सर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करती रहती हैं। इससे पहले उन्होंने विश्व योग दिवस के मौके पर पति जैकी भगनानी के साथ योग करते हुए कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री रोमांटिक कॉमेडी 'दे दे प्यार दे- 2' में फिर दिखाई देंगी, जो 2019 की बॉक्स ऑफिस हिट का सीक्वल है।

फिल्म में उनके साथ अजय देवगन भी अपने किरदार आशीष मेहरा को दोहराएंगे। निर्देशक अंशुल शर्मा द्वारा निर्देशित इस सीक्वल में तब्बू, जिमी शेरगिल, आलोक नाथ और इनायत सूद जैसे जाने-पहचाने चेहरे वापस आ रहे हैं। इसके अलावा, तमन्ना भाटिया और प्रकाश राज विशेष कैमियो भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## तनाव दूर करें और शरीर बनाएं मजबूत, जानिए पूर्वोत्तानासन करने का आसान तरीका

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। आज की तेज और भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। ऐसे में योगासन एक बेहतरीन उपाय हैं जो न सिर्फ हमारे शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करते हैं। इन्हीं योगासन में एक है 'पूर्वोत्तानासन', जिसका नियमित अभ्यास शरीर के लचीलेपन को बढ़ाता है, मांसपेशियों को ताकत देता है और हमारे मन को शांति देता है। 'पूर्वोत्तानासन' में 'पूर्व' का अर्थ आगे की ओर और 'उत्तानासन' का अर्थ यानी खिंचाव वाली मुद्रा होता है।

पूर्वोत्तानासन शरीर के कंधे, भुजाएं और पीठ को मजबूत बनाता है। यह आसन श्वसन प्रणाली में सुधार करता है। आसन को करते समय शरीर के ऊपर उठने से फेफड़ों को अच्छी तरह फैलने का मौका मिलता है। इससे आपके फेफड़े मजबूत होते हैं, और सांस लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होती है। यह आसन थायरॉइड ग्रंथि को भी सक्रिय रखता है और हार्मोन संतुलन बनाए रखता है। पूर्वोत्तानासन तनाव और घबराहट को कम करने में मदद करता है। इस आसन के दौरान जब हम गहरी सांस लेते हैं, तो दिमाग शांत होता है। इससे मन हल्का महसूस करता है और तनाव, घबराहट जैसी परेशानियां कम हो जाती हैं।

पूर्वोत्तानासन में पेट पर थोड़ा दबाव पड़ता है जिससे पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आपके शरीर की चर्बी को कम करने में भी मदद करता है, खासकर पेट के आसपास। वहीं पीठ दर्द और सिरदर्द में भी आराम दिलाता है। इस आसन से पीठ की मांसपेशियां मजबूत होने के कारण कमर दर्द में राहत मिलती है। साथ ही बेहतर ब्लड सर्कुलेशन की वजह से सिरदर्द भी कम होता है। इससे अंगों तक ऑक्सीजन और पोषण अच्छे से पहुंचता है और शरीर स्वस्थ रहता है।




पूर्वोत्तानासन शरीर के लचीलेपन को बढ़ाता है। यह आसन आपके शरीर की मांसपेशियों में स्ट्रेच लाता है जिससे उनमें लचीलापन आता है। पूर्वोत्तानासन से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। आप दिनभर ताजगी महसूस करते हैं और आपका दिमाग भी तेज चलता है।

### अब बात करते हैं, पूर्वोत्तानासन का अभ्यास कैसे करें?

सबसे पहले, सीधे बैठ जाएं, पैर सामने की ओर फैलाएं और कमर को सीधा रखें। यह दंडासन की स्थिति होती है। अब अपने दोनों हाथों को पीछे की तरफ ले जाएं और हथेलियों को जमीन पर टिकाएं। हाथों की उंगलियां पैरों की तरफ होनी चाहिए। अब धीरे-धीरे सांस लें और अपने शरीर को पीछे की ओर झुकाएं। जितना हो सके अपने शरीर को ऊपर उठाएं, लेकिन ध्यान रखें कि आपका शरीर एक सीधी लाइन में रहे। अपने सिर को भी पीछे झुकाएं और तलवों को जमीन पर पूरी तरह से टिकाए रखें। यह स्थिति कुछ सेकंड के लिए बनाए रखें। फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे शरीर को नीचे लाएं और वापस आरामदायक स्थिति में आ जाएं।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एमएंडएम | 2.10 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.94 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.81 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.50 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.78 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटर्नल | 1.58 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.55 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.10 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.87 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.71 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,500 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,11,200 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## टियर 2 व टियर 3 शहरों के उद्यमियों को सशक्त बनाने पर सरकार का जोर : गोयल

### डीपीआईआईटी द्वारा अब तक 1.75 लाख से अधिक स्टार्टअप को दी गई मान्यता

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को लगातार मजबूत किया है। साथ ही, समावेशी प्रयासों और भारत की उद्यमशीलता क्षमता को उजागर करने की प्रतिबद्धता के माध्यम से विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।



स्टार्टअप इंडिया ने भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को बदल दिया व इनोवेशन को बढ़ावा दिया है : पीयूष गोयल

नेशनल स्टार्टअप एडवाइजरी काउंसिल (एनएसएसी) की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को फिर से परिभाषित करने के लिए इनोवेशन को आधार के रूप में रेखांकित किया, जिसमें आरएंडडी और सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त प्रयास एक जीवंत उद्यमशीलता परिदृश्य को पोषित करने और विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। केंद्रीय मंत्री ने डीप-टेक स्टार्टअप्स के साथ उनके अनुभवों और अंतर्दृष्टि को समझने और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए बातचीत की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि चर्चा में फंडिंग तक बेहतर पहुंच, इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट, नियामक सुविधा और वैश्विक बाजार संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया गया। डीप-टेक इकोसिस्टम को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में इनोवेशन को बढ़ावा देने के तरीकों पर बहुमूल्य सुझाव साझा किए गए। इस संवाद ने उभरती टेक्नोलॉजी और उद्यमियों के लिए एक सहायक और भविष्य के लिए तैयार वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### स्किल इंडिया मिशन के तहत 6 करोड़ से ज्यादा लोगों को दिया गया प्रशिक्षण : जयंत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि देश में छह करोड़ से ज्यादा लोगों को स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2015 में शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन ने भारत के युवाओं को देश और विदेश, दोनों जगह पर परिवर्तन की एक शक्ति बना दिया है। उन्होंने बीते 10 साल की इस यात्रा को कौशल का दशक बताया और कहा कि पिछले एक दशक में, कौशल विकास, प्रशिक्षुता, उद्यमिता और पारंपरिक व्यवसायों में समन्वित प्रयासों के माध्यम से एमएसडीई ने 6 करोड़ से अधिक भारतीयों को अपने और देश के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सशक्त बनाया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय कामगार अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री ने इस छिपी हुई क्षमता को पहचाना और स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से इसे राष्ट्रीय दिशा दी।

## सिंगापुर से पैसा भेजना होगा और आसान, 13 नए बैंक रिमिटेंस नेटवर्क से जुड़े

**मुंबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। प्रवासी भारतीयों के लिए सिंगापुर से पैसा भेजना अब और आसान हो जाएगा। राष्ट्रीय भुगतान निगम लिमिटेड (एनपीसीआई) की अंतर्राष्ट्रीय शाखा ने रिमिटेंस नेटवर्क 'यूपीआई-पेनाउ' से 13 और बैंकों को जोड़ा है। एपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि नए बैंकों के माध्यम से सीमा पार भुगतान 17 जुलाई से प्रभावी हो जाएगा।

सिंगापुर से भारत और भारत से सिंगापुर पैसा भेजने के लिए अब लोगों के पास ज्यादा विकल्प होंगे ।जिन बैंकों को रिमिटेंस नेटवर्क से जोड़ा गया है उनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडसइंड बैंक, करूर वैश्य बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, साउथ इंडियन बैंक और यूको बैंक शामिल हैं।

इनके अलावा छह बैंक - एक्सिस बैंक, डीबीएस बैंक इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और भारतीय स्टेट बैंक - पहले से 'यूपीआई-पेनाउ' से जुड़े हैं। इस प्रकार अब प्रवासी भारतीय 19 बैंकों के माध्यम से अपने



■ नए बैंकों के माध्यम से सीमा पार भुगतान आज से प्रभावी हो जाएगा

देश में परिवार के पास पैसे भेज सकते हैं। सिंगापुर से इन 19 बैंकों में से किसी में भी संचालित बैंक खाते में पैसे भेजे जा सकते हैं। साथ ही केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, करूर वैश्य बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और स्टेट बैंक के माध्यम से भारत से सिंगापुर पैसे भेजने की सुविधा उपलब्ध होगी। सिंगापुर में डीबीएस एसजी और लिक्विड ग्रुप के ग्राहक भी इस सेवा का लाभ ले सकेंगे।

'यूपीआई-पेनाउ' सेवा की शुरुआत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और मॉनिटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर की संयुक्त पहल के तहत की गई थी।

## भारतीय फार्मा मार्केट जून में 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय फार्मा मार्केट (आईपीएम) ने इस वर्ष जून में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर दर्ज की। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तुलना में, पिछले वर्ष जून में, आईपीएम में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। मई 2025 में, फार्मा मार्केट में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह नवीनतम वृद्धि रेस्पिरेटरी, कार्डियक, सेंट्रल नर्वस सिस्टम, और पेन थैरेपी जैसे क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई, जिनका प्रदर्शन जून में आईपीएम से बेहतर रहा। मौसमी बदलाव के कारण एक्यूट थैरेपी में वृद्धि जून 2024 के 7 प्रतिशत और मई 2025 के 5 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष जून में 11 प्रतिशत रही।

जून में एंटी-इन्फेक्टिव दवाओं की वार्षिक वृद्धि दर में पिछले महीनों की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 12 महीनों में आईपीएम की वृद्धि में 4.2 प्रतिशत मूल्य वृद्धि, उसके बाद 2.3 प्रतिशत नए लॉन्च वृद्धि और 1.5 प्रतिशत मात्रा वृद्धि का योगदान रहा। इसके अलावा, इंडस्ट्री ने मूविंग एनुअल टर्नओवर के आधार पर वार्षिक वृद्धि दर 8 प्रतिशत दर्ज की।

## चीनी मिलों का राजस्व वित्त वर्ष 2026 में 8 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। सामान्य से बेहतर मानसून के कारण महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की खेती का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में बेहतर उपज की उम्मीदों के साथ, इस वर्ष चीनी उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में इंटीग्रेटेड चीनी मिलों का राजस्व 6-8 प्रतिशत तक बढ़ेगा, जिसे बिक्री की मात्रा में वृद्धि, मजबूत घरेलू चीनी कीमतों और अधिक डिस्टिलरी उत्पादन के साथ-साथ मदद मिलेगी।

इसके बावजूद, अगर इथेनॉल की कीमतें स्थिर रहती हैं तो वित्त वर्ष 2026 में चीनी मिलों के परिचालन लाभ मार्जिन में मामूली वृद्धि होगी। चीनी क्षेत्र



इस वर्ष चीनी उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

के राजस्व में अपेक्षित सुधार, स्थिर लाभप्रदता और आरामदायक ऋण कवरेज मानकों के साथ इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम (ईबीपी) सहित सरकार के नीतिगत समर्थन की वजह से आईसीआरए का इस क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण स्थिर बना हुआ है।

अपेक्षित घरेलू चीनी उत्पादन और कीमतों पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआरए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गिरीशकुमार कदम ने कहा कि आईसीआरए का अनुमान है कि सामान्य से बेहतर मानसून और प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में गन्ने के रकबे और उपज में अपेक्षित सुधार के बीच, चीनी के लिए सकल चीनी उत्पादन वर्ष 2025 के 29.6 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2026 में 34.0 मिलियन टन (एमटी) हो जाएगा।

4 मिलियन मीट्रिक टन इथेनॉल उत्पादन की ओर अनुमानित डायवर्जन के बाद, शुद्ध चीनी उत्पादन 2025 के 26.2 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर 2026 में 30.0 मिलियन मीट्रिक टन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 2026 में इथेनॉल की ओर डायवर्जन में अपेक्षित वृद्धि के बावजूद, क्लोजिंग शुगर स्टॉक कंफर्टेबल रहने की संभावना है।

**सार संक्षेप**

### एसबीआई 25 हजार करोड़ रुपए का क्यूआईपी कर सकता है लांच

**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जल्द 25,000 करोड़ रुपए मूल्य का क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) लॉन्च कर सकता है। यह जानकारी कई मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। रिपोर्ट्स में बताया गया कि क्यूआईपी में निवेशकों को मौजूदा मार्केट प्राइस से 2 से 3 प्रतिशत तक का डिस्काउंट मिल सकता है। मौजूदा समय में एसबीआई का शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 828 रुपए के आसपास कारोबार कर रहा है। बैंक अपेक्षित छूट के साथ आगे बढ़ता है, तो क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट की इश्यू प्राइस इस स्तर से थोड़ा कम हो सकती है। इस क्यूआईपी में लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) सबसे बड़ा एंकर निवेशक हो सकता है।

### एलएटी एयरोस्पेस ने नहीं खरीदा कोई प्राइवेट जेट : दीपिंदर

**नई दिल्ली।** इटरनल (पूर्व में जोमैटो) के सीईओ दीपिंदर गोयल ने बुधवार को उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि उनके द्वारा समर्थित एविएशन स्टार्टअप एलएटी एयरोस्पेस ने बॉम्बार्डियर ग्लोबल जेट खरीदा है। इटरनल के सीईओ दीपिंदर गोयल द्वारा समर्थित एलएटी एयरोस्पेस द्वारा बॉम्बार्डियर प्राइवेट जेट खरीदने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, गोयल ने कहा कि एलएटी एक स्टार्टअप है और उसने कोई प्राइवेट जेट नहीं खरीदा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान क्षेत्रीय विमानन के लिए एयरक्राफ्ट बनाने पर है और हम विमान खरीदने के व्यवसाय में नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि एलएटी क्षेत्रीय विमानन के लिए एयरक्राफ्ट बनाता है और विमान खरीदने के व्यवसाय में नहीं है। उन्होंने हंसते हुए कहा कि मेरे पास भी व्यक्तिगत रूप से कोई विमान नहीं है। हालांकि, एक होना अच्छा होगा।

### रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटा


**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपये में बुधवार को गिरावट देखी गई। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल) के आंकड़ों के अनुसार, रुपये की विनिमय दर बुधवार को 9.5 पैसे टूटकर 85.95 रुपए प्रति डॉलर पर आ गई। मंगलवार को बंद के समय डॉलर-रुपया विनिमय दर 85.8550 थी। हालांकि, दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में गिरावट रही, लेकिन स्थानीय बाजार में डॉलर की माँग निकलने तथा डीलरों की सतर्कता के चलते रुपया दबाव में रहा। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 16.50 पैसे की गिरावट के साथ 86.02 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह नीचे में 86.05 और ऊपर में 85.74 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत होने के बाद अंत में प्रति डॉलर 85.95 पर था। अंतरराष्ट्रीय कोमोडिटी बाजार में एक तरफ कच्चे तेल में लगभग एक प्रतिशत की नरमी रही तो वहीं सोने-चांदी के भाव बढ़ गए। इनका मिलाजुला असर भी रुपए पर देखा गया।

## लिवाली से शेयर बाजार हरे निशान में बंद

- शेयर बाजारों में हल्की तेजी, लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए प्रमुख सूचकांक
- सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर
- निफ्टी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,212.05 अंक पर बंद

**मुंबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में उभार के संकेतके बीच ऑटो, एफएमसीजी, आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। सीमित और सावधानी भरे कारोबार के बीच शुरुआती गिरावट से उबरता कर बीएसई का सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी50 में 0.06 प्रतिशत की हल्की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर यह 25,212.05 अंक पर रहा।

तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की 15 कंपनियां लाल निशान में




बंद हुई। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.10 प्रतिशत की तेजी रही। बुधवार को जारी मजबूत तिमाही आंकड़ों के दमपर टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़े। इटरनल में सबसे ज्यादा 1.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों के लाल निशान में रहने और रुपए में गिरावट के कारण शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक दोपहर तक गिरावट में थे। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी लौटी।

एनएसई के ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में हल्की तेजी रही। निफ्टी-100 में 0.09 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.01 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त दर्ज की गई।

एनएसई में ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, रियलिटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं, हेल्थकेयर, फार्मा और धातु सेक्टर दबाव में रहे।

विदेशों में एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाल निशान में बंद हुये यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई तेजी पर था।

एलकेपी सिक्योरिटीज़ के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने एक बाजार-टिप्पणी में कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 50-दिवसीय सचल औसत (50डीएमए से ऊपर बना हुआ है, जो एक सकारात्मक अल्पकालिक रुझान को दर्शाता है।

## ऊर्जा वार्ता 2025 एनर्जी सेक्टर को देगा बढ़ावा, ग्रीन हाइड्रोजन पर रहेगा ध्यान : पुरी

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि 'ऊर्जा वार्ता 2025' भारत के एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन (ईएंडपी) सेक्टर को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को आयोजित होने वाले ऊर्जा संवाद का दूसरा संस्करण न केवल भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और परिवर्तन लक्ष्यों पर केंद्रित होगा, बल्कि भविष्य के ईंधन-हरित हाइड्रोजन सहित स्वच्छ और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में उभरते नए भारत की एक स्पष्ट तस्वीर भी प्रस्तुत करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने इस आयोजन के प्रति उत्साह व्यक्त किया और कहा कि इनोवेशन, नीतिगत सुधारों और ऊर्जा सुरक्षा पर विचारों और रणनीतियों के आदान-प्रदान के लिए मंच तैयार है।

केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट किया कि ऊर्जा वार्ता हमारे ईएंडपी सेक्टर को गति प्रदान करेगी। इसमें न केवल भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, ऊर्जा परिवर्तन, स्वच्छ एवं हरित ऊर्ज, और भविष्य के ईंधन हरित हाइड्रोजन पर चर्चा होगी, बल्कि इन क्षेत्रों



ऊर्जा सुरक्षा पर विचारों और रणनीतियों के आदान-प्रदान के लिए मंच तैयार है : हरदीप सिंह पुरी

में एक नए और उभरते भारत के दृष्टिकोण को भी प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्यक्रम विभिन्न राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों, शीर्ष सरकारी अधिकारियों और ऑयल एंड गैस सेक्टर के उद्योग जगत के प्रमुखों को एक साथ लाएगा।

चर्चा किए जाने वाले प्रमुख मुद्दों में ईएंडपी एक्टिविटी के लिए नीतिगत समर्थन, ऊर्जा परिवर्तन के रास्ते, हरित हाइड्रोजन विकास और भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने की रणनीतियां शामिल हैं।

## लगातार दूसरे दिन कम हुए सोना-चांदी के दाम

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। सोना और चांदी के दाम लगातार दूसरे दिन कम हो गए हैं। दोनों ही कीमती धातुओं की कीमत में बुधवार के कारोबारी दिन भी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 400 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। वहीं, चांदी की कीमत भी लगभग 800 रुपए कम हो गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 416 रुपए कम होकर 97,500 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,916 रुपए था।

इसी तरह 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 381 रुपए कम होकर 89,310 रुपए हो गया है, जो कि मंगलवार को 89,691 रुपए दर्ज किया गया था। 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम भी 312 रुपए कम होकर 73,125 रुपए हो गया है, जो कि पिछले कारोबारी दिन 73,437 रुपए दर्ज किया गया था। चांदी का दाम 797 रुपए कम होकर 1,11,200 रुपए प्रति किलो हो गया है। वायदा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में तेजी दर्ज की जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.21 प्रतिशत



■ पीली धातु की कीमत 400 रुपए से ज्यादा गिरी

बढ़कर 97,415 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 1,11,805 रुपए थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा रही है। कॉमैक्स पर सोना करीब 0.27 प्रतिशत बढ़कर 3,345.60 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 38.24 डॉलर प्रति औंस पर थी।

कार्स्टन मेन्के के प्रमुख अर्थशास्त्री जूलियस बेयर ने कहा कि गोल्ड कंसोलिडेशन में फंस गया है, जिससे हालिया तेजी को फिर से शुरू करने का कोई संकेत नहीं मिल रहा है

## भारत के त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से अधिक नौकरियों के होंगे अवसर : रिपोर्ट

### पिछले वर्षों की तुलना में इस सीजनल हायरिंग वेव में 23 प्रतिशत अधिक महिलाएं ले रही भाग

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। इस वर्ष भारत के त्योहारी सीजन में 2.16 लाख से ज्यादा सीजनल जॉब्स के अवसर होंगे, जो 2025 की दूसरी छमाही के दौरान जीआईजी और अस्थायी रोजगार में सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इस उछाल को बढ़ावा देने वाले प्रमुख क्षेत्रों में रिटेल, ई-कॉमर्स, बीएफएसआई, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, यात्रा और फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) शामिल हैं।

एचआर सर्विस प्रोवाइडर एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि रक्षा बंधन, बिग बिलियन डेज, प्राइम डे सेल, दशहरा, दिवाली और शादियों के मौसम जैसे प्रमुख आयोजनों को लेकर हायरिंग एक्टिविटी में तेजी आई है। कई कंपनियां मांग से आगे




रहने और सामान्य से ज्यादा मजबूत त्योहारी सीजन के लिए परिचालन तैयारी सुनिश्चित करने के लिए हायरिंग की तैयारी में है।

रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता भावना में सुधार, ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, चुनाव के बाद आर्थिक आशावाद और सीजनल प्रमोशन की वजह से इस वर्ष की नियुक्तियों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे महानगर सीजनल हायरिंग की मांग में अग्रणी बने हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। इसी समय, लखनऊ, जयपुर, कोयंबटूर, नागपुर, भुवनेश्वर, मैसूर और वाराणसी जैसे टियर-2 शहरों में नौकरियों की मांग में 42 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। मुआवजे के स्तर में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। महानगरों में यह 12-15 प्रतिशत और उभरते शहरों में 18-22 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्षों की तुलना में इस सीजनल हायरिंग वेव में 23 प्रतिशत अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं।

एडेको इंडिया के निदेशक और जनरल स्टाफिंग प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष के त्योहारी सीजन में डिमांड कर्व अधिक तीव्र और संरचित दिखाई दे रहा है, और हमने इसे पूरा करने के लिए पहले से ही सक्रिय रूप से तैयारी कर ली है।

# खेल जगत

## लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग जापान ओपन के राउंड-ऑफ-16 में

**टोक्यो।** लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है।सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा। वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा महिला एकल ड्रॉ के पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं।



# 23 जुलाई को होगा मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत–इंग्लैंड का मैच

- भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड के इस मैदान पर साल 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा
- ओल्ड ट्रैफर्ड में कभी टेस्ट नहीं जीता भारत, इंग्लैंड की रही 'बादशाहत'

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की सीरीज में इंग्लैंड फिलहाल 2–1 से आगे हैं। शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट खेलने उतरेगी। लॉर्ड्स में खेले गए रोमांचक टेस्ट में भारत को 22 रनों के करीबी अंतर से शिकस्त झेलनी पड़ी। अब सीरीज में एक बार फिर बराबरी के लिए टीम इंडिया को ओल्ड ट्रैफर्ड में यह मैच हर हाल में जीतना होगा। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड के इस मैदान पर साल 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा। टीम इंडिया ने अब तक यहां कुल नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें एक भी जीत हासिल नहीं की। टीम इंडिया ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सभी मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेले, जिसमें चार मुकाबले गंवाए, जबकि पांच ड्रॉ रहे। भारत ने आखिरी बार अगस्त 2014 में इस मैदान पर





टेस्ट मैच खेला था, जिसमें उसे पारी और 54 रन से हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया करीब 11 साल बाद यहां टेस्ट खेलने उतरेगी। इसका मतलब है कि मौजूदा भारतीय टीम के अधिकांश सदस्यों के लिए मैनचेस्टर में एक नया अनुभव होगा। इंग्लैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 84 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 33 जीते, 15 हारे और 36 मैच ड्रॉ रहे।

### अंतिम दो टेस्ट खेलकर 'एशेज' में जगह पक्की करना चाहते हैं आर्चर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को लॉर्डस टेस्ट में मौका मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई। आर्चर भारत के खिलाफ सीरीज के शेष मुकाबलों में खेलने को उत्सुक हैं। वह खुद को ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशेज सीरीज के लिए 'हकदार' साबित करना चाहते हैं। जोफ्रा आर्चर ने चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए पांच विकेट झटके। लॉर्ड्स में उनके शानदार प्रदर्शन के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी में 2–1 की बढ़त बना ली। हालांकि, इंग्लैंड अभी भी जोफ्रा आर्चर के वर्कलोड को लेकर सतर्क होगा। आर्चर कोहनी की चोट और पीठ की तकलीफ के चलते लंबे वक्त मैदान से दूर रह चुके हैं।



### आईसीसी ने इंग्लैंड पर धीमी गति को लेकर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** लॉर्ड्स टेस्ट में भारत पर मिली रोमांचक 22 रन की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने की कीमत इंग्लैंड को चुकानी पड़ी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वाइंट्स टेबल से इंग्लैंड के दो अंक काट लिए गए हैं। टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बताया कि इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर–रेट अपराधों से संबंधित है। इसके मुताबिक, निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। डब्ल्यूटीसी के प्लेइंग कंडीशंस के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, अगर कोई टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं करती, तो प्रत्येक कम ओवर के लिए एक अंक काटा जाता है, यह कटौती समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद की जाती है।

# टी-20 के बाद वनडे सीरीज फतह की तैयारी में भारतीय महिला टीम

**साउथम्प्टन,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में अपनी ऐतिहासिक टी–20 सीरीज जीत के बाद, अब एक नई चुनौती के लिए तैयार है। इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी–20 सीरीज (3–2 से) जीतने का कारनामा करने के बाद, भारतीय टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा, और अब उनकी निगाहें वनडे प्रारूप में भी अपनी धाक जमाने पर टिकी हैं। साउथम्प्टन के रोज बाउल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें एक मजबूत शुरुआत करना चाहेंगी।

साउथम्प्टन का रोज बाउल मैदान आमतौर पर एक संतुलित पिच प्रदान करता है। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है और उछाल भी समान रहता है। हालांकि, शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और कुछ मूवमेंट मिल सकती है, खासकर यदि मौसम में नमी हो। जैसे–जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर बीच के ओवरों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।



- टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी

कुल मिलाकर, यहां एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है।

भारत हाल ही में शानदार फॉर्म में है। टी–20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसने टीम की गहराई और जुझारूपन को दिखाया। इसके ठीक पहले, भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय वनडे सीरीज में भी विजेता का खिताब अपने नाम किया था, जहां फाइनल में स्मृति मंधाना के शानदार शतक (116 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाया था। सितंबर में होने वाले घरेलू वनडे वर्ल्ड कप से पहले, भारत के पास अपनी टीम संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। इंग्लैंड में शुरू हो रही यह सीरीज टीम की योजनाओं की एक अहम झलक दिखा सकती है। कप्तान हरमनप्रीत कौर इसे एक 'सकारात्मक चुनौती' मानती हैं, जिसका श्रेय वे टीम में बढ़ती गहराई और संतुलन को देती हैं।

वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे भारत के पास हर विभाग में कुछ अहम चयन दुविधाएं हैं। प्रतिका रावल बनाम हरलीन और शेफाली की ओपनिंग जोड़ी के चयन से जुड़े कुछ अहम सवालों का जवाब देना होगा। साथ तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में भी उन्हें सही विकल्पों का चुनाव करना होगा।

वहीं इंग्लैंड की टीम टी20 में मिली हार के बाद वनडे में वापसी करने का भरपूर प्रयास करेगी। इससे पहले इंग्लैंड की टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में बेहतरीन जीत हासिल की थी लेकिन उससे पहले ऑस्ट्रेलिया के विरूद्ध उन्हें करारी हार मिली थी।

# रूट ने फिर हासिल की नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग

**दुबई,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉर्ड्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2–1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर



इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई

वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया। उनके 62 टेस्ट विकेट केवल 16.53 की औसत से आए हैं, उनसे बेहतर औसत से केवल जॉर्ज लोहमैन और सिडनी बार्न्स ने ही टेस्ट विकेट लिए हैं, जो 110 साल से भी पहले खेले थे। इस बीच, मिशेल स्टार्क के अविश्वसनीय प्रदर्शन के बावजूद उनकी रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ (वे 10वें स्थान पर ही बने रहे), हालांकि बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने अपने से ऊपर के नौ गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए 766 रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं और मार्को जेनसन से केवल एक अंक पीछे हैं जो नौवें स्थान पर हैं।

# जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरे करने के करीब



**लंदन,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्द्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाई। उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं – सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025)। लॉर्ड्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई।

जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाए लेकिन भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया

## सार संक्षेप

### जर्मन तैराक वेलब्रॉक ने जीता ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा का खिताब

**सिंगापुर।** फ्लोरियन वेलब्रॉक ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करे हुए विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा का खिताब फिर से अपने नाम कर लिया। आज यहां आयोजित स्पर्धा को जर्मनी के वेलब्रॉक ने इटली के ग्रेगोरियो पाल्ट्रिनिएरी को आखिरी क्षणों में मात देते हुए 1=59=55=50 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह स्पर्धा पानी की खराब गुणवत्ता के कारण स्थगित कर दी गई थी। 3.70 सेकंड पीछे रहे पाल्ट्रिनिएरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के काइल ली ने ओलंपिक रजत पदक विजेता ओलिवर क्लेमेट (2=00=10.3) को सेकंड के समय के साथ पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन हंगरी के क्रिस्टोफ रासोवस्की ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रही और वे 13वें स्थान पर रहे। इस जीत के साथ वेलब्रॉक तीसरी बार 10 किमी ओपन वाटर विश्व खिताब जीतने वाले पहले तैराक बन गए। उन्होंने इससे पहले 2019 और 2023 में सिंगापुर में स्वर्ण पदक जीता था।

### तमिलनाडु : में 'एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप- 2025' का आयोजन

**महाबलीपुरम।** तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 3 से 12 अगस्त तक 'एएसएफ एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप- 2025' का आयोजन होगा। इस चैंपियनशिप में एशिया के सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स हिस्सा लेंगे। इस चैंपियनशिप को तमिलनाडु सरकार, युवा कल्याण एवं खेल विकास विभाग और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) का समर्थन प्राप्त है। चैंपियनशिप में 20 एशियाई देशों के एथलीट एक साथ नजर आएंगे। ओपन पुरुष, ओपन महिला, अंडर-18 लड़के और अंडर-18 लड़कियां वर्ग में प्रतियोगिता होगी। सर्फर्स 2026 एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस वजह से यह प्रतियोगिता और अहम है। प्रतियोगिता में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया, कुवैत, लेबनान, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, फिलीपींस, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, चीनी ताइपे, थाईलैंड, यूएई, उज़्बेकिस्तान भाग ले रहे हैं।

# भारत की अंडर–19 और इंग्लैंड के बीच खेला गया पहला यूथ टेस्ट रहा ड्रॉ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान हम्जा शेख के शतक की बदौलत इंग्लैंड अंडर 19 बेकनहेम में जीत के लिए भारत अंडर 19 द्वारा रखे 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे व अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 270 रन ही बना पाई और पहला यूथ क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे व अंतिम दिन मंगलवार रात ड्रॉ समाप्त हो गया। विहान मल्होत्रा के 63 और निचले क्रम में आरएस अंबरीश के 53 रन की बदौलत पहली पारी में 101 रन की बढ़त हासिल करने वाली भारत अंडर 19 क्रिकेट टीम ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बना कर इंग्लैंड अंडर 19 के सामने जीत के लिए दूसरी पारी में 350 रन कर लक्ष्य रखा। भारत की दूसरी पारी में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची वान ने इंग्लैंड अंडर 19 के लिए 84 रन देकर छह विकेट चटकाए। इंग्लैंड अंडर 19 टीम ने जीत के लिए 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में आर्ची वॉन (3 रन, 10 गेंद), जेडन डेनलू(19 रन, 26 गेंद, दो चौके), रॉकी फ्लिंटॉफ (11 रन, 10 गेंद, दो चौके) के रूप में तीन विकेट मात्र 63 रन पर खो दिए इसके बाद कप्तान हम्जा शेख (112 रन, 140 गेंद, 2 छक्के, 11 चौके) व बेन मेज (51 रन, 82 गेंद, तीन चौके) ने चौथे विकेट के लिए 119 रन जोड़ इंग्लैंड अंडर 19 की जीत की उम्मीद जगाई लेकिन अंबरीश ने विकेटकीपर कुंडू के हाथों मेज को कैच करा इस भागीदारी को तोड़ा।



# आठवें नंबर पर डॉसन इंग्लैंड के निचले क्रम को मजबूत बना सकते हैं : नासिर हुसैन

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन के अनुसार लियाम डॉसन को भारत के खिलाफ आठवें नंबर पर उतारने से मेजबान टीम के निचले मध्य क्रम को मजबूत बनाया जा सकता है। दोनों देशों के बीच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट मैच की शुरुआत होने जा रही है। 35 वर्षीय लेफ्ट आर्म स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर लियाम डॉसन ने आखिरी बार जुलाई 2017 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था। शोएब बशीर के लॉर्ड्स में चोटिल होने के बाद टीम में उनकी वापसी हुई है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट को 22 रनों से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2–1 से बढ़त बना ली है। हुसैन ने बुधवार को 'डेली मेल' के लिए अपने कॉलम में लिखा, शोएब बशीर के लिए दुख हो रहा है, लेकिन खेल की यही प्रकृति है। एक खिलाड़ी की चोट, दूसरे खिलाड़ी के लिए रास्ता खोल देती है। डॉसन के पास साबित करने का मौका है कि वह न सिर्फ गेंद, बल्कि अपने हरफनमौला खेल से भी कितने बेहतरीन खिलाड़ी हैं। नासिर हुसैन ने कहा कि अगर डॉसन नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो यह एक बेहद मजबूत निचले क्रम की शुरुआत हो सकती है। नंबर 9 पर टेस्ट शतक जमा चुके गस एटकिन्सन और नंबर 10 पर लॉर्ड्स में शानदार बल्लेबाजी करने वाले ब्राइडन कार्स की उपस्थिति इसे और मजबूत बनाती है।

# दिग्वेश राठी : वह 'मिस्ट्री स्पिनर', जो जल्द दे सकता है टीम इंडिया में दस्तक

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। दिग्वेश सिंह एक 'मिस्ट्री स्पिनर' हैं, जो गेंद फेंकने से पहले उसे छिपाकर रखते हैं, ताकि बल्लेबाज उसे पढ़ न सके। दिल्ली में 15 दिसंबर 1999 को जन्मा यह गेंदबाज दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) की खोज माना जाता है। साल 2024 में दिग्वेश ने डीपीएल के पहले ही सीजन अपनी चमक बिखेरते हुए 7.82 की इकॉनमी के साथ 14 शिकार किए। यही वजह रही कि इंडियन प्रीमियर लीग–2025 (आईपीएल) के लिए नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 30 लाख रुपये के बेस प्राइज पर अपने साथ जोड़ा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी–2025 में दिग्वेश राठी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 मुकाबलों में 2.71 की इकॉनमी के साथ तीन विकेट अपने नाम किए। वह दो से ज्यादा मुकाबले खेलते हुए सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी वाले गेंदबाज रहे। यूं तो, दिग्वेश एक बल्लेबाज बनना चाहते थे, लेकिन नेट्स पर प्रैक्टिस की कमी के चलते उन्हें गेंदबाजी चुननी पड़ी। दिग्वेश वेस्टइंडीज के क्रिकेटर सुनील नरेन के फैन हैं। यही वजह है कि दिग्वेश का गेंदबाज एक्शन भी इसी खिलाड़ी से मेल खाता है। क्रिकेट में दिग्वेश राठी का कोई 'गॉडफादर' नहीं था। 2018–19 सत्र में उन्हें दिल्ली अंडर–23 टीम के लिए चुना तो गया, लेकिन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। अगले सीजन में उन्हें बाहर ही कर दिया गया। 2022–23 सीजन तक राठी क्रिकेट से गुमनाम ही हो गए थे। इसी बीच बीसीसीआई ने अंडर–23 प्रतियोगिता को अंडर–25 में बदला और राठी ने दिल्ली के लिए लाल और सफेद गेंदों के फॉर्मेट में 10 मैच खेले। डीपीएल में सफलता के बाद राठी ने अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली टी20 मैच खेलते हुए खुद को साबित कर दिखाया। दिग्वेश राठी ने आईपीएल–2025 में लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से 13 मैच खेले, जिसमें 8.25 की इकॉनमी के साथ 14 शिकार किए।




- दिग्वेश एक बल्लेबाज बनना चाहते थे, लेकिन नेट्स पर प्रैक्टिस की कमी के चलते उन्हें गेंदबाजी चुननी पड़ी

# ऑस्ट्रेलिया से मिली शर्मनाक हार के बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट में हड़कंप

**नई दिल्ली,** 15 जुलाई (एजेंसियां)। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3–0 से मिली हार के बाद दिग्गज खिलाड़ियों ब्रायन लारा, क्लाइव लॉयड और विव रिचर्ड्स को एक आपात बैठक में भाग लेने के लिए बुलाया है। तीनों दिग्गज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के बेहद शर्मनाक और निराशाजनक प्रदर्शन का आकलन करने और क्रिकेट रणनीति समिति में शिवनारायण चंद्रपॉल, डेसमंड हेन्स और इयान ब्रैडशॉ जैसे दिग्गजों के साथ शामिल होंगे।

किंग्स्टन में खेले गए आखिरी टेस्ट की चौथी पारी में वेस्टइंडीज 14.3 ओवर में महज 27 रन पर सिमट गई

तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के हर टेस्ट में वेस्टइंडीज को तीन दिन के अंदर हार मिली। किंग्स्टन में खेले गए आखिरी टेस्ट की चौथी पारी में वेस्टइंडीज 14.3 ओवर में महज 27 रन पर सिमट गई, जो टेस्ट क्रिकेट में उसका न्यूनतम और



इतिहास का दूसरा न्यूनतम स्कोर है। न्यूनतम स्कोर का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम है। 1955 में न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ 26 रन पर सिमटी थी। शर्मनाक हार के बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज के अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने स्वीकार किया कि हालिया हार से वेस्टइंडीज क्रिकेट समुदाय में 'रातों की नींद हराम' हो जाएगी। उन्होंने धैर्य रखने का आग्रह किया और पुनर्निर्माण और अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों में निवेश शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर वेस्टइंडीज क्रिकेट प्रशंसक की तरह, मुझे भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टेस्ट हार का दर्द महसूस हुआ। हममें से कई लोगों के लिए, जिनमें खिलाड़ी भी शामिल हैं, अगली कुछ रातें नींद से भरी नहीं होंगी। निराशा स्वाभाविक है, लेकिन हमें इस पल को अपनी यात्रा का आधार नहीं बनने देना चाहिए। हम पुनर्निर्माण के दौर में हैं, अगली पीढ़ी में लगातार निवेश कर रहे हैं और उस भावना को फिर से जगा रहे हैं, जिसने लंबे समय से वेस्टइंडीज क्रिकेट को दुनिया में एक ताकत बनाया है। शालो ने कहा कि प्रगति कभी भी सीधी नहीं होती। इसमें समय, दृढ़ता और विश्वास की आवश्यकता होती है, खासकर हमारे सबसे कठिन क्षणों में। आगे का रास्ता हमारी परीक्षा लेगा, लेकिन मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और प्रतिबद्धता पर पूरा भरोसा है। हमने गेंद के साथ उत्साहजनक संकेत देखे हैं। हमारे बल्लेबाजों को अधिक सचेत रहना होगा, क्योंकि वे सुधार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लारा, रिचर्ड्स और लॉयड वेस्टइंडीज क्रिकेट के विकास के अगले चरण को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# जितेश शर्मा अगला घरेलू सत्र विदर्भ की जगह बड़ौदा से खेलेंगे

**नई दिल्ली,** 16 जुलाई (एजेंसियां)। विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024–25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया। क्रुणाल पांड्या इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत के दौरान उनके साथी खिलाड़ी थे। इस बदलाव से जितेश को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की करने का एक नया मौका मिल सकता है।



2015–16 में पदार्पण करने के बाद से, जितेश पिछले दस सत्रों में केवल 18 प्रथम श्रेणी मैचों में ही खेल पाए हैं। उनका औसत 24.48 का है, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे हालिया प्रथम श्रेणी मैच लगभग 18 महीने पहले खेला गया था। लाल गेंद वाले क्रिकेट में सीमित मैच खेलने के बावजूद, जितेश ने पिछले कुछ वर्षों में छोटे प्रारूपों में अपनी छाप छोड़ी है। 2023 में पंजाब किंग्स के लिए खेलने के बाद, जितेश ने उसी साल अक्टूबर में एशियाई खेलों के दौरान भारत के लिए टी20 में पदार्पण किया।